WWW.NAVPRADESH.COM

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

दैनिक

नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, सोमवार, 8 जुलाई 2024 वर्ष-13 अंक- 138 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

इसे ही कहते हैं मारो घुटना फूटे आंख। भारत में पीएम मोदी ने लोकसभा चुनाव में अब की बार 400 पार का नारा दिया था। एनडीए तो चार सौ पार करने में असफल रह गया। इस नारे को इंग्लैंड की लेबर पार्टी ने सार्थक सिद्ध कर दिखाया। उसने चार सौ से ज्यादा सीटें हासिल कर नया कीर्तिमान रच दिया। ऋषि सुनक की पार्टी बड़ी मुश्किल से शतक लगा पाई लेकिन उन्होंने हार मान ली। भारत में 99 पर आउट होने वाली पार्टी अभी भी खुद को जीता हुआ समझ रही है। इसे अब क्या कहा जाए जिसकी जैसी सोच।

चीन से 25 दिन बाद आया इंजीनियर का शव

आगरा। चीन में विगत 12 जून को हार्ट अटैक से मरे मर्चेंट नेवी इंजीनियर अनिल कुमार श्रीवास्तव का पार्थिव शरीर तमाम कागजी औपचारिकताओं के 25 दिन बाद रविवार की दोपहर यहां उनके घर पर लाया गया। पोस्टमार्टम के बाद शाम करीब पांच बजे शाहगंज मल्ल का चबूतरा के निकट स्थित श्मशान स्थल पर शोकाकुल वातावरण में उनके अंतिम संस्कार की प्रक्रिया शुरू हुई। इससे पूर्व दिल्ली एयरपोर्ट से एंबुलेंस उनके शव को लेकर चाणक्यपुरी शाहगंज स्थित साईंधाम रेजीडेंसी निवास पर पहुंची। परिजनों को एंबुलेंस का दरवाजा खोलकर पार्थिव देह का ताबूत दिखाया गया और फिर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिवार को सौंप दिया गया।

कुलगाम में छह आतंकियों का सफाया

जम्मू कश्मीर। कुलगाम में अबतक छह आतंकी मारे जा चुके हैं। हालांकि इन दोनों ऑपरेशन के दौरान जवान बलिदान हुए हैं। उधर, जम्मू संभाग के जिला राजोरी में संदिग्ध रूप से चली गोली में एक जवान घायल हुआ है। दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले में दो अलग-अलग जगहों पर सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। ताजा जानकारी के अनुसार, सुरक्षबलों ने दो आतंकियों को ढेर कर दिया है। इससे पहले शनिवार को चार आतंकी मार गिराए गए। ऐसे में कुलगाम में अबतक छह आतंकी मारे जा चुके हैं। हालांकि इन दोनों ऑपरेशन के दौरान जवान बलिदान हुए।

खड़ी ट्रक से जा टकराई कार, दो की मौत

जयपुर, (वार्ता)। राजस्थान में अजमेर जिले के किशनगढ़ में बांदरसिंदरी थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को एक कार सड़क के किनारे खड़े ट्रक में घुस गई, जिसमें एक मासूम बालिका एवं उसके पिता की मौत हो गई तथा सात लोग घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार ईको कार में अजमेर निवासी कार सहित नौ लोग सवार थे, जो खाटूश्यामजी दर्शन कर लौट रहे थे। बांदरसिंदरी थाना क्षेत्र के पाटन गांव में तेज रफ्तार कार हाईवे पर किनारे खड़े ट्रक में घुस गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के परखच्चे उड़ गए। हादसे में रवि सिन्धी (35) और उसकी डेढ़ साल की बेटी प्राक्षी की मौत हो गई। जबकि रवि की पत्नी पूनम (34), बड़ी बेटी साक्षी (9), रवि की मां पुष्पा (58), पहाडगंज अजमेर निवासी मुकेश (38), मुकेश की पत्नी भूमिका (37), मुकेश की बेटी रवीना (14) और कार ड्राइवर जितेन्द (32) गंभीर रूप से घायल हो गए।

अपराधियों के साथ होटल में बैठने पर दो दरोगा निलंबित

मथुरा। उत्तर प्रदेश में मथुरा जिले की एक पुलिस चौकी के प्रभारी समेत दो पुलिस सब इन्सपेक्टर को दो बदमाशों के साथ होटल में एक ही मेज पर बैठने के आरोप में तात्कालिक प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेष कुमार पाण्डे ने बताया कि इसकी जांच भी कराई जाएगी। जहां सब इन्सपेक्टर अनुज तिवारी गोवर्धन थाना क्षेत्र के अन्तर्गत पुलिस चौकी का अब तक प्रभारी था वहीं सब इन्सपेक्टर सुरेन्द्र सिंह यादव अब तक गोवर्धन थाना क्षेत्र में तैनात था। दोनो पुलिसकर्मियों के टाप टेन साइबर अपराधी शाहिद एवं शाकिर के साथ होटल में बैठने का वीडियो वायरल होने के बाद ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने दोनों को निलंबित किया है। दोनो ही अपराधी गोवर्धन पुलिस स्टेशन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दौसेरस के निवासी हैं।

भूमि विवाद में अपना दल (एस) नेता की गोली मारकर हत्या

प्रयागराज। उत्तर प्रदेश में प्रयागराज के सोरांव क्षेत्र में भूमि विवाद को लेकर रविवार की सुबह अपना दल (एस) के नेता की गोली मारकर हत्या कर दी गयी। पुलिस उपायुक्त (गंगापार) अभिषेक भारती ने बताया कि सोरांव थाना क्षेत्र के अचकवापुर अब्दालपुर खास गांव निवासी इंद्रजीत पटेल उर्फ मोनू पटेल (29) की उन्हीं के पड़ोसी सर्वेश पटेल से लंबे समय से जमीन का विवाद चल रहा था।

सीएम साय ने की छेरापहरा की रस्म, बोले-जय जगन्नाथ

रायपुर के मंदिर से निकली रथ यात्रा, जांजगीर-चांपा में महंत रामसुंदर दास ने की पूजा

जगन्नाथ यात्रा के मौके पर दूरी हटरी में मेले का आयोजन

राज्यपाल के हाथों में थी सोने की झाड़ू

रायपुर/नवप्रदेश। आज देशभर में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकली गई। रायपुर के गायत्री नगर स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आरती और पूजन की। उनके साथ कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम और सांसद बृजमोहन अग्रवाल भी रहे। इसके बाद रायपुर के प्रमुख मंदिरों से रथ यात्रा निकालनी शुरू हो गई। इस दौरान सीएम साय ने कहा कि यह पर्व ओडिशा के लिए जितना बड़ा उत्सव है, उतना ही छत्तीसगढ़ के लिए भी है।

महाप्रभु जगन्नाथ की जितनी कृपा ओडिशा पर रही है, उतनी ही कृपा छत्तीसगढ़ पर रही है। मैं भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना करता हूं कि इस साल भी छत्तीसगढ़ में भरपूर फसल हो। रायपुर के गायत्री नगर में ओडिशा से शेष पृष्ठ 6 पर

भव्य रथयात्रा के लिए पुरी में लाखों श्रद्धालु उमड़े

पुरी। ओडिशा की इस तीर्थ नगरी पुरी के जगन्नाथ मंदिर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच भगवान जगन्नाथ और उनके भाई-बहन भगवान बलवद्र और देवी सुभद्रा की विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा देखने के लिए देश भर से लाखों श्रद्धालु उमड़ पड़े। बारहवीं शताब्दी के मंदिर और तीन किलोमीटर लंबी भव्य सड़क के चारों ओर जय जगन्नाथ, 'हरोबोल के नारे और झांझ की ध्वनि गूंज उठी। मंदिर के सेवकों-दैतापतियों द्वारा अपने-अपने रथों को मंदिर के गर्भगृह से जोड़कर देवताओं को रत्न सिंहासन से बाहर निकाले जाने के शेष पृष्ठ 6 पर

बलभद्र रथ को खींचने के दौरान भगदड़, एक की मौत

पुरी। पुरी रथ यात्रा के दौरान एक अघटन की खबर सामने आयी है। प्रभु बलभद्र जी के रथ खींचे जाने के दौरान अचानक भगदड़ की स्थिति बन गई, जिससे 400 से अधिक श्रद्धालु नीचे गिर गए। इस दौरान एक श्रद्धालु की मृत्यु हो गई है। सभी घायल श्रद्धालुओं को अस्पताल में भर्ती किया गया है।

इसमें 50 से अधिक भक्तों को प्राथमिक इलाज के बाद छोड़ दिया गया है, जबकि अन्य घायल श्रद्धालुओं का इलाज चल रहा है। श्रद्धालु भक्त ओडिशा के बाहर की होने की खबर सामने आ रही है। हालांकि, मृतक भक्त का परिचय नहीं मिल पाया है।

उत्तराखंड में लैंडस्लाइड

असम में 58 और यूपी में 13 की मौत, चारधाम यात्रा रोकी गई

नई दिल्ली/एजेंसी। उत्तराखंड के गढ़वाल डिवीजन में भारी बारिश के चलते आज चार धाम यात्रा रोक दी गई है। बद्रीनाथ-विष्णु प्रयाग नेशनल हाईवे के पास लैंडस्लाइड के कारण सड़क ब्लॉक हो गई है। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतारें लगी हैं।

असम के 29 जिलों में बारिश और बाढ़ की वजह से 23 लाख लोग प्रभावित हुए हैं। अब तक 58 लोगों की मौत हुई है। 27 जिलों में 577 रिलीफ कैंप बनाए गए हैं। इसमें 5 लाख से ज्यादा लोग रह रहे हैं। काजीरंगा नेशनल पार्क में भी 15 लाख से ज्यादा जानवर प्रभावित हुए हैं। 6 गैंडो समेत 114 जानवरों की मौत हो चुकी है।

उत्तर प्रदेश में बीते 24 घंटे में बारिश से संबंधित घटनाओं में 13 लोगों की मौत हो गई है। रिलीफ डिपार्टमेंट के मुताबिक दो लोगों की मौत बिजली गिरने से, एक व्यक्ति की मौत शेष पृष्ठ 6 पर

भारी बारिश के बाद मुंबई लोकल ट्रेन सस्पेंड

मुंबई से सटे महाराष्ट्र के ठाणे जिले में रविवार सुबह लोकल ट्रेन सर्विस सस्पेंड कर दी गईं। अधिकारियों के अनुसार, कसारा और टिटवाला स्टेशनों के बीच ट्रेन सेवाएं प्रभावित हुई हैं। रेलवे अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब 6:30 बजे व्यस्त कल्याण-कसारा रूट पर भारी बारिश के कारण अटगांव और थानसित स्टेशनों के बीच मिट्टी जमने के कारण पटरियों को असुरक्षित घोषित कर दिया गया। इसके साथ ही वाशिंद स्टेशन के पास एक पेड़ भी गिर गया।

शिवसेना नेता के बेटे ने बीएमडब्ल्यू से महिला को ठोकर मारा, 100 मीटर घसीटा, मौत

मुंबई/एजेंसी। महाराष्ट्र के पुणे में चर्चित पोर्श एक्सीडेंट केस के बाद अब मुंबई में हिट एंड रन की घटना सामने आई। मुंबई के वर्ली में रविवार 7 जुलाई की सुबह एक तेज रफ्तार क्चरूङ्ख ने स्कूटी सवार दंपति को टक्कर मार दी। आरोपी ने मौके से भागने के दौरान 45 साल की महिला को कार से 100 मीटर तक घसीटा, जिससे उनकी मौत हो गई। पति घायल है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, कार मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की पार्टी शिवसेना के नेता राजेश शाह का 24 साल का बेटा मिहिर शाह चला रहा था। उसके साथ ड्राइवर भी था।

घटना के बाद से मिहिर फरार है। पुलिस ने राजेश शाह और ड्राइवर को हिरासत में लिया है। कार भी जप्त कर ली है। पुलिस ने बताया कि वर्ली के कोलीवाड़ा इलाके में रहने वाले प्रदीप नखवा और उनकी पत्नी कावेरी शेष पृष्ठ 6 पर

सरकार ने लोको पायलटों के जीवन की रेल को पटरी से उतार दिया : राहुल

लोको पायलटों से मुलाकात का वीडियो ट्विटर हैंडल पर जारी किया

नई दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा है कि मोदी सरकार ने लोको पायलटों के जीवन की रेल को पटरी से उतार दिया है और उनके जीवन को बहुत कठिन बना दिया है इसलिए वह इस मुद्दे को संसद में उठाएंगे।

सांसद गांधी दो दिन पहले नयी दिल्ली रेलवे स्टेशन पर लोको पायलटों से मिले थे और उन्होंने उनकी समस्याएं सुनी। इस दौरान लोको पायलेट्स ने उन्हें अपनी दिक्कतें बताई और कहा कि उनका जीवन बहुत कठिन हो गया है। उनसे बहुत ज्यादा काम लिया जाता है, छुट्टी नहीं दी जाती है और उन्हें पर्याप्त आराम नहीं मिलता जो रेल दुर्घटनाओं की भी एक वजह है।

हाथरस के पीड़ितों को लेकर राहुल ने लिखा योगी को पत्र

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हाथरस भगदड़ के पीडितों की पीड़ा को लेकर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर आर्थिक सहायता बढ़ाकर उनकी जल्द से जल्द मदद करने का आग्रह किया है और घटना के लिए स्थानीय प्रशासन को जिम्मेदार ठहराते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। सांसद गांधी ने लिखा कि उन्होंने भगदड़ हादसे से प्रभावित पीडित परिवारों से मिलकर उनका दुख शेष पृष्ठ 6 पर

राजधानी के होटल में मिला प्रेमी युगल का शव

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में एक प्रेमी युगल की दर्दनाक मौत होने की खबर है। यहां जेल रोड स्थित बेबीलोन होटल के कमरे में रविवार को 25-26 साल की लड़की का शव बरामद किया गया है। वहीं दूसरी ओर जीआरपी को सुबह करीब छह बजे एक युवक का भी डब्ल्यूआरएस कॉलोनी के पास पटरी पर युवक का शव मिला है। युवक का सिर धड़ से अलग है।

युवक की पहचान अंबिकापुर निवासी विशाल कुमार गर्ग के रूप में हुई है। दोनों मृतकों के तार जुड़ते जा रहे हैं जो कि प्रेम शेष पृष्ठ 6 पर

प्रेम संबंध का मामला

विशाल और वाणी का आपस में प्रेम संबंध था। वाणी का परिवार अंबिकापुर में रहता है। उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट परिजनों ने दर्ज कराई थी। इसके बाद से पुलिस उसकी तलाश कर रही थी। लोकेशन ट्रेस कर पुलिस रविवार को होटल पहुंची तो चौथी मंजिल पर स्थित कमरा नंबर 416 में उसकी लाश मिली।

आत्मसमर्पण कर लौटे साथी की बस्तर में नक्सलियों ने की हत्या

सुकमा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बस्तर के सुकमा में नक्सलियों ने इस बार अपने ही एक पूर्व साथी नक्सली को मौत के घाट उतार दिया है। बताया जाता है कि शनिवार को देर रात पूर्व नक्सली बारसे मासा को नक्सलियों ने धारदार हथियार से हमला करके जान ले ली। विशाखापटनम में अपनी पत्नी समेत सरेंडर करने के बाद वह वापस सुकमा लौटा था। इस बीच नक्सली संगठन पीएलजीए ने हत्या की जिम्मेदारी ली है।

माओवादियों ने जिस साथी नक्सली की हत्या की हैं वह कोई और नहीं बल्कि आंध्र प्रदेश पुलिस के सामने आत्मसमर्पण कर चुका बारसे मासा है। जानकारी के मुताबिक किस्टाराम एरिया कमेटी के सदस्य बारसे मासा पर चार लाख रुपए की इनाम घोषित था। वह करीब तीन मुठभेड़ों में शामिल रह चुका था। उस पर कई थानों में मामले भी दर्ज थे। इसी साल के अप्रैल में बारसे मासा के साथ छत्तीसगढ़ के बस्तर में सक्रिय छह शेष पृष्ठ 6 पर

मोदी के रैली स्थल के पास पानी छोड़ने की घटना पर श्वेत पत्र जारी हो : सूद

होशियारपुर। पंजाब के पूर्व मंत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता तीक्षण सूद ने रविवार को मांग की कि लोकसभा चुनाव के दौरान 30 मई को होशियारपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रैली स्थल के निकट कंडी नहर से स्थानीय मौसमी नदी में पानी छोडऩे की घटना पर प्रदेश सरकार को श्वेत पत्र जारी करना चाहिए।

श्री सूद ने यहाँ जारी बयान में आरोप लगाया कि उक्त घटना रैली को बाधित करने का जानबूझ कर किया गया प्रयास थी जिसमें प्रदेश सरकार की संलिप्तता की जांच की जानी चाहिए। सूद ने कहा कि व्यापक बंदोबस्त और सुरक्षा उपायों के बावजूद सुबह छह से सात बजे के बीच नहर का पानी छोड़ा गया। पानी हेलीपैड तक पहुंचा जो रैली स्थल के निकट बनाया गया था और जहां पर प्रधानमंत्री को उतारने वाले थे।

गरमा - गरम

नई योजना.. घोषणा की कि सरकारी स्कूलों में अब हर साल होंगे ग्रीष्मकालीन शिविर, विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए बनेगा आवासीय विद्यालय

स्थानीय भाषाओं में प्रारंभिक शिक्षा के महत्व पर सीएम साय ने दिया जोर

रायपुर /नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का शुभारंभ राजधानी रायपुर के बजाय राज्य के सुदूर सीमावर्ती जशपुर जिले के आदिवासी बहुल गांव बगिया से करके न सिर्फ वर्षो से चली आ रही परंपरा को बदला है बल्कि इसके माध्यम से उन्होंने राज्य के सुदूर कोने तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस मौके पर बगिया और बंदरचुआ के स्कूल को मॉडल स्कूल बनाने तथा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए एक आवासीय विद्यालय बनाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने इस मौक पर एक पेड़ मां के नाम रोपित कर राज्यव्यापी वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत की और लोगों से पौध रोपण के इस महायज्ञ में सहभागी बनने की भी अपील की। राज्य स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य में बालिका शिक्षा का बढ़ावा देने का संदेश दिया और स्कूली बालिकाओं को साइकिल प्रदान करके यह सुनिश्चित किया कि बालिकाओं को स्कूल आने जाने में किसी भी तरह का व्यवधान न आए और आगे की शिक्षा हासिल कर सकें।

मुख्यमंत्री साय ने जशपुर सरकारी स्कूल की अटल टिंकरिंग लैब्स में से एक में रोबोटिक्स मॉडल विकसित करने वाले छात्र से बातचीत की। उन्होंने इस सुदूरवर्ती जिले में किये गये व्यावसायिक शिक्षा कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ी के लिए कौशल और व्यावसायिक शिक्षा जरूरी है। इस मौके पर वह स्वयं छात्रों के साथ मिट्टी के बर्तन बनाकर यह संदेश भी दिया कि बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक शिक्षा भी दी जानी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने नई शिक्षा नीति की परिकल्पना के अनुसार स्थानीय भाषाओं में प्रारंभिक शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इस क्षेत्र में बोली जाने वाली सदरी बोली भाषा में भी पाठ्य पुस्तकें तैयार करने की बात कहीं। अब तक 18 स्थानीय शेष पृष्ठ 6 पर

छात्रों के किए कार्य को देखकर प्रसन्नता जताई

मुख्यमंत्री ने समर कैंप के दौरान छात्रों द्वारा किए गए कार्य को देखकर प्रसन्नता जताई और सरकारी स्कूलों में हर साल ग्रीष्मकालीन शिविर आयोजित किए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि 10वीं और 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए राज्य सरकार इस साल से दो बोर्ड परीक्षाएं आयोजित होंगी। उन्होंने कहा कि पीएमश्री के तहत राज्य में प्रथम चरण में 211 स्कूलों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने भी बच्चों को शिक्षा-दीक्षा में माता-पिता की भूमिका का उल्लेख किया। उन्होंने बच्चों को शिक्षा के लिए कई उपयोगी टिप्स दिए और कहा कि बच्चों को मोबाइल का उपयोग सिर्फ शिक्षा, ज्ञान और जीवनोपयोगी जानकारी हासिल करने के लिए करना चाहिए।

आम बजट : इंफ्रास्ट्रक्चर विकास जारी रखे सरकार

■ ढांचागत सुधारों पर हो जोर, इंडस्ट्रीज की मांग

नई दिल्ली। भारत सरकार चालू वित्त वर्ष के लिए आम बजट 23 जुलाई को संसद में पेश करेगी। इस बजट से इंडस्ट्री को काफी उम्मीदें हैं। इंडस्ट्री लीडर्स का मानना है कि आर्थिक वृद्धि जारी रखने के लिए ढांचागत सुधारों को जारी रखना होगा। इसके साथ ही इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास भी करना होगा, जिससे भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सके।

इंडस्ट्री चैंबर्स के मुताबिक, सरकार को बजट में ढांचागत सुधारों, स्ट्रैटेजिक इन्फ्रास्ट्रक्चर, केंद्रीय सेक्टरोल इंसेंटिव और तर्कसंगत कर प्रणाली को प्राथमिकता देनी चाहिए। इसके जरिए भारत मौजूदा चुनौतियों का सामना कर सकता है और मजबूती से आगे बढ़ने के साथ लंबे समय में एक प्रतिस्पर्धी अर्थव्यवस्था बना रह सकता है। एसोचैम ने सुझाव दिया है कि परिवहन, एनर्जी, पानी की आपूर्ति और डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप (पीपीपी) के लिए निवेश को बढ़ाया जाए। इससे कनेक्टिविटी बढ़ेगी, उत्पादकता में इजाफा होगा और साथ ही प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाने में मदद मिलेगी।

पर्यावरण को लेकर बढ़ती चुनौतियों पर सुझाव देते हुए देश के अग्रणी चैंबर ऑफ कॉमर्स ने कहा कि सरकार को क्लीन टेक्नोलॉजी और रिन्यूएबल एनर्जी सोर्स आदि को कृषि, मैन्युफैक्चरिंग और परिवहन में प्रमोट करने के लिए नई नीतियां और इंसेंटिव लाने चाहिए। इंडस्ट्री से जुड़े लोगों ने कहा कि सरकार को नियमों को आसान बनाना चाहिए। साथ ही अनुमति और परमिट देने में तेजी लानी चाहिए। साथ ही निवेश आकर्षित करने और परिचालन को तेज बनाने के लिए डिजिटाइजेशन का फायदा उठाना चाहिए। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 23 जुलाई को बजट पेश करेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से पहले ही ऐलान किया जा चुका है कि अगले पांच वर्ष गरीबी के खिलाफ काफी अहम होंगे।

भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने सरकार से व्यापार करने की लागत को कम करने के लिए भूमि पर स्टांप शुल्क को तर्कसंगत बनाने और बिजली दरों पर क्रॉस-सब्सिडी को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने का अनुरोध किया है। साथ ही सीआईआई ने यह भी सुझाव दिया है कि कोयला मूल्य निर्धारण, आवंटन और परिवहन के लिए कैप्टिव पावर प्लांट (सीपीपीएस) को बिजली क्षेत्र के बराबर लाया जाना चाहिए। सरकार को नेशनल लॉजिस्टिक पॉलिसी के तहत पेपरलेस लॉजिस्टिक्स के लिए डिजिटाइजेशन जारी रखना चाहिए।

इससे समय की बचत होगी और लागत में कमी आएगी। सीआईआई ने आगे कहा कि सरकार को कॉरपोरेट टैक्स को चालू दर पर रखना चाहिए, जिससे व्यापारी टैक्स को लेकर निश्चिंत रहे। साथ ही जोर देते हुए कहा कि पूंजीगत कर ढांचे को तर्कसंगत बनाया जाना चाहिए।

अमरोहा में बेटी के लव मैरिज से नाराज पिता ने की फायरिंग प्रेमी के पिता की मौत

अमरोहा। उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में बेटी के लव मैरिज से नाराज पिता ने उसके ससुराल में ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली लगने से प्रेमी के पिता विजेंद्र सैनी की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया। लड़की का पिता दिनेश चौहान सुलह समझौते के लिए प्रेमी के घर पहुंचा था और वारदात को अंजाम दिया। फायरिंग के बाद इलाके में दहशत फैल गई। इस घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। यह घटना जिले में मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के गांव मलकपुर की है। गोली लगने से घायल हुए छत्रपाल की हालत भी नाजुक बताई जा रही है। मलकपुर के रहने वाले अर्जुन सैनी ने करीब दो महीने पहले मुजफ्फरनगर जिले के राजाराम गांव की निवासी लड़की से कोर्ट मैरिज की थी। लड़की के परिजन इस गैर जाति शादी से नाराज चल रहे थे। लड़की चौहान और लड़का सैनी जाति से है। इस बात को लेकर ही लड़की के परिजन नाराज चल रहे थे। शनिवार को लड़की के परिजन शाम लगभग 8-45 बजे अपनी बेटी (वंदना) के प्रेमी अर्जुन के घर पहुंचे।

सुप्रीम कोर्ट में नीट-यूजी परीक्षा से संबंधित याचिकाओं पर आज होगी सुनवाई

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट सोमवार (8 जुलाई) को नीट-यूजी परीक्षा को रद्द करने समेत उससे जुड़ी याचिकाओं पर सुनवाई करेगा। सुप्रीम कोर्ट की वेबसाइट पर प्रकाशित कॉज लिस्ट के अनुसार, सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली बेंच सोमवार को मामले की सुनवाई करेगी। केंद्र ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में दायर हलफनामे में नीट-यूजी परीक्षा रद्द करने का विरोध किया था। साथ ही कहा था कि पूरी परीक्षा रद्द करने से उन लाखों ईमानदार स्टूडेंट को नुकसान होगा, जिन्होंने इस वर्ष 5 मई को आयोजित परीक्षा में हिस्सा लिया था।

केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से दायर हलफनामे में कहा गया, अखिल भारतीय परीक्षा में किसी बड़ी गड़बड़ी के सबूत के अभाव में पूरी परीक्षा और पहले से घोषित परिणाम को रद्द करना तर्कसंगत नहीं होगा। बड़ी संख्या में छात्रों के हितों को भी खतरे में नहीं डाला जाना चाहिए, जिन्होंने बिना किसी कथित अनुचित साधन को अपनाए परीक्षा दी है। हलफनामे में कहा गया है कि धोखाधड़ी और कदाचार समेत अनियमितताओं के कथित मामलों के संबंध में सीबीआई जांच कर रही है। सीबीआई ने विभिन्न राज्यों में दर्ज मामलों को अपने हाथ में ले लिया है। केंद्र ने कहा कि वह सभी प्रतियोगी परीक्षाओं को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यदि कुछ आपराधिक तत्वों के इशारे पर प्रतियोगी परीक्षा की गोपनीयता भंग की गई है, तो उनके साथ सख्ती से निपटा जाना चाहिए।

केंद्र सरकार ने कहा, सरकार परीक्षाओं को निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से करने और छात्रों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। परीक्षा में पारदर्शिता, निष्पक्षता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए संसद ने 12 फरवरी 2024 को पब्लिक एग्जामिनेशन (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम 2024 पारित किया। यह अधिनियम 21 जून 2024 को लागू किया गया है। अधिनियम के तहत पब्लिक एग्जामिनेशन (अनुचित साधनों की रोकथाम) नियम, 2024 को भी 23 जून को अधिसूचित किया गया है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट ने एक कोचिंग संस्थान की ओर से नीट-यूजी परीक्षा के आयोजन में अनियमितताओं का आरोप लगाते हुए रिट याचिका दायर करने पर आपत्ति जताई थी।

दुनिया की सबसे समझदार मुर्गी, पहचान लेती है नंबर्स से लेकर लेटर्स तक

गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में नाम हुआ दर्ज

कोलंबिया। ब्रिटिश कोलंबिया (कनाडा) की एक मुर्गी ने विभिन्न संख्याओं, रंगों और अक्षरों की पहचान करके गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया। गैब्रियोला द्वीप की पशुचिकित्सक एमिली कैरिंगटन ने कहा कि उन्होंने पिछले साल अंडे देने के लिए पांच हाइलाइन मुर्गियां खरीदीं और उन्होंने जल्द ही मुर्गियों को अक्षरों और संख्याओं की पहचान करने के लिए प्रशिक्षित करना शुरू कर दिया। कैरिंगटन ने न्यूज बुलेटिन को दिए गए अपने साक्षात्कार में बताया कि, उनका काम केवल उस संख्या या अक्षर पर चोंच मारना था जिस पर मैंने उन्हें चोंच मारना सिखाया था और अन्य को अनदेखा कर देना था।

कैरिंगटन ने फैसला किया कि उसकी सभी मुर्गियां एक मिनट में मुर्गियों में हुई प्रतियोगिता में गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स का खिताब जीतने में कामयाब हो जाएं। मुर्गियों में से एक, लेसी नाम की मुर्गी विजेता बनी। जिसने एक मिनट में 6 अक्षरों, संख्याओं और रंगों की सही पहचान की। कैरिंगटन ने हंसते हुए कहा, अब जब झुंड ने लक्ष्य पूरा कर लिया है, तो वे स्थानीय नो-किल रकबे में सेवानिवृत्ति का आनंद लेंगे जहां वे अन्य मुर्गियों के साथ स्वतंत्र रूप से घूम सकती हैं, शायद एक-दो मुर्गों से भी मिल सकती हैं। मुझे उनकी सेवानिवृत्ति का विचार पसंद है। लोगों को ऐसी सेवानिवृत्ति मिलती है जहां उनके स्वर्णिम वर्ष होते हैं। मुर्गी के मालिक कैरिंगटन जो द थिंकिंग चिकन के नाम से अपना यूट्यूब चैनल भी चलाते हैं। उन्होंने इस वर्ल्ड रिकॉर्ड को लेकर कहा लोग मुर्गियों को कम समझदार न समझें उनके अंदर काफी दिमाग होता है।

आठ साल के बच्चे को कीचड़ से भरे नाले में ढूंढ रहा था पिता

■ 72 घंटे बाद चार किलोमीटर गहराई में मिला शव

गुवाहाटी। मौसम का कहर पूर्वोत्तर पर टूट रहा है। असम में भारी बारिश के बाद आई बाढ़ से लोगों का बुरा हाल है। अबतक कईयों की मौत हो चुकी है। हालांकि, इस बीच यहां के गुवाहाटी से एक रौंगटे खड़े देने वाला मामला सामने आया है। एक आठ साल के बच्चे का शव करीब तीन दिन बाद राजगढ़ इलाके के नाले से करीब चार किलोमीटर नीचे से बरामद किया गया। रविवार को शव मिलने के बाद गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल (जीएमसीएच) में ले जाया गया। बाद में माता-पिता ने अपने बच्चे की पहचान की। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बचाव एजेंसियों ने पहाड़ी ज्योतिनगर से चार किलोमीटर से अधिक नीचे राजगढ़ इलाके में शव बरामद किया, जहां लड़का नाले में गिर गया था। माता-पिता ने शुरू में उनके साथ साझा की गई तस्वीरों के आधार पर शव की पहचान की और बाद में अस्पताल में जाकर भी पुष्टि की। दरअसल, असम के सबसे बड़े शहर गुवाहाटी के कुछ हिस्से बाढ़ की चपेट में हैं। यहां गुवाहाटी के पहाड़ी इलाके ज्योतिनगर में गुरुवार शाम को अभिनाश अपने पिता की स्कूटी से फिसलकर खुले नाले में गिर गया था। अपने बेटे को ढूंढने के लिए उन्होंने भी छलांग लगा दी थी, लेकिन कामयाब नहीं हुए। तभी से पिता हीरालाल अपने बच्चे की तलाश में जुटे थे। उन्हें बच्चे की चप्पल मिली थीं, जिन्हें पुलिस को वेरिफिकेशन के लिए सौंप दिए थे।

इस घटना का पता चलने के बाद से प्रशासन भी मुस्तैदी से उस बच्चों को ढूंढने में जुट गया था और कई मशीनों के साथ-साथ खोजी कुत्तों को भी नाले में गिरे बच्चे की तलाश में लगाया गया था। इस बीच, हीरालाल ने रोते हुए पत्रकारों को बताया था, 'मैं लोहे की छड़ से नाले में तलाश कर रहा हूं और इनकी मदद से मुझे बेटे के सैंडल मिले हैं। मैं उसे इस छड़ से नहीं ढूंढ सकता। सरकार के पास मशीनरी है, उन्हें मेरे बेटे को ढूंढना ही होगा।'

72 घंटे कीचड़ में

टी-शर्ट और हाफ-पैंट पहने हुए हीरालाल कीचड़ और कचरे में अपने बेटे को ढूंढ रहे थे। वह पिछले 72 घंटों से अपने बच्चे की तलाश में जुटे थे और रात को थक जाने पर पास के ही एक दुकान के बरामदे में लेट गए थे। उन्होंने कसम खाई थी कि जब तक वह अपने बेटे को ढूंढ नहीं लेते, तबतक वह आराम से नहीं बैठेंगे। हीरालाल ने सीएम से कहा था, 'मैं घर कैसे जा सकता हूं, जब मेरा बेटा यहां हैं। मुझे पता है कि मेरा बेटा यहां हैं और मैं उसे ढूंढने तक आराम नहीं कर सकता।'

ऐसे हुआ था हादसा

बता दें कि गुरुवार देर शाम भारी बारिश के बीच अभिनाश अपने पिता के साथ उनकी दुकान से घर लौट रहा था, तभी उनकी स्कूटी फिसल गई थी और पीछे बैठा अभिनाश फिसलकर खुले नाले में गिर गया था। हीरालाल ने बताया था कि उन्हे एक-दो बार नाले में बेटे का हाथ दिखा और वह उसे पकड़ने के लिए नाले में कूदे, लेकिन सफल नहीं रहे।

अधिकारियों ने लगाई पूरी जान

अधिकारियों ने बताया था कि तलाशी अभियान में राज्य आपदा प्रतिसाद बल (एसडीआरएफ), अग्निशमन एवं आपातकालीन सेवा विभाग तथा नगर निगम सहित कई एजेंसी समन्वय कर रही हैं। उन्होंने कहा था कि नाला कई जगह कंक्रीट के स्लैब से बंद किया गया है और इन स्लैब को हटाकर बच्चे की तलाश की जा रही है। इस बीच, हीरालाल और उनकी पत्नी ने मुख्यमंत्री हिमंत सरमा से भी मुलाकात की थी। सीएम ने बचाव दलों को अपना खोज अभियान तेज करने का आदेश दिया है।

न्यूज गैलरी

हिसार कैंट के पास तेल टैंकर में लगी आग ड्राइवर ने कूदकर बचाई जान

हिसार। हरियाणा के हिसार में कैंट के पास एक तेल टैंकर में आग लग गई। ड्राइवर राकेश ने सूझबूझ दिखाते हुए टैंकर से कूदकर अपनी जान बचाई। आग की लपटें देख नेशनल हाईवे पर भीड़ लग गई। सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि बड़ा हादसा होने से टल गया। इस घटना को लेकर ड्राइवर राकेश का कहना है कि टैंकर में सड़क बनाने में प्रयोग होने वाला तेल था। वह टैंकर लेकर बठिंडा से बहादुरगढ़ जा रहा था। शनिवार को वह बठिंडा से टैंकर लेकर चला था। शाम को हिसार कैंट के पास एक होटल पर सो गया। रविवार सुबह जब होटल से टैंकर लेकर चला, तो कुछ दूर जाने के बाद केबिन में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई। इसके बाद ड्राइवर टैंकर को सड़क किनारे खड़ा कर दिया और आग की लपटों के बीच केबिन से कूद गया। इसके बाद फायर ब्रिगेड को फोन कर जानकारी दी। वहीं, वहां से गुजर रहे वाहन चालकों और लोगों की मौके पर भीड़ लग गई। फायर ब्रिगेड ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। घटना में टैंकर का केबिन पूरी तरह से जल गया। वहीं, हिसार में एक कार शोरूम के बाहर अज्ञात व्यक्तियों द्वारा की गई गोलीबारी के 12 दिन बाद भी बदमाशों को न गिरफ्तार किए जाने से नाराज व्यापारियों ने शुक्रवार को बंद का आह्वान किया था। इस दौरान दुकानें और पेट्रोल पंप बंद रहे। अज्ञात बदमाशों ने कार शोरूम के बाहर गोलीबारी की थी और पांच करोड़ रुपये की फिरौती भी मांगी थी। व्यापारियों ने आरोप लगाया कि गोलीबारी की घटना के बाद एक ऑटोमोबाइल शोरूम और कार का सामान रखने वाली दुकान के मालिकों से अज्ञात बदमाशों ने फोन कर दो-दो करोड़ रुपये की फिरौती मांगी थी। इन हालिया मामलों में पुलिस की कथित निष्क्रियता पर सवाल उठाते हुए व्यापारियों ने कहा कि दोषियों को अभी तक गिरफ्तार नहीं किया गया है। इस बीच, हिसार जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय कुमार बिश्नोई ने कहा कि एसोसिएशन के वकीलों ने बंद के समर्थन में शुक्रवार को कोई काम नहीं किया।

गाजा में स्कूल पर इसराइली हमला, 16 की मौत

गाजा। गाजा के एक स्कूल पर इसराइली हवाई हमले में कम से कम 16 लोग मारे गए हैं। फलस्तीनी अधिकारियों ने इन मौतों की जानकारी देते हुए कहा हमले में कई लोग घायल भी हुए हैं. हमास संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक़ नुसरत रिफ्यूजी कैंप में मौजूद इस बिल्डिंग में हजारों शरणार्थी रह रहे थे. इसराइली सेना का कहना है कि उसने अल-जाउनी स्कूल के इलाके में मौजूद इमारतों से अपनी गतिविधियां चला रहे आतंकवादियों पर हमले किए हैं. इस बीच, कैंप में मौजूद एक घर पर भी सेना के हमले की ख़बर है. इसमें दस लोगों की मौत हो गई है. नुसरत कैंप के स्कूल पर हुए हमले के बाद सामने आए वीडियो में बच्चे और बड़े चीखते हुए धुएं से भरी गली में भागते दिख रहे हैं. गली पूरी तरह धूल और मलबे से भरी हुई थी.चश्मदीदों ने बताया कि हमले में स्कूल की ऊपरी मंजिल को निशाना बनाया गया. ये स्कूल एक बाज़ार के पास मौजूद है.

इंडोनेशिया में अजगर के पेट के भीतर एक महिला मृत अवस्था में पाई गई

इंडोनेशिया। सांपों के इंसानों को खाने के मामले कम ही नज़र आते हैं, लेकिन इंडोनेशिया में पिछले एक महीने में यह इस तरह का दूसरा मामला है. ताज़ा मामला दक्षिण सुलावेसी प्रांत के सितेबा गांव का है. इंडोनेशियाई पुलिस के अनुसार सिरियाती नाम की 36 साल की एक महिला अपने बच्चे की दवा लेने के लिए घर से निकली थी, लेकिन वो लापता हो गई. बाद में उनके पति आदियांसा ने अधिकारियों को बताया कि गांव में अपने घर से 500 मीटर की दूरी पर उन्हें सिरियाती की चप्पलें और अन्य कपड़े मिले हैं.

तेलंगाना में पुलिसकर्मी ने उत्पीड़न से तंग आकर की आत्महत्या

हैदराबाद। तेलंगाना में एक पुलिस उपनिरीक्षक (सब-इंस्पेक्टर) ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर ली। कार्यस्थल पर कथित उत्पीड़न के बाद उन्होंने करीब एक हफ्ते पहले कीटनाशक खाया था। रविवार को अस्पताल में उनकी मौत हो गई। श्रीरामुला श्रीनिवास (38) भद्राद्री कोठागुडेम जिले के अश्वरावपेट पुलिस स्टेशन में सब-इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत थे। सब-इंस्पेक्टर श्रीरामुला श्रीनिवास ने अपने वरिष्ठ अधिकारी और चार सहकर्मियों के उत्पीड़न से तंग आकर 30 जून को महबूबाबाद में कीटनाशक खा लिया। हैदराबाद के एक निजी अस्पताल में तड़के इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। वारंगल जिले के निवासी सब-इंस्पेक्टर के परिवार में उनकी पत्नी, सात साल की बेटी और पांच साल का बेटा है। मजिस्ट्रेट ने दलित पुलिस अधिकारी का बयान दर्ज किया था, जिसमें उन्होंने आत्महत्या का प्रयास करने के कारणों के बारे में जानकारी दी।

राजनेता की बीएमडब्लू कार ने बाइक को मारी टक्कर, महिला की मौत

मुंबई। मुंबई में पुणे जैसा कार हादसा सामने आया है। पुलिस ने बताया कि आज सुबह मुंबई के वर्ली में एक तेज रफ्तार बीएमडब्लू कार ने एक दोपहिया वाहन को टक्कर मार दी। इस हादसे में बाइक सवार महिला की मौत हो गई। घटना के बाद कार सवार मौके से फरार हो गया। हादसे में मृत महिला का पति भी गंभीर रूप से घायल हुआ है और अभी अस्पताल में भर्ती है। पुलिस के अनुसार, घटना सुबह करीब साढ़े पांच बजे की वर्ली के कोलीवाड़ा इलाके की है। बाइक सवार दंपति मछली खरीदने के लिए ससून डॉक गए थे, जब वे मछली पकड़कर लौट रहे थे तो उनके दोपहिया वाहन को एक तेज रफ्तार बीएमडब्लू कार ने टक्कर मार दी।

यूपी में मानसून के सक्रिय होने से बढ़ा नदियों का जलस्तर, कई गांवों में आई बाढ़, परेशानी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के कई हिस्से में भारी बारिश का दौर लगातार जारी है। इससे लोगों को जहां प्रचंड गर्मी से राहल मिली है, वहीं कई जगहों पर अब ये बारिश आफत बन गई है। दरअसल, उत्तर प्रदेश में मानसून के पूरी तरह सक्रिय होने के बीच नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है और कुशीनगर, बलरामपुर और श्रावस्ती जिलों के कई इलाकों में बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई है।

राहत आयुक्त कार्यालय से प्राप्त रिपोर्ट के मुताबिक, कुशीनगर में गंडक नदी का जलस्तर खतरे के निशान को पार कर गया है और खड्डा तहसील के 13 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। रिपोर्ट के अनुसार, बाढ़ की वजह से जिले के नारायणपुर के एक टापू पर 66 लोग फंस गए थे, जिनमें से अब तक 62 लोगों को निकाला जा चुका है, बाकी को निकालने का काम जारी है।

श्रावस्ती में 18 गांव बाढ़ से प्रभावित: राप्ती नदी श्रावस्ती में खतरे के निशान को पार कर गई है। यहां 18 गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। बाढ़ प्रभावित इलाकों में राष्ट्रीय आपदा मोचन बल की एक और पीएसी की दो टीम तैनात हैं। जिले में 19 बाढ़ चौकियां स्थापित की गई हैं और राप्ती बैराज पर लगातार निगरानी की जा रही है। रिपोर्ट के मुताबिक, श्रावस्ती जिले में शनिवार रात बाढ़ के पानी से घिरीं 12 श्रमिक महिलाओं और उनके बच्चों को बचाने के लिए अभियान चलाया गया और उन सभी को सुरक्षित स्थान पर ले जाया गया। रविवार तड़के करीब तीन बजे यह अभियान संपन्न हुआ।

रिपोर्ट के अनुसार, बलरामपुर में भी बाढ़ की स्थिति है। यहां भी राप्ती नदी खतरे के निशान को पार कर गई है। बाढ़ प्रभावित इलाकों में राहत के लिए राज्य आपदा मोचन बल और बाढ़ पीएसी की एक-एक टीम तैनात हैं।

CUET UG परीक्षा की आंसर-की जारी

नई दिल्ली। सीयूईटी यूजी परीक्षा में शामिल हुए उम्मीदवारों का आंसर-की का इंतजार आज खत्म हो गया। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने 7 जुलाई को कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट अंडरग्रेजुएट की प्रोविजनल आंसर-की जारी कर दी है। उत्तर कुंजी को आधिकारिक वेबसाइट पर जारी किया गया है। जो उम्मीदवार इस परीक्षा में शामिल हुए थे वे सभी आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर आंसर-की को चेक कर सकते हैं। स्टूडेंट्स को आंसर-की को चेक करने के लिए अपने लॉगिन क्रेडेंशियल जैसे- एप्लीकेशन नंबर और पासवर्ड का उपयोग करना होगा। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी ने CUET UG आंसर-की के साथ ही उत्तर कुंजी को चौलेंज करने के लिए ऑब्जेक्शन विंडो को भी एक्टिव कर दिया है।

रील के चकर में युवक ने गंवाई जान

■ चलती बाइक पर वीडियो बना रहे थे युवक तभी हुआ दर्दनाक हादसा

मुंबई। चलती बाइक पर रील बनाने का ट्रेंड काफी जोरों से चल रहा है। लोगों पर रील बनाने का भूत इस कदर सवार है कि लोग अपनी जान जोखिम में भी डालकर रील बना रहे हैं। सोशल मीडिया पर ऐसी कई घटनाओं के वीडियो वायरल हो चुके हैं, जिसमें लोगों को रील के चक्कर में अपनी जान गंवाते देखा गया। लेकिन फिर लोग इससे सबक नहीं ले रहे हैं और आज भी अपनी जान खतरे में डालकर रील बनाने से बाज नहीं आ रहे हैं।

हाल में सोशल मीडिया पर ऐसा ही एक और वीडियो वायरल हो रहा है। जहां दो युवकों को चलती बाइक पर रील बनाना महंगा पड़ गया। रील बना रहे युवक हादसे का शिकार हो गए और दो में एक शख्स की मौत हो गई जबकि एक बुरी तरह से घायल हो गया।

मिली जानकारी के मुताबिक, घटना महाराष्ट्र के धुले-सोलापुर हाईवे के बीड बाईपास की है। वायरल हो रहे वीडियो में देखा जा सकता है कि दो लोग एक ही बाइक पर सवार होकर स्पीड में बाइक चला रहे हैं। बाइक के पीछे बैठा शख्स फ्रंट कैमरे से वीडियो बना रहा है और बाइक चला रहा शख्स भी राइडिंग से अपना ध्यान हटाकर कैमरे में देख रहा है। यहां तक तो ठीक था। दोनों मस्ती करते हुए बाइक पर बैठे रील बना रहे थे, तभी इतने में बाइक हाईवे के किनारे लगी लोहे की रेलिंग से टकरा जाती है। बाइक सवार एक शख्स की मौके पर ही मौत हो जाती है और दूसरा गंभीर रूप से घायल हो जाता है। वीडियो में यह भी दिख रहा है कि दोनों युवक बाइक से गिर पड़े। उनका फोन कहीं दूर जा गिरा।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो देखने के बाद कई यूजर्स का कहना है कि इन्होंने ना तो हेलमेट पहना है और ना ही ये नियमों का पालन कर रहे हैं। बाइक चलाते वक्त रील बना रहे थे।

ऐसे में इस तरह की घटनाओं को वह खुद ही दावत दे रहे थे। कुछ अन्य लोगों ने कमेंट करते हुए लिखा- रील जिंदगी लील रही है, ऐसा लग रहा जैसे लोग खुशी-खुशी खुदकुशी कर रहे हैं।

न्यूज गैलरी

स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, शॉपिंग मॉल बाजारों की स्टार रैंकिंग की तैयारी में ननि

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर अब कॉलोनियों की स्टार रैंकिंग के बाद स्कूल, कॉलेज, अस्पताल,होटल और रेस्टोरेंट की स्वच्छता रैंकिंग शुरू कर दी गई है । स्पेशल टीम इन स्थलों का मुआयना कर सिटीज़न्स इनपुट लेगी और रैंकिंग जारी करेगी । रैंकिंग परखने इस टीम ने अपना काम शुरू कर दिया है। कमिश्नर श्री मिश्रा के अनुसार शहरी स्वच्छता गतिविधियों से हर नागरिक को जोड़ने यह गतिविधि की जा रही है। इन परिसरों में कचरा निपटान प्रबंधन की व्यवस्था , डस्ट बिन्स व कचरा पृथक्करण, सफाई के प्रति जागरूकता, पर्यावरण अनुकूल व्यवहार, पीक व कूड़ेदान पर मिली गंदगी, स्वच्छता संबंधी नवाचारों जैसे कई बिंदुओं पर टीम जानकारी लेगी और परिसर में आने जाने वालों की राय लेगी। इस आधार पर उत्कृष्ट परिसरों को फाइव स्टार रैंकिंग का सर्टिफिकेट दिया जाएगा। ज्ञात हो स्वच्छता सर्वेक्षण -2024 की शुरुआत हो चुकी है। पिछले सर्वेक्षण में रायपुर ने 4447 नगरीय निकायों में 12 वा स्थान अर्जित किया था। इस बार इस सर्वेक्षण से हर घर को जोड़ने की कवायद की जा रही है जिससे कि रायपुर देश के सबसे स्वच्छ शहर के तौर पर स्थान बनाएँ।

सिर्फ 6 माह में प्रदेश में भ्रष्टाचार हावी कानून व्यवस्था खत्म: शुक्ला

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा राज के 6 माह में भ्रष्टाचार हावी, कानून व्यवस्था खत्म हो चुकी है। जनता से वादाखिलाफी भाजपा की पहचान बन गयी है। राज्य में भ्रष्टाचार और कुशासन का दौर हावी है। विष्णुदेव सरकार की विफलताओं की पूरी श्रृंखला है। साय सरकार के 6 माह में छत्तीसगढ़ बदहाल हो गया। कानून व्यवस्था की स्थिति खराब हो गयी। एसपी कलेक्टर कार्यालय जला दिया गया। हत्याओं का नया रिकॉर्ड बन गया। प्रदेश में मॉब लिंचिंग शुरू हो गयी आरंग में दो लोगों की पीट-पीट कर हत्या हो गयी। गौ तस्करी की घटनायें शुरू हो गयी। महिलाओं के प्रति अपराधों में बढ़ोतरी हो गयी, पोटाकेबिन में बच्ची की जलकर मौत, अबोध बच्ची मां बनी, नारायणपुर में मासूम बच्चियों से स्कूल में छेड़खानी। बलात्कार, सामूहिक बलात्कार की घटनायें बढ़ गयी। लूट, अपराध, डकैती, चाकूबाजी की घटनायें बढ़ गयी। अपराध और अपराधी बेलगाम हो चुके है।

महतारी वंदन योजना: समाज में महिलाओं का बढ़ता मान

रायपुर/ नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की महिलाओं में महतारी वंदन योजना को लेकर अपार उत्साह देखा जा रहा है। खास कर गरीब, मध्यम और निम्न मध्यम वर्ग की महिलाओं को इस योजना से मिलने वाली राशि से काफी राहत मिली है। महिलाओं का कहना है कि इस योजना से महिलाओं में आत्मविश्वास और आत्मसम्मान बढ़ गया है। प्रदेश में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के सुशासन का ही प्रतिफल है कि उन्हें समय पर महतारी वंदन योजना की राशि माह दर माह मिल रही है। महतारी वंदन योजना में इस माह 5वीं किश्त के रूप में एक-एक हजार रूपए की राशि मिली है। राशि के उपयोग से आर्थिक रूप से सशक्त बन रही हैं। यह राशि महिलाओं के बैंक खाते में डीबीटी के माध्यम से पहुंच रही है। महिलाओं के खाते में राशि आने से परिवार में भी उनकी पूछ परख बढ़ गई है। धमतरी के कलेक्टोरेट परिसर में कैंटिन का संचालन करने वाली सहेली संघ स्व-सहायता समूह की सदस्य श्रीमती हेमा साहू ने बताया कि महतारी वंदन योजना से स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को काफी फायदा हो रहा है। समूह की महिलाओं द्वारा अब नियमित रूप से आर्थिक गतिविधियों के लिए अपना योगदान दे पा रही हैं।

सभी समाजों की सेवा करता है महाराष्ट्र मंडल : बृजमोहन अग्रवाल

- महाराष्ट्र मंडल की नई कार्यकारिणी को शपथ दिलाई सांसद अग्रवाल और पद्मश्री अनुज ने
- भवन निर्माण विस्तार के लिए सांसद ने की 10 लाख रुपये देने की घोषणा

रायपुर/नवप्रदेश। समाजसेवा के क्षेत्र में महाराष्ट्र मंडल के कार्य अन्य समाजों के लिए अनुकरणीय हैं। शहर तो क्या प्रदेश में महाराष्ट्र मंडल एक अकेला ऐसा संगठन है, जो सभी समाजों की सेवा करता है, उनके विकास के बारे में सोचता है, और काम करता है। महाराष्ट्र मंडल के खचाखच भरे संत ज्ञानेश्वर सभागृह में शपथ ग्रहण समारोह में इस आशय के विचार सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने व्यक्त किए।

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र मंडल की पहचान पूरे देशभर में है। मैं महाराष्ट्र मंडल से कहना चाहता हूं कि समाजसेवा के इतने कार्यों के बीच रायपुर की किसी एक बस्ती को गोद लें, और उस बस्ती को शिक्षित, रोजगार युक्त और सर्वसंपन्न बनाएं। इसके लिए शासन की भरपूर योजनाएं हैं, मंडल को केवल योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए समन्वयन का कार्य करना है। बृजमोहन ने महाराष्ट्र मंडल के विस्तार कार्यों के लिए सांसद निधि से 10 लाख रुपये देने की घोषणा की।

बताते चलें कि महाराष्ट्र मंडल के अध्यक्ष अजय मधुकर काले को उनकी 14 सदस्यीय नई कार्यकारिणी, 15 समिति के पदाधिकारियों और 16 महिला केंद्रों की संयोजिका-सहसंयोजिकाओं के साथ पद और गोपनीयता की शपथ मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल और विशिष्ट अतिथि धरसींवा विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा ने दिलाई। इस अवसर पर महाराष्ट्र मंडल में 16 अतिरिक्त कमरों के निर्माण का शिलान्यास भी दोनों अतिथियों ने किया। विधायक शर्मा ने इस अवसर पर कहा कि आज बड़ा अच्छा संयोग है कि महाराष्ट्र मंडल के पदाधिकारियों को शपथ दिलाने पहुंचे रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल आठ बार के विधायक रहे, अजय मधुकर काले भी आठवीं बार मंडल के निर्विरोध अध्यक्ष बनें। वहीं सचिव चेतन दंडवते भी आठ कार्यकाल से सचिव हैं। उन्होंने कहा कि थियेटर की परंपरा को आज मंडल ने जीवित रखा है। वहीं खेल के क्षेत्र में भी इस समाज की कई प्रतिभाओं ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का नाम रोशन किया। शपथ लले रहे महाराष्ट्र मंडल के पदाधिकारियों की आंखों में समाजसेवा के प्रति प्रतिबद्धता दिखती है। अध्यक्ष अजय मधुकर काले ने कहा कि लगभग 80 साल पहले राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के संस्थापक केशव बलिराम हेडगेवार अपने रायपुर प्रवास के समय तात्यापारा चौक स्थित हनुमान मंदिर के ऊपर संचालित महाराष्ट्र मंडल आए थे।

अल्प समय में आयोजित भव्य कार्यक्रम में हेडगेवार ने अपील की थी कि महाराष्ट्र मंडल सिर्फ मराठी समाज का ही नहीं, बल्कि समस्त समाजों की सेवा करें, मार्गदर्शन करें और सभी को एकजुट करने की दिशा में काम करे। हेडगेवार के मार्गदर्शन के अनुरूप महाराष्ट्र मंडल गत आठ दशकों भी समस्त समाजों की निस्वार्थ भाव से सेवा का कार्य कर रहा है। कार्यक्रम का संचालन दीपक हटवार ने किया। जबकि आभार प्रदर्शन सचिव चेतन गोविंद दंडवते ने किया।

पीएम महंगाई पर बात करने का साहस क्यों नहीं दिखा रहे : बैज

- बेतहाशा महंगाई से आम आदमी बेहाल हो गया

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बढ़ती महंगाई, बढ़ती बेरोजगारी पर चर्चा करने से भाग रहे है। देश की जनता का महंगाई से बुरा हाल है। मोदी सरकार जब से सत्ता में आई है, महंगाई से देश के नागरिकों की कमर टूटती जा रही है।

महंगाई को लेकर कांग्रेस प्रदेश में जनआंदोलन छेड़ेगी। मोदी राज में रोजमर्रा की जरूरतों के दाम बेतहाशा बढ़ गये है। 2014 में जो गैस का सिलेंडर 410 रु. का था, आज वह 1000 रु. के पार है। पेट्रोल के दाम 70 रु. प्रति लीटर से बढ़कर 100 रु. प्रति लीटर के पार हो गए हैं जबकि डीजल के दाम 55 रु. प्रति लीटर से बढ़कर 95 रु. प्रति लीटर के करीब पहुंच गए हैं। अंतरराष्ट्रीय मार्केट में क्रूड आयल का दाम लगातार कम हो रहे है। 2014 की तुलना में वर्तमान में क्रूड आयल आधे रेट में मिल रहा है, लेकिन उसका लाभ आम जनता को नही मिल रहा है। खाने के तेल और दाल की कीमत 70 रु. और 60 रु. प्रति किलो थी, वह 200 रू. प्रति किलो को पार कर गई है। इतना ही नहीं, बीते दिनों जीएसटी की बर्बर मार से दही, पनीर, लस्सी, आटा, सूखा सोयाबीन, मटर व मुरमुरे भी बच नहीं सके, उन पर भी 5 फीसदी जीएसटी लगा दिया गया। होटल के 1,000 रु. के कमरे पर 12 प्रतिशत जीएसटी, अस्पताल के आईसीयू बेड पर 5 प्रतिशत जीएसटी। जीने के लिए सभी आवश्यक चीजों पर जीएसटी लगाकर चैन नहीं मिला तो श्मशान घाट के निर्माण पर भी जीएसटी बढ़ा दिया गया है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड ऑयल की कीमतें लगातार घट रही है। मगर मोदी सरकार पेट्रोल-डीजल की कीमतें कम नहीं कर रही है। बीते 10 सालों में पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स पर कर लगाकर 29 लाख करोड़ रुपए जनता की जेब से निकाले गए हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार बढ़ती महंगाई और बेरोजगारी को नियंत्रित करने में असफल और नकारा साबित हुई है।

सेवाभावी कार्यों के कारण ऑफिसर्स एसोसियेशन को दान में मिला भूखंड

- सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसिएशन ने ग्रीन आर्मी के साथ किया पौधा रोपण
- टेमरी में बनेगा हेल्थ क्लीनिक व प्रशिक्षण केन्द्र

रायपुर/नवप्रदेश। सेवाभावी कार्य करने से लोग स्वयं ऐसी संस्थाओं को मदद करने के लिए आगे आते है जो सही मायने में बिना स्वार्थ के जरूरमंदों की मदद करते हैं। ऐसी ही एक संस्था छत्तीसगढ़ सिक्ख आफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन को वुमेन्स लायंस क्लब रायपुर की संस्थापक अध्यक्ष श्रीमती कमलेश चावला ने वीआईपी रोड पर ग्राम टेमरी में स्थित एक भूखंड दान में देकर एसोसियेशन के कार्य को सराहा है। सन् 2018 में गठित संस्था छत्तीसगढ़ सिक्ख आफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन सरबत का भला के उद्देश्य से सेवानिवृत और सेवारत सिक्ख अधिकारियों का एक संगठन है। एसोसियेशन पिछले छह वर्षों से स्वास्थ्य शिक्षा और पारिवारिक परामर्श के क्षेत्र में कार्य कर रहा है। एसोसियेशन के संयोजक जी.एस. बॉम्बरा ने आज वुमेन्स लायंस क्लब रायपुर की संस्थापक श्रीमती कमलेश चावला व्दारा जनसेवा के लिए दिए भूखंड का दान दिए जाने पर उनका आभार व्यक्त करते हुए आज उनके मुख्य आतिथ्य में भूखंड तथा उसके आसपास के क्षेत्रों में सामूहिक रुप से पौधरोपण किया। एसोसियेशन के सचिव बी.एस. सलूजा ने बताया कि दान में मिले इस भूखंड पर हेल्थ क्लीनिक और युवाओं के लिए प्रशिक्षण और कोचिंग सेन्टर हेतु भवन का निर्माण किया जाएगा। हरियाली को बढ़ाने की दिशा में पिछले कुछ सालों से कार्य कर रही संस्था ग्रीन आर्मी और छत्तीसगढ़ सिक्ख ऑफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन और वुमेन्स लायंस क्लब रायपुर ने इस अवसर पर गुरु की अरदास करते हुए विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया। नए भूखंड और उसकेआसपास के क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ सिक्ख आफिसर्स वेलफेयर एसोसियेशन, ग्रीन आर्मी और वुमेन्स लायंस कल्ब रायपुर के सद्स्यों ने इस मौके पर जामुन, आवंला, आम,अमरुद, कटहल, नीम और कटहल को पौधों का रोपण किया।

भारत ब्रांड चावल में हेराफेरी, ढाई हजार करोड़ से अधिक का घोटाला

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भारत ब्रांड योजना के चावल में घोटाला करके प्रदेश में ढाई हजार करोड़ से अधिक का चावल घोटाला किया गया। महंगाई से पीड़ित जनता को सस्ते दरों पर अनाज उपलब्ध कराने शुरू की गई योजना भी भाजपा सरकार की कमीशनखोरी और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई। इस योजना के तहत चावल 29 रु किलो, राहर दाल 60रु, आटा 27 रु किलो में बेचना था।भारत ब्रांड सामान खरीदने के लिएआधार कार्ड को लिंक करना था पूरे प्रदेश में 90 प्रतिशत आधार कार्डधारको ने भारत ब्रांड से कोई भी सामान की खरीदी नहीं किया है। इस योजना से राजनांदगांव जिला में ही 80 करोड़ से अधिक की चांवल घोटाला हुआ है। पूरे प्रदेश में ढाई हजार करोड़ रुपए से अधिक का चावल घोटाला हुआ है। जब चावल में हेरा फेरी हुआ है तो स्वाभाविक बात है इस योजना के तहत सस्ते दरों में मिलने वाले राहर दाल, आटा, वितरण में भी हेरा फेरी हुई है। इस पूरे मामले की जांच होगी तो यह घोटाला हजारों करोड़ तक पहुंचेगा। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भारत ब्रांड चावल में हेरा फेरी हुआ है उसके अलावा जो कस्टम मिलिंग के लिए धान राइस मिलों को दिया जाता है उसमें भी बड़ा खेल हुआ। कस्टम मिलिंग की धान की कुटाई करके एफसीआई में जमा करने के बजाये राइस मिलरों ने भारत चावल का बड़ा पैकेट बनाकर अपना मार्का लगाकर एफसीआई में जमा कर दी और धान को खुले बाजार में बेचकर करोड़ों रुपए की काली कमाई की। प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भारत ब्रांड चावल में हुई घोटाला पूर्व के भाजपा सरकार में हुई 36000 करोड रुपया के नान घोटाला की याद को ताजा कर दी है उस दौरान 20 लाख से अधिक फर्जी राशन कार्ड बनाकर चावल घोटाला किया गया था।

अमेरिका में एम्स चिकित्सक के फंगस पर प्रस्तुत पत्र को सर्वश्रेष्ठ सारांश का अंतर्राष्ट्रीय पुरस्कार

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की वरिष्ठ चिकित्सक द्वारा अमेरिका में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कांफ्रेंस में चिकित्सा संस्थानों में फैलने वाले एक प्रकार के फंगस 'कैंडीडा ओरिस' पर प्रस्तुत पत्र को सर्वश्रेष्ठ अंतर्राष्ट्रीय सारांश का पुरस्कार दिया गया। माइक्रोबायोलॉजी विभाग की प्रो. उज्जवला गायकवाड़ को अमेरिका के टेक्सास में आयोजित एसोसिएशन फॉर प्रोफेशनल्स इन इंफेक्शन प्रिवेंशन एंड कंट्रोल (एपिक-24) एनुअल कांफ्रेंस एंड एक्सपोजिशन में यह पुरस्कार प्रदान किया गया। अमेरिका की 40 वर्ष पुरानी यह संस्था दुनियाभर के माइक्रोबायोलॉजी के विशेषज्ञों को एक साथ लाकर संक्रमण को रोकने के लिए प्रभावी रणनीति बनाने की दिशा में कार्य करती है। 'कैंडीडा ओरिस' एक प्रकार का फंगस होता है जिसे डब्ल्यूएचओ द्वारा दुनिया के लिए चुनौतीपूर्ण बताया गया है। इसके दुष्प्रभावों और संक्रमण को रोकने के लिए चिकित्सक और शोधार्थी प्रयासरत हैं।

प्रो. गायकवाड़ एम्स में संक्रमण नियंत्रण अधिकारी भी हैं। उन्हें इस फंगस पर स्वयं के अनुभवों को साझा करने के लिए आमंत्रित किया गया था। इस कांफ्रेंस में दुनियाभर के 30 देशों के 4000 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उन्हें सर्वश्रेष्ठ सारांश का पुरस्कार अध्यक्ष केरोल एम. मेक्ले की ओर से प्रदान किया गया। कार्यपालक निदेशक लेफ्टिनेंट जनरल अशोक जिंदल (सेवानिवृत्त) और अन्य चिकित्सकों ने उन्हें इस उपलब्धि के लिए बधाई दी है।

राजस्व मंत्री ने रोपा मौलश्री का पौधा

रायपुर/नवप्रदेश। वन विभाग और भारत स्काउट एवं गाइड के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को स्वामी आत्मानन्द उत्कृष्ट विद्यालय अर्जुनी, जिला बलौदाबाजार-भाटापारा में आयोजित वन महोत्सव में राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। श्री वर्मा ने विद्यालय परिवार के लोगों को पेड़ लगाने एवं बचाने के लिए संकल्प दिलाया तथा एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत शाला परिसर में मौलश्री का पौधारोपित किया।

इसके साथ ही 30.13 लाख रूपये की लागत से नवनिर्मित अतिरिक्त कक्ष का लोकार्पण किया और स्कूल में अहाता निर्माण एवं प्रार्थना शेड हेतु 10 -10 लाख, पम्प हेतु 2 लाख, प्रयोगशाला एवं शौचालय निर्माण हेतु 8 लाख रूपये देने की घोषणा की।

पौधे रोपकर पुत्र की तरह संरक्षण का लें संकल्प : डॉ. प्रणव पण्डया

- शांतिकुंज में 411वाँ रविवारीय पौधारोपण

हरिद्वार/नवप्रदेश। आज पूरी दुनिया पर्यावरण प्रदूषण से त्रस्त है। वैश्विक सम्मेलनों में इसको लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की जा रही है। ऐसे में परम पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा स्थापित संगठन अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा वृक्ष गंगा जन अभियान से लोगों की आशा टिकी है। विगत कई दशकों पूर्व से ही अखिल विश्व गायत्री परिवार के प्रमुख डॉ प्रणव पण्ड्या से मार्गदर्शन एवं देव संस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति डॉ चिन्यम पण्ड्या के नेतृत्व में देश भर में फैले गायत्री परिवार के कार्यकर्ताओं ने वृहत स्तर पर पौधारोपण करना प्रारंभ किया है। कई राज्यों के युवा द्वारा प्रत्येक रविवार को सामुदायिक भवनों, कॉलेजों, पहाड़ों, जलस्त्रोतों के तटों आदि स्थानों में पौधारोपण किया जा रहा है। जन्मदिन और विवाहदिन या कोई अन्य शुभ अवसरों पर भी पौधारोपण किया जाता है। इसी कड़ी में गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ, बडौदा गुजरात की टीम श्रीमती कश्मीरा बेन के नेतृत्व में शांतिकुंज पहुंची और 411 वाँ रविवारीय पौधारोपण शांतिकुंज के उद्यान विभाग के निकट सीता अशोक का पौधा रोपे। इस पौधे का पूजन शांतिकुंज की अधिष्ठात्री शैलदीदी ने किया।

श्रीमती कश्मीरा बेन ने बताया युवा प्रकोष्ठ बड़ौदा की टीम 5 जून 2016 से प्रत्येक रविवार को पौधारोपण की श्रृंखला का प्रारंभ किया। अब तक पचास हजार से अधिक पौधों का रोपण आर्मी, नेवी, एयरफोर्स, रेलवे, गवर्नमेंट सेक्टर, गांवों में किसानो के खेत आदि जगह पर वृक्षारोपण और पर्यावरण जागरूकता का कार्यक्रम किया जा चुका है।

अपने संदेश में अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख डॉ प्रणव पण्ड्या ने कहा कि वृक्ष प्रकृति के परिधान है, जलदाता-जीवनदाता है। मानव जाति के अनन्य सेवक हैं। उन्होंने कहा कि वंदनीया माताजी की शताब्दी वर्ष 2026 के अवसर पर हम सभी को प्रकृति की एकात्मता का संकल्प को पूरी दृढ़ता के साथ दोहराना है। उन्होंने गाँवों, नगरों में चलने वाले वृक्ष गंगा अभियान में किसी न किसी प्रकल्प के माध्यम अथवा अवसरों में पौधारोपण अवश्य करें। डॉ पण्ड्या ने पर्यावरण संरक्षण को युग धर्म की संज्ञा दी। गायत्री परिवार ने वृक्ष गंगा अभियान की शुरुआत की है जिसके तहत 1 करोड़ पौधारोपण का लक्ष्य रखा गया है। इस अभियान को 4 श्रेणियों में बांटा गया है पहला- श्रीराम स्मृति उपवन, जिसके तहत नगरों के सार्वजनिक स्थलों पर पौध रोपण होगा। दूसरा है श्रीराम स्मृति वन/पर्वत, जिसके तहत शहर और गांवों की खाली पड़ी परती भूमि या पहाड़ों पर पौधारोपण का कार्यक्रम होगा। इसी तरह निजी उद्यानों के लिए श्रीराम वाटिका और बाल वाटिका अभियान चलाए जायेंगे। हम सभी को भी पौधों को अपना मित्र या पुत्र की भांति संरक्षित करने का संकल्प लेना है और ग्लोबल वार्मिंग में अपना व्यक्तिगत सहयोग करना है। पौधारोपण के अवसर पर रचनात्मक आंदोलन प्रकोष्ठ के केदार प्रसाद दुबे, उद्यान विभाग के समन्वयक सुधीर भारद्वाज, गुजरात युवा प्रकोष्ठ की श्रीमती कश्मीरा बेन सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

कमल वर्मा पुन: प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ की आमसभा 6 जुलाई को प्रदेश राजपत्रित अधिकारी संघ के प्रांतीय कार्यालय शंकर नगर रायपुर में संपन्न हुई। प्रांताध्यक्ष कमल वर्मा ने अपने पांच साल के कार्यकाल में प्रदेश के राजपत्रित अधिकारियों के हित में किए गए कार्यों एवं उपलब्धियों से अवगत कराया। इस अवसर पर संगठन के कोषाध्यक्ष डी. पी. टावरी ने संघ का आय-व्यय प्रस्तुत किया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री सुभाष मिश्र ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्री कमल वर्मा ने अपने सहज-सरल व्यवहार से सबके दिल में बस गए है और अपने अधिकारियों की हकों की लड़ाई को पूरी गरिमा व मर्यादा के साथ सफल बनाए है।उनके द्वारा किए गए प्रत्येक कार्य सभी यूनियन के लिए प्रेरणास्पद रहे है।निर्वाचन अधिकारी श्री अजय पाठक ,पूर्व वित्त नियंत्रक नाप तौल विभाग ने पूरी पारदर्शिता एवं न्याय दिखने वाले निर्णय के साथ सभी उपस्थित राजपत्रित अधिकारियों की सर्वसम्मति से श्री कमल वर्मा को प्रदेश अध्यक्ष बनाने की बात का समर्थन करते हुए निर्विरोध अध्यक्ष घोषित किया।

कमल वर्मा वर्तमान में संचालनालय कोष एवं लेखा में प्रथम श्रेणी राजपत्रित अधिकारी के पद पर कार्यरत है। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री कमल वर्मा ने उपस्थित राजपत्रित अधिकारियों का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए आभार व्यक्त किया। उन्होंने संघ के आगामी कार्ययोजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे आने वाले समय में *राजपत्रित अधिकारी संदेश पत्रिका का प्रकाशन एवम् राजपत्रित अधिकारियों को नवा रायपुर में रियायती दर पर आवास हेतु जमीन उपलब्ध कराने के लिए शासन स्तर पर प्रयास कराएंगे ।साथ ही उन्होंने राजपत्रित अधिकारियों की हर समस्या को शासन के समक्ष दृढ़ता से रख कर निराकरण करने का प्रयास करेंगे। कार्यक्रम का सफल संचालन अविनाश तिवारी ने किया। आमसभा में प्रमुख रूप से नंदलाल चौधरी, भूपेंद्र पांडेय,श्री संजीव तिवारी, प्रतीक खरे, श्री डी पी टावरी, पी एल सहारा, पूषण साहू, डॉ अशोक पटेल, डॉ सोम गोस्वामी, अभिषेक शर्मा, डॉ दीपक चंद्राकार, डॉ व्ही के पैगवार आदि शामिल है।

सुविचार

दुख जीवन में इसलिए आते हैं कि ताकि हम सुख का महत्व समझ सकें। -अज्ञात

लालू यादव के हसीन सपने

राष्ट्रीय जनता दल के नेता और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव ने अपनी पार्टी के 28वें स्थापना दिवस समारोह के दौरान भविष्यवाणी की है कि अगले माह एनडीए की सरकार गिर जाएगी। लालू यादव का कहना है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली यह सरकार बहुत ही कमजोर है मुश्किल से एक माह और चल पाएगी। लालू यादव के मुताबिक चुनाव कभी भी हो सकते हैं। इसलिए उन्होंने राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकर्ताओं से मध्यावधि चुनाव के लिए तैयार रहने की अपील की है। लालू यादव मुंगेरी लाल की तरह हसीन सपने देख रहे हैं। जो कभी पूरे नहीं होंगे। दरअसल पीएम मोदी के नेतृत्व में तीसरी आर एनडीए की सरकार बनने से आईएनडीआईए में शामिल सभी राजनीतिक पार्टियां गहरी निराशा में डूबी हुई हैं। वे अपनी हार को स्वीकार ही नहीं कर पा रही हैं। यह बात ठीक है कि भारतीय जनता पार्टी इस बार के लोकसभा चुनाव में सिर्फ 240 सीटें हासिल करने में सफल हो पाई पिछले दो लोकसभा चुनाव की तरह इस बार भाजपा अकेले अपने बलबूते पर 272 सीटों का जादुई आंकड़ा नहीं छू पाई लेकिन भाजपा के नेतृत्व में एनडीए की सरकार बन गई। विपक्षी पार्टियों ने जनादेश आने के बाद यह हर संभव कोशिश की थी कि भाजपा के दो सहयोगी दलों जदयू और तेलगू देशम पार्टी को एनडीए से तोड़कर अपने पाले में ले आया जाए। इसके लिए जदयू अध्यक्ष नितिश कुमार को तो प्रधानमंत्री पद का भी प्रलोभन दिया गया और तेलगू देशम पार्टी के अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू पर भी डोरे डाले गए। किन्तु इन दोनों ही नेताओं ने एनडीए का साथ नहीं छोड़ा अभी भी कांग्रेस सहित लालू यादव जैसे नेताओं को यह उम्मीद है कि एनडीए में दरार पड़ सकती है और पीएम मोदी के नेतृत्व वाली सरकार गिर सकती है। जबकि हकीकत यह है कि इसकी दूर -दूर तक कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। बिहार के मुख्यमंत्री नितिश कुमार और आंध्रप्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू अपने अपने राज्यों की सीमा तक ही सीमित रहना चाहते हैं। राष्ट्रीय राजनीति में आने की न तो उनकी कोई इच्छा है और न ही वे इतने महत्वाकांक्षी हैं। ये दोनों ही नेता अनुभवी हैं। और अपने अपने राज्यों के हितों को बेहतर समझते हैं उन्हें पता है कि एनडीए में रहकर ही वे अपने राज्यों के लिए भरपूर केन्द्रीय सहायता प्राप्त करने में सफल हो सकते हैं। कांग्रेस के नेतृत्व वाले आईएनडीआईए से ज्यादा भरोसेमंद एनडीए है इसलिए नितिश कुमार और चंद्रबाबू नायडू पाला बदलने के लिए शायद ही तैयार हों भले ही इसके लिए कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियां चाहे जितनी कोशिश कर लें और लालू जैसे नेता दिवा स्वप्न देखते रहें। पीएम मोदी के नेतृत्व में एनडीए की सरकार निश्चित रूप से अपने पांच साल का कार्यकाल पूरा करने में सफल होंगी। अलबत्ता इस बात की आशंका ज्यादा है कि आगे चलकर आईएनडीआईए में बिखराव देखने को मिले। आम आदमी पार्टी ने तो लोकसभा चुनाव के नतीजे घोषित होने के तत्काल बाद आईएनडीआई से अपनी राह अलग कर ली है। बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी सुप्रीमो ममता बनर्जी भी एकला चला रे की नीति पर चल सकती हैं। कुल मिलाकर लालू यादव की यह भविष्यवाणी सही साबित नहीं होगी। मध्यावधि चुनाव की तो कोई संभावना नहीं दिख रही है।

छत्तीसगढ़ में बिजली कटौती होना समझ से पर

विद्युत के मामले में सरप्लस राज्य छत्तीसगढ़ में पूरे गर्मी के मौसम के दौरान बिजली की अघोषित कटौती होती रही और लो वोल्टेज की समस्या से भी लोग जूझते रहे। अब बरसात का मौसम लग गया है। ऐसे में बिजली की मांग भी कम हो गई है। इसके बावजूद बिजली कटौती बदस्तूर जारी है। शहरी क्षेत्रों में घंटों बिजली गुल रहना आम बात हो गई है। ग्रामीण क्षेत्रों में तो हालत और भी खराब हो गई है। विद्युत विभाग की लापरवाही का खामियाजा लोग भुगत रहे हैं। ऊपर से राज्य सरकार ने बिजली की दरों में भी वृद्धि करके दुब्बर पर दो आषाढ़ वाली कहावत को चरितार्थ कर दिखाया है। छत्तीसगढ़ में बिजली की कटौती और आंख मिचौली को लेकर कांग्रेस ने भाजपा सरकार पर हमले तेज कर दिए हैं। कांग्रेस नेताओं ने भाजपा सरकार पर यह आरोप लगाना शुरू कर दिया है कि वह प्रदेशवासियों को चौबीसों घंटे बिजली देने में विफल हो रही है। विद्युत नियामक आयोग में बिजली की दरों में बढ़ोतरी का प्रस्ताव देकर अपने कु प्रबंधन के कारण हो रही राजस्व की क्षति को पूरा करने के लिए सरकार पर दबाव बना दिया था। जिसके चलते विद्युत उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त भार आ गया है। घरेलू के साथ ही व्यवसायिक और औद्योगिक बिजली भी महंगी कर दी गई है। जिसका सीधा असर आम जनता पर ही पड़ेगा। कांग्रेस के इन आरोपों का भाजपा के पास कोई माकूल जवाब नहीं है यदि यही स्थिति बनी रही और राज्य सरकार ने विद्युत विभाग की मनमानी पर रोक लगाने के लिए कारगर कदम नहीं उठाए तो शीघ्र ही होने वाले नगरी निकाय चुनाव और त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में उसे इसका खामियाजा भुगतना पड़ जाए तो कोई ताज्जुब नहीं होगा। बेहतर होगा कि राज्य सरकार प्रदेशवासियों को अघोषित विद्युत कटौती की समस्या से निजात दिलाने कड़े कदम उठाएं। बिजली की चौबीसों घंटे निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करें।

प्रेरक प्रसंग

जो होता है अच्छे के लिए होता है

एक राजा अपने मंत्री के साथ आखेट पर निकले। वन में हिरन को देख राजा ने तीर प्रत्यंचा पर चढ़ाया ही था कि जंगल में से एक सूअर निकला और राजा को धक्का देकर भागा। इस अप्रत्याशित आघात के कारण तीर की नोक से उनकी उंगली कट गई। रक्त बहने लगा और राजा व्याकुल हो उठे। राजा की उंगली से खून बहता देखकर मंत्री बोले- 'राजन्! भगवान जो करता है, अच्छे के लिए करता है। राजा काफी पीड़ा में थे। मंत्री की बात सुनकर क्रोध से भर उठे। उन्होंने मंत्री को आज्ञा दी कि वो उसी समय उनका साथ छोड़ अन्य राह पकड़ लें। मंत्री ने आदेश को सहर्ष स्वीकार किया और भिन्न दिशा में निकल पड़े। ऐसा सोचते वे आगे बढ़ रहे थे कि उन्हें मंत्री नदी किनारे भजन करते दिखाई पड़े। राजा ने प्रेमपूर्वक मंत्री को गले लगाया और उन्हें सारा घटनाक्रम कह सुनाया। इसके बाद राजा ने उनसे प्रश्न किया- मेरी उंगली कटी, इसमें भगवान ने मेरा भला किया, पर तुम्हें मैंने अपमानित करके भगाया, इससे भला तुम्हारा क्या भला हुआ। मंत्री मुस्कराए और बोले - राजन् ! यदि आपने मुझे भिन्न राह पर न भेजा होता और मैं आपके साथ होता तो अंग भंग के कारण नरभक्षी आपकी बलि न देते, पर मेरी बलि चढ़नी सुनिश्चित थी।

आज का पंचांग

सूर्योदयः 05:48, सूर्यास्तः 19:15
चन्द्रोदयः 06:46, चन्द्रास्तः 20:13
अयन दक्षिणायन, ऋतुः वर्षा
शक सम्वतः 1946 (क्रोधी)
विक्रम सम्वतः 2081 (कालयुक्त) पिंगल संवत्सर क्रोधी,
संवत्सर (उत्तर) कालयुक्त
युगाब्द (कलि संवत) 5126
मास आषाढ, पक्ष शुक्ल
तिथि तृतीया, नक्षत्र पुष्य (अहोरात्र)
योग वज्र
प्रथम करण बालव (16:38 तक)
द्वितीय करण कौलव (28:59 तक)

॥ गोचर ग्रहाः॥

सूर्य मिथुन, चंद्र कर्क
मंगल मेष (उदित, पूर्व, मार्गी)
बुध कर्क (उदित, पूर्व, वक्री)
गुरु वृष (उदय, पूर्व, मार्गी)
शुक्र कर्क (अस्त, पश्चिम, मार्गी)
शनि कुम्भ (उदित, पूर्व, वक्री)
राहु मीन
केतु कन्या

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त 12:05 से 12:59
राहुकाल 07:35 से 09:16
यमगण्ड 12:32 से 14:13
दुर्मुहूर्त 17:28 से 18:22
अमृत काल 23:19 से 25:00
रविपुष्य योग पूरे दिन
सर्वार्थसिद्धि योग पूरे दिन

अपना एमपी गज्जब है...

अरूण दिक्षित

और जंगल..वे तो रोज कट रहे हैं। जंगल माफिया को राजनीतिक संरक्षण है। वन कर्मचारी भी उससे मिले हुए हैं।अगर ऐसा न करें तो क्या करें!क्योंकि उन्हें तो नौकरी करनी है।अब तो उनके विभाग के मुखिया भी सर्वगुण संपन्न हैं। सरकारी सूत्रों का यह भी कहना है कि पिछले सालों में एमपी में फॉरेस्ट कवर बढ़ा है।अब सरकार कह रही है तो फिर सच ही कह रही होगी।क्योंकि जब जमीन पर पेड़ कटते हैं और कागज पर लगाए जाते हैं,तब कागज में फॉरेस्ट कवर बढ़ेगा ही! ऐसे में कागज का लिखा ही सही माना जायेगा! जहां तक जमीनी हकीकत की बात है,उसे पूरे प्रदेश में नंगी आंखों से देखा जा सकता है! पर देखेगा कौन ? फिलहाल आप आज करोड़ों पेड़ लगते देखिए!सीएम से लेकर डीएम तक के पेड़ों के साथ मुस्कराते चेहरों पर नजर डालिए!कल अखबार आपको पेड़ों की गिनती बता देंगे! कल्पना कीजिए कि पांच साल बाद आपके आसपास कितनी हरियाली होगी? हां अगर समय मिले तो पिछले साल लगाए गए पौधों को भी देख आइएगा !!!

यहां जमीन पर पेड़ कटते हैं
कागजों पर लगाए जाते हैं..

वैसे तो यह हर साल की रिवायत बन गई है!जुलाई का महीना आते आते सूबे की सरकार को हरियाली महोत्सव याद आने लगता है। आम आदमी को इस रिवायत की याद अखबारों में छपने वाले बड़े बड़े विज्ञापन दिलाते हैं।एक दो दिन बड़े बड़े विज्ञापन छापने वाले ये अखबार साल भर जंगल और पेड़ कटने की छिटपुट खबरें छापते रहते हैं। हालांकि पिछले कुछ सालों से ऐसी खबरों की संख्या बहुत बढी है।इसके साथ ही जंगल माफिया और जंगल महकमे के साथ टकराव भी बढ़ा है।इस टकराव में सरकारी कर्मचारियों और नागरिकों की जाने भी गई हैं!इस पर बात बाद में फिर कभी करेंगे!आज तो बात सिर्फ हरियाली की होगी!

हां तो मैं कह रहा था कि इन दिनों प्रदेश में हरियाली महोत्सव छाया हुआ है। पीएम और सीएम की तस्वीरों के साथ पहले पन्ने पर छपे विज्ञापनों ने बताया है कि आज 6 जुलाई को एमपी में करोड़ों पेड़ लगाए जायेंगे।खुद सीएम राजधानी में एक पेड़ लगाएंगे! हरियाली महोत्सव,जिसे पहले वन महोत्सव भी कहते थे,की महत्ता बताते हुए बड़े वन विशेषज्ञों के बड़े बड़े ज्ञानपूर्ण लेख भी अखबारों में छप रहे हैं।ज्यादातर अदृश्य रहने वाला ई मीडिया तो ऐसे लेखों से भरा पड़ा है। आगे बढ़ने से पहले एक बात आपको बताता चलूं..मुझे जंगल बहुत अच्छे लगते हैं।तीस साल पहले जब अचानक दिल्ली से भोपाल फेंका गया था तब यह सोचा भी नही था कि यहीं जम जाऊंगा।आने के बाद पहली बारिश में जो प्रदेश के जंगल और पहाड़ देखे तो फिर यहीं का होकर रह गया!अब जायेंगे भी कहां?

बात हरियाली महोत्सव की हो रही है।जहां तक मुझे याद है,एमपी में बीजेपी को सत्ता में लाने वाली,उमा भारती ने यह आदेश दिया था कि प्रदेश के हर नागरिक के नाम एक पेड़ लगाया जाए।इस तरह तब करीब पांच करोड़ लगाने की बात सरकार की ओर से हुई थी।यह भी संयोग है कि जाड़े में (दिसंबर 2003) मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बैठी उमा भारती पेड़ लगाने के मौसम तक उस कुर्सी पर नही रह पाई।23 अगस्त 2004 को उनकी पार्टी के लोगों ने ही,एक वारंट के बहाने, उनसे कुर्सी वापस ले ली। वे तब से आज तक राजनीति के बियाबान जंगल में भटक ही रही हैं! उमा के जाने के बाद बाबूलाल गौर गद्दी पर बैठे।यादव कुल में जन्में बाबूलाल ने अपने शासन काल में उमा के पंच ÷ज÷ के स्थान पर ÷गोकुल गांव÷ को तरजीह दी।उनके लगभग सवा साल के शासन के बाद दिल्ली ने शिवराज सिंह चौहान को एमपी की सूबेदारी सौंपी !उसके बाद जो कुछ हुआ वह अब तक चल रहा है।

जहां तक मुझे याद आ रहा है ,शिवराज सिंह चौहान ने इसे एक सालाना इवेंट बना दिया।पेड़ों की कीमत पर बने कागज पर छपने वाले अखबारों में यह इवेंट छाया रहता था। हर साल यह दावा किया जाता कि सरकार ने करोड़ों (पांच से दस करोड़ तक) पेड़ लगाए हैं।बड़े बड़े आयोजन होते !पूरी दुनियां को यह बताया जाता कि देश में सबसे ज्यादा वन क्षेत्र वाले राज्य में घनघोर हरियाली छाई हुई है।हरियाली की इन खबरों के बीच कुछ अखबारों में कुछ खबरें भी छपती..मसलन पौधे आए ही नही और रोपण हो गया।गड्ढे खुदे नही और पेड़ लग गए !कुछ अफसर तो इतने करामाती थे कि वे कागज पर ही अमेजन का जंगल उगा देते थे! एक साल तो हरियाली महोत्सव के नाम पर ऐतिहासिक कमाल हुआ !शायद 2017 का साल था।सीएम साहब के दरबारियों ने उन्हें दुनियां में रिकॉर्ड बनाने का सुझाव दिया।साहब ने फौरन ऐलान कर दिया।बताते हैं कि उन दिनों जंगल महकमे के एक आला अफसर की पुत्री रिकॉर्ड दर्ज करने वाली संस्था से जुड़ी थी।उन्होंने रिकॉर्ड का प्रमाण पत्र हासिल करने के नाम पर सरकारी खजाने से मोटी रकम निकाल ली। पूरे प्रदेश में सघन वृक्षारोपण अभियान चला।चूंकि प्रदेश में इतने पौधे थे नहीं जिनसे रिकॉर्ड बनाया जा सके।इसलिए अफसरों ने उत्तर दक्षिण,पूरब पश्चिम सहित दसों दिशाओं से पौधे आयात किए! पूरे प्रदेश में गढ्ढे खोदे गए।सीएम और डीएम के साथ उनके प्यादों ने भी जम कर पौधे लगाए।खूब वाहवाही हुई।दावा किया गया कि पौधे लगाने का रिकॉर्ड बन गया है।सीएम और उनके अफसरों ने अलग अलग दावे किए। लेकिन कुछ घंटे बाद ही इस अभियान की असलियत सामने आने लगी।बीजेपी के ही एक बड़े नेता ने कुछ तस्वीरें सार्वजनिक की।आज वे राज्य सरकार में वरिष्ठ मंत्री हैं।बताया गया कि कागजों पर जहां सघन वृक्षारोपण हुआ था ,वास्तव में वहां एक गड्ढा भी नही खोदा गया था।फिर यह भी पता चला कि दूसरे राज्यों से सिर्फ बिल आए हैं पौधों ने ट्रकों में चढ़ने से ही इंकार कर दिया था।वन विभाग हो यह उद्यान विभाग,सबके अफसरों की पौ बारह हो गई। दुखद बात यह रही कि जिस रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराने के लिए मोटी रकम खर्च की गई थी,उसे चलाने वाली संस्था ने असलियत जानने के बाद प्रमाण पत्र के नाम पर कोरा कागज भी नही दिया।लेकिन उस अफसर से किसी ने कुछ नही कहा! गहराई से देखें तो ऐसा कमोवेश हर साल ही हुआ है।अगर सरकारी आंकड़ों को सच मान कर हिसाब लगाया जाए तो 19 साल में एक अरब से ज्यादा पौधे प्रदेश में लगाए गए।(कांग्रेस के शासन वाला एक साल मैंने घटा दिया है)। अब आप सोचिए कि अगर इन पौधों में से यदि आधे भी बचे होते तो आज प्रदेश में कितनी हरियाली होती?चलिए आधे छोड़ देते हैं। ज्यादातर पौधे सर्दी गर्मी नही झेल पाते है,यह मानकर सिर्फ दस प्रतिशत के ही जीवित रहने को व्यवहारिक मान लेते हैं।इस दृष्टि से भी पिछले 19 साल में राज्य में कमसे कम 15 करोड़ पेड़ होने चाहिए थे। हो सकता है कि सरकारी कागजों में ये पौधे अब दरख्त बन गए हों!पर जमीन पर कहीं दिखे नहीं। इस बीच जंगल और पेड़ कटने की खबरें हर रोज आती रही हैं।स्मार्ट सिटी के नाम पर राजधानी भोपाल में ही हजारों पेड़ों की बलि चढ़ा दी गई है।यह अलग बात है कि सिटी आज तक स्मार्ट नही हुआ है।अफसरों ने बड़े बड़े दावे पुराने पेड़ों को लेकर किए।लेकिन वास्तविकता यह है कि एक भी पेड़ नही बचा।सब खत्म हो गए।इसकी जिम्मेदारी किसी पर नही आई! उधर शिवराज सिंह चौहान आज भी रोज एक पेड़ लगा रहे हैं।उन्होंने नर्मदा के किनारे भी सघन वृक्षारोपण और बागवानी का अभियान चलाया था।लेकिन वह अभियान से आगे नहीं बढ़ा।ज्यादातर कागज पर ही रहा।

आज का इतिहास

2014 में 8 जुलाई को ही जर्मनी फुटबाल टीम के मिरोस्लाव क्लोस ने विश्वकप में सर्वाधिक 16 गोलों का वर्ल्ड रिकार्ड बनाया था। 2013 में आज ही के दिन मिस्त्र की राजधानी काहिरा में धरने पर बैठे प्रदर्शनकारियों पर सेना की गोलीबारी में 42 लोगों की मृत्यु हो गई थी। 2012 में 8 जुलाई को ही अफगानिस्तान के कंधार प्रांत में हुए कार बम धमाके से 14 नागरिकों की मृत्यु हो गई थी। 2005 में 8 जुलाई को ही जलवायु परिवर्तन के मुद्दे पर समूह-8 के देशों में सहमति बनी थी। 1994 में आज ही के दिन शिमाकी मुकाई की जापान की प्रथम महिला अंतरिक्ष यात्री बनी। 1992 में 8 जुलाई को ही थॉमस क्लेस्टिल ऑस्ट्रिया के राष्ट्रपति बने थे। 1972 में आज ही के दिन भारतीय क्रिकेट टीम कप्तान सौरव गांगुली का जन्म हुआ था। 1948 में आज ही के दिन अमेरिकी वायुसेना में महिलाओं की भर्ती शुरू हुई थी। 1858 में 8 जुलाई को ही ग्वालियर के किले के पतन के बाद लॉर्ड केनिंग ने शांति की घोषणा की थी। 1833 में आज ही के दिन रूस और तुर्की ने सुरक्षा संधि पर हस्ताक्षर किए थे। 1693 में 8 जुलाई को ही न्यूयॉर्क पुलिस की वर्दी को मंजूरी दी गई। 1497 में आज ही के दिन 170 सदस्यीय दल के साथ समुद्र के रास्ते भारत पहुंचने के लिए वास्को डी गामा यूरोप से रवाना हुए थे।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

रस्ते बेशक सभी पुराने

रस्ते बेशक सभी पुराने हैं फिर से उनको मगर दिखाने हैं जान मुझ में बची कहाँ कोई रिश्ते साँसों से बस निभाने हैं बाद मुद्दत ये आयी है हिचकी अबकी आँसू ढुलक ही जाने हैं काश थोड़ा सा वक्त मिल जाए ज़ख़्म अपने उन्हें गिनाने हैं फिर दरारें दिखीं हैं क्यारी में जिसमें फूलों के आशियाने हैं उनसे रिश्ता निकालना होगा 'भवि' जो गुज़रे हुए ज़माने हैं - **शुचि भवि**

दोस्ती का रिश्ता

दोस्ती का रिश्ता सबसे अच्छा है , दोस्ती के दम से अच्छी दुनिया है । तेरा साया बन के रहना है मुझे ज़िन्दगी भर साथ दूंगा वादा है।, तेरे मेरे में कहां अब फर्क है , मेरा अब तेरा औ तेरा मेरा है।। । सारी चीजें दुनिया की ले आओ घर, पर सुकूं अपनों से मिल के मिलता है। है प्रतीक्षा कार्यक्रम में आपकी। रिश्तों को दिल से निभाना पडता है। - **संजय दानी**

ख़ास पाती | कौन तय करता है दायरा जिंदगी

कौन तय करता है दायरा जिंदगी हो या रिश्तों का हो चाहे शब्दो का, तय करता है आसपास का वातावरण व परिस्थितियां, स्वयं का स्वभाव यह तय करता है कि हम किस दायरे में खुद को पाते हैं, सूख रही है अहसासो की नमी मौन हो रहे वो शब्द जो कभी पूछते थे " तुम ठीक तो हो ना , वो रिश्ते सिमट गए कुछ अपनों में, कुछ गलतफहमियों में, कभी कभी खुद को साबित करने के लिए तोड़ने पड़ते है शब्दो के दायरे !! - **सीमा नागर तुली**

एक नारी , जोड़ती है अनगिनत रिश्तों को

एक नारी , जोड़ती है अनगिनत रिश्तों को! जिसमें होते हैं , खून के अलवा प्यार, बंधुत्व, वात्सल्य और बिना नाम के एक पूरा समाज? जिसे बनाया होता है, अपने संस्कारों, विचारों,कर्त्तव्यपरायणता, और बहुमूल्य ममतामयी अंतर्निहित उद्गारों से। दूर कर देती है, कटुता,वाणी वाचालता, उमड़ते-घुमड़ते कुचक्र को, मात्र अपनी,एक सहज बाल-सुलभ हृदयस्पर्शी मुस्कान से! एक दिन में , नही निहित होती है, मन की यह गंगोत्री, वर्षो की अथक साधना का एक, मूर्त रूप होती है? ऐसी नारी, या माँ! - **अजय श्री**

भारत देश महान है,क्या नहीं

भारत देश महान है,क्या नहीं इसके पास चारो ऋतुओं का नहीं,जग में कहीं प्रवास हमसे बढ़कर क्या कहीं,योद्धा और बलवान कहीं नहीं है वेद सा,गीता जैसा ज्ञान भारत में उल्लास है,बिखरा है सद्भाव बहुत भिन्नता है मगर,फिर भी दिखे जुड़ाव कितना विकृत बना दिया,भारत का इतिहास गौरवशाली देश की,समझो पीड़ा,त्रास - **शालिनी शर्मा**

न जाने क्यों अंतर मन में

न जाने क्यों अंतर मन में शोर है। बाहर पसरी हैं खामोशियां किंतु हो रहीं सरगोशियां खुद का खुद पे ही अब न कोई जोर है। न जाने क्यों अंतर मन में शोर है। अपने भी न अपने हुए रीते सभी सपने हुए लगा मेघ का डेरा नहीं किंतु ये घटा घनघोर है। न जाने क्यों अंतर मन में शोर है। हूं प्रतिक्षारत द्वार पर अनजान सी पुकार पर पथरा गए व्याकुल नैना किंतु हिय आस की डोर है। न जाने क्यों अंतर मन में शोर है। अब पवन सुगंधित है नहीं गीत भी स्पंदित है नहीं शर्वरी लेकर कांधे पर खड़ी उदास सी भोर है न जाने क्यों अंतर मन में शोर है। यादों की पुरवइयों संग वेदना की गहराइयों संग डूब, उतारता रहे मन पर पा न सके ये छोर है न जाने क्यों अंतर मन में शोर है। - **रजनी रामदेव**

देश की प्रगति के चलते इतनी जलन

देश की प्रगति के चलते इतनी जलन हुई कि मुझे आश्चर्य है यह देश के सांसद हैं या कोई और? देश की जनता का भी खून पसीना लगा है वैश्विक इकोनॉमी में मील के पत्थर स्थापित करने में परन्तु आपको तो डिस्ट्रक्शन चाहिए। इसलिए न सुनना है न सुनने देना है जब घर की याद आ जाए उठ कर घर चले जाना है। संसद को संसद की तरह रहने दो अपने घर का प्ले ग्राउंड नहीं। दिखाने को उठा ली संविधान की पुस्तक कभी पढ़ी भी है? - **नवीन शंकर शर्मा**

वन का अर्थ .... जी चाहता है

वन का अर्थ .... जी चाहता है थोड़ी सी आजादी , वो मिलती नही , कुछ पल के लिए होता है आजाद ये मन , तो की जाती है बेरुखी हमसे , जी चाहता हैं ,छूने को ये अनन्त आकाश , तो छू नही पाता , कुछ पल के लिए मिलते है पंख , तो कोशिश करता हूँ की उड़ू , तो की जाती है बेरुखी हमसे , कब तक जिये हम ऐसे , आजादी नही तो गति नही , गति नही तो गीत नई , गीत नही तो ब्यर्थ है ये जीवन - **नमन कुमार मिश्रा**

QUIZ TIME

1) पक्षियों को बहुत ऊँचाई पर उड़ते समय साँस की परेशानी क्यों नहीं महसूस होती?

2) भारत के प्रथम दलित मुख्य न्यायाधीश कौन बने?

3) हाल ही में हेल्थ साथी योजना किसने लॉन्च की है?

4) इक्थियोलॉजी में किसका अध्ययन किया जाता है?

5) हाल ही में चर्चा में रही, राइजोटोप परियोजना किससे संबंधित हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) उनमें अतिरिक्त वायु-कोष होते हैं (2) के जी बालकृष्णन (3) पेटीएम (4) मत्स्य की संरचना और कार्यिकी इत्यादि का अध्ययन (5) गैंडा

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन प्रतिकूल रहने वाला है। क्रोध ओर अहम की भावना प्रेम सम्बन्धो में खटास लाएगी।

वृषः आज का दिन आनंद दायक रहेगा। घर एव बाहर का वातावरण उत्साह में वृद्धि करने वाला रहेगा।

मिथुनः आज का दिन सुख चैन से व्यतीत करेंगे। कार्यो की अपेक्षा आराम को अधिक महत्त्व देंगे।

कर्कः आज अपनी ही गलतियों पर स्वयं हसने के प्रसंग बनेंगे। दिन का अधिकांश समय आलस्य में बीतेगा परन्तु महिलाये इसके विपरीत अधिक व्यस्त रहेंगी।

सिंहः आज के दिन आकस्मिक खर्च आने से आर्थिक उलझने बढ़ेंगी। अधिकांश खर्च भी दिखावे पर रहेंगे। समाज मे स्वयं को अग्र दिखाने का प्रयास करेंगे।

कन्याः आज का दिन शुभ फलदायी है। व्यावसायिक एवं सरकारी कार्यो में थोड़े परिश्रम से सफलता पा लेंगे। सरकारी सहायता मिलने की भी उम्मद है।

तुलाः आज का दिन व्यावसायिक क्षेत्र में वृद्धि कराएगा। धन लाभ में थोड़ा विलम्ब होगा लेकिन संतोष जनक रहेगा। सहकर्मी आपके सनकी मिजाज से चिढ़ सकते है।

वृश्चिकः आज के दिन आप अपनी कार्यशैली को लेकर आलोचना के शिकार होंगे। कार्यो की गति मंद रहने से विलंब से पूर्ण होंगे।

धनुः आज आप किसी गुप्त आशंका से भयभीत रह सकते है दैनिक कार्य भी इस वजह से प्रभावित रहेंगे।

मकरः आज का दिन कार्यो में विजय दिलाएगा फिर भी कुछ कार्य अधूरे रहने का मलाल भी रहेगा। आज ध्यान रखें जिस भी कार्य को अधूरा छोड़ेंगे उसे पुनः आरम्भ नही कर सकेंगे।

कुंभः आज दिन का पहला भाग सभी प्रकार से निराशाजनक रहेगा। जिस भी कार्य को करने का मन बनाएंगे उसी में विलंब होगा।

मीनः आज के दिन आप व्यर्थ की चिन्ताओ का बोझ लेकर घूमेंगे। व्यवसायी वर्ग कार्यो के परिणाम जानते हुए भी मानसिक द्वंद में फंसे रहेंगे।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :
1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्यभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा)11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

ऊपर से नीचे
1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 110 का हल

ग	ल	त				खा	म	खाँ
णे		ल		झ	प	की		
श	र	ब	त		रं			मि
	ज	गा	ना		प	रा	का	ष्ठा
	नी	र		वि	रा	ज	मा	न
ना	च			प			य	
म	र	णा	स	न्न		पा	नी	
ची			प		पा			भो
न	ज	रा	ना		स	मा	चा	र

न्यूज गैलरी

सांसद निधि से बोर खनन

कुम्हारी। सांसद विजय बघेल के सांसद निधि से सत्य कबीर मानिकपुरी समाज बाजार चौक के भवन में बोर खनन का काम प्रारंभ किया गया । कार्यक्रम में पूजा अर्चना कर असीम जल प्राप्ति की ईश्वर से कामना करते हुए इस कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि मनोज वर्मा, रामकुमार सोनी ,अवधेश शुक्ला, राजू निषाद, प्रिोश्वर साहू , उमाकांत साहू, सुनीता कुर्रे, अजय कुर्रे, रामाधार शर्मा एवं मानिकपुरी समाज के लोग उपस्थित थे।

विद्युत दर में वृद्धि पर आज ब्लॉक कांग्रेस का प्रदर्शन

भिलाई। छत्तीसगढ़ राज्य भाजपा सरकार के गलत नीतियों के चलते राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में बेतहाशा वृद्धि की गई है। तथा बार-बार हो रही अघोषित विद्युत कटौती से आम जनता एवं किसान परेशान है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार धरना प्रदर्शन के माध्यम से राज्य की भाजपा सरकार द्वारा बढ़ाए गए विद्युत दर को वापस लिए जाने व प्रदेश में हो रही अघोषित विद्युत कटौती बंद कर प्रदेश की आम जनता सहित किसान भाइयों को राहत पहुंचाने की मांग की जाएगी। उक्त आशय पर 8 जुलाई 2024 सोमवार को ग्राम अण्डा तिराहा चौक में ब्लॉक कांग्रेस कमिटी दुर्ग ग्रामीण द्वारा प्रातः 11 बजे से एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा।उक्त जानकारी ब्लॉक कांग्रेस कमिटी दुर्ग ग्रामीण अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर एवं महामंत्री टिकेश्वरी लाल देशमुख ने दी।

रथयात्रा में शामिल हुए महापौर

दुर्ग। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में महापौर धीरज बाकलीवाल शामिल हुए। उन्होंने पूरे विधि विधान से भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र की पूजा अर्चना की। इस दौरान पार्षद व एनआईसी सदस्य दीपक साहू, भोला महोबिया भी रथ यात्रा में शामिल हुए। आज किला मंदिर प्रांगण तमेरपारा दुर्ग एवं श्री राम जानकी मंदिर से निकाली गई प्रभु श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्रा में शामिल होने का एवं आरती करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

बच्चों को ब्रशिंग टेक्नीक सिखाई

दुर्ग। आईडी शाखा के डॉक्टर्स द्वारा स्माइल फाउंडेशन के सहयोग से श्री शंकराचार्य स्कूल सेक्टर-10 में दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जूनियर विंग के 550 बच्चों का परीक्षण किया गया। सभी बच्चों को विभिन्न ब्रशिंग टेक्निक के साथ स्वस्थ आहार की जानकारी दी गई। शिविर में शंकराचार्य स्कूल के प्राचार्य बिपिन देशमुख सर एवं सभी शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा। आईडीए अध्यक्ष डॉ. मंजू यादव कन्वेनर डेंटल हेल्थ, डॉ. सविता कड्डवाल, डॉ. सायली कुरैशी, डॉ. स्मिता श्रीवास्तव, डॉ. दिक्षाली इंदुरकर, मौनल साटकर साहू ने अपनी सेवाएं दी।

प्रभु जगन्नाथ का रथ खींचने श्रद्धालुओं में लगी रही होड़

प्राचीन आमदी मंदिर व किला मंदिर से निकली रथयात्रा ने शहर का किया भ्रमण

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा रविवार को शहर के प्राचीन आमदी मंदिर स्टेशन चौक और किल्ला मंदिर तमेरपारा से पूरे आस्था व श्रद्धा के साथ निकाली गई। फूलों से सुसज्जित रथ खींचने श्रद्धालुओं में होड़ लगी रही। रथ में विराजमान भगवान जगन्नाथ के साथ भगवान बलभद्र व बहन सुभद्रा के दर्शन के लिए पूरे रास्तेभर श्रद्धालुओं में अपार उत्साह रहा। जनप्रतिनिधियों ने भी रथयात्रा में शामिल होकर भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए, और शहर की सुख समृद्धि व खुशियाली के लिए कामना की। स्टेशन चौक स्थित प्राचीन आमदी मंदिर से दोपहर बाद रथयात्रा शुरु हुई। यह रथयात्रा गाजे-बाजे के साथ ग्रीन चौक, अग्रसेन चौक, हरनाबांधा चौक, पोलसायपारा चौक, इंदिरा मार्केट, पटेल चौक, राजेन्द्र पार्क चौक, सिंधी कालोनी क्षेत्र का भ्रमण कर वापस रेल्वे स्टेशन स्थित आमदी मंदिर पहुंची। इसी प्रकार तमेरपारा स्थित प्राचीन किल्ला मंदिर से निकली रथयात्रा तमेरपारा से बरईपारा, हटरी बाजार, जवाहर चौक, गांधी चौक, सदर बाजार, कोष्टापारा, ब्राम्हणपारा, चंडी चौक, मठ मंदिर, शिवपारा, गवलीपारा, ढीमरपारा, बनिया पारा क्षेत्र का भ्रमण करते हुए वापस किल्ला मंदिर पहुंची। लूचकी पारा मंदिर से निकली रथयात्रा में विधायक गजेंद्र यादव के साथ श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल हुए। आमदी मंदिर व किल्ला मंदिर समिति के पदाधिकारी व्यवस्था बनाने में सक्रिय रहे। वहीं सुरक्षा के लिहाज से रथयात्रा के भ्रमण के दौरान पुलिस बल अलर्ट रही।

3 दोस्तों ने दोस्त को मार डाला

मरते दम तक पीटा, फिर पत्थर से बांधकर नाले में फेंकी लाश

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। जिले में 3 लोगों ने शराब पार्टी के बाद अपने दोस्त को मार डाला। मर्डर के बाद शव को नाले में फेंक दिया। बताया जा रहा है कि लाश सड़ी गली हालत में मिली है, जो 20 दिन पुरानी बताई जा रही है। वारदात के बाद पुलगांव थाना क्षेत्र में लाकर लाश को ठिकाने लगाए थे। राजनांदगांव जिले के सोमनी थाना प्रभारी रामेंद्र सिंह ने बताया कि मामला राजनांदगांव जिले के सोमनी थाना अंतर्गत का है। 26 वर्षीय दिनेश आदिल सोमनी के बैगाटोला स्थित एक ढाबे में काम करता था। 17 तारीख को अचानक वो रहस्यमयी तरीके से गायब हो गया था। इसके बाद उसके परिजनों ने 21 जून 2024 को दिनेश की गुमशुदगी की रिपोर्ट सोमनी थाने में दर्ज कराई थी।

ईशु नाम के दो लड़कों से दिनेश का झगड़ा हुआ

शिकायत दर्ज कर सोमनी पुलिस ने उसकी तलाश शुरू की। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली की पिंटू देशमुख और इशु नाम के दो लड़कों से दिनेश का झगड़ा हुआ था। उन लोगों ने उसे बुरी तरह मारा था। उसके बाद से दिनेश गायब है। पुलिस ने दोनों लड़कों को पकड़कर सख्ती से पूछताछ की तो उन लोगों ने उसकी हत्या कर शव को पुलगांव नाले में फेंकना बताया। इसके बाद सोमनी पुलिस आरोपियों को उस जगह पर लाई जहां शव को फेंका गया था। इसके बाद उनकी निशानदेही के आधार पर वहां स्थानीय गोताखोरों को उतारा गया। गोताखोर की मदद से पुलिस ने कई घंटे बाद शव को खोजकर नाले के पानी से बाहर निकाला। शव की पहचान भाई ने कपड़े के आधार पर की।

वारदात से जुड़े कुछ आरोपी फरार

बताया जा रहा है कि नाले में जलकुंभी की वजह से लाश ऊपर नहीं आ सकी, लेकिन जब आरोपियों ने जुर्म कबूल किया तो मामले का खुलासा हुआ। केस में कुछ आरोपी फरार हैं। पुलिस उनकी भी तलाश कर रही है, जल्द और आरोपियों की गिरफ्तारी होगी।

नेपाली सहित साथियों को 7 साल की सजा

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले के सबसे बड़े सटोरी और महादेव सट्टा एप का पैनल चलने वाले दीपक नेपाली को 7 साल की सजा सुनाई है। वो कुछ महीने पहले ही जेल से जमानत पर बाहर आया था। न्यायालय ने दीपक के साथ उसके दो साथियों को भी दोषी करार देते हुए सजा सुनाई है। दीपक नेपाली और उसके दो साथी गुरमीत सिंह और संतोष शर्मा उर्फ मथुरा सुभाष चौक कैंप 1 में राममोहन साहू की डेली नीड्स की दुकान पहुंचे थे। इन लोगों ने राम मोहन से सिगरेट और गुटखा खरीदा। जब उसने पैसे मांगे तो इन लोगों उसे गाली गलौज शुरू कर दी। इस दौरान विवाद इतना बढ़ गया कि दीपक व साथियों ने अपने पास रखे चाकू को निकाला और दुकान दार पर वार कर दिया। उन्होंने उसके चेहरे से लेकर गले तक चाकू से कई वार किए। इसके बाद तीनो वहां से फरार हो गए थे।

फैक्ट्री में हैवी सामान गिरने से मजदूर की मौत

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। जिले के हथखोज इंडस्ट्रियल एरिया में स्थित आयरन स्टील प्रोसेसिंग कंपनी में हादसा हुआ है। हैवी सामान ऊपर गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। घटना पुरानी भिलाई थाना क्षेत्र की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी महेश ध्रुव ने बताया कि, रविंद्र वर्मा हथखोज में भिलाई आयरन स्टील प्रोसेसिंग कंपनी में काम करता था। रविवार दोपहर काम करने के दौरान वो उस तरफ बाथरूम करने चला गया, जहां हैवी लिफ्टिंग का काम चल रहा था। जब रविंद्र बाथरूम कर लौटा, तो मना करने के बावजूद उसी तरफ चला गया। इसी दौरान अचानक पैर फिसलकर गिरा, तो काफी वजनी चक्कानुमा पार्ट उसके ऊपर गिर गया। जिससे मजदूर का सिर फट गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने जमकर हंगामा किया। पुरानी भिलाई पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमॉर्टम हेतु भेज है।

50 लाख मुआवजे की मांग

परिजनों ने फैक्ट्री प्रबंधन से मांग की है कि मृतक के परिवार को 50 लाख रुपए मुआवजा दिया जाए। इधर, कंपनी संचालक धारिया जाम का कहना है कि वो मृतक के दोनों बच्चों की पढ़ाई और स्वास्थ्य का खर्च उठा लेंगे। उसकी पत्नी को नौकरी दे देंगे। दोनों बच्चों के नाम 3-3 लाख रुपए की एफडी कर देंगे। इसके अलावा उन्हें इंश्योरेंस से जो मिल पाएगा वो मिलेगा। इसके बाद भी पीड़ित परिवार 50 लाख रुपए मुआवजा को लेकर अड़ा हुआ है।

आज से कर्बला के शहीदों की याद में बीतेंगे 10 दिन, तैयारियां शुरू

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। कर्बला में हक के लिए अपनी कुर्बानी देने वाले शहीदों की याद में एक से दस मोहर्रम यानि 08 जुलाई सोमवार से 16 जुलाई मंगलवार तक शहर में कई आयोजन होंगे। इन 10 दिनों में तकरीर, लंगर, अलाव, अखाड़े और ताजियादारी के साथ स्वास्थ्य शिविर व सम्मान समारोह की भी तैयारी है। मुहर्रम के आयोजन से पहले रविवार की शाम से अलग-अलग अंजुमनों में तैयारियां शुरू हो गई। वहीं शिया समुदाय के इमामबाड़े में भी मुहर्रम की तैयारी चल रही है। शहर के विभिन्न हिस्सों में अंजुमनों ने करबला के शहीदों की याद में अलम (झंडा) लगाया और 10 रोज के मुहर्रम की शुरुआत की। अखाड़ों में करतब के लिए अभ्यास शुरू हो गए हैं। वहीं ताजियेदार अपने-अपने ताजिये बनाने में जुट गए हैं। इस बार भी शहर में उत्तर प्रदेश-बिहार से कारीगर आए हुए हैं, जो आकर्षक और कलात्मक ताजिए बना रहे हैं। अंजुमन शहीदीया सुपेला चौक इमामबाड़े में रविवार को फातिहा खवानी के बाद मुहर्रम की शुरुआत हुई। यहां अंजुमन से जुड़े नौजवानों ने अखाड़े की तैयारी शुरू कर दी है। वहीं 10 दिन तक जगह-जगह लंगर भी होगा। सूफी संत बाबा भोला शाफी शाह रहमतुल्लाह अलैहि की खानकाह ग्राम बीरेभाठ नंदिनी एयरोड्रम के पास मुहर्रम पर आयोजन होंगे। इनमें 7 मुहर्रम को अलम (झंडा) लगाया जाएगा और कर्बला के शहीदों को खिराजे अकीदत पेश की जाएगी।

विधायक ललित के गांव में ग्रामीण परेशान

■ भारतमाला प्रोजेक्ट राष्ट्रीय राजमार्ग के भारी वाहनों ने बढ़ाई मुसीबत

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। दुर्ग ग्रामीण विधानसभा के ग्राम कोलिहापुरी में कृषि कार्य करने वाले एनएचएआई भारतमाला प्रोजेक्ट में लगे भारी वाहनों के आवाजाही में प्रतिबंध लगाने के लिए मुक्तिधाम जाने वाले रोड को ब्लॉक कर बैठ गए। इस दौरान भारतमाला परियोजना के लिए परिवहन में लगे वाहनों के आवाजाही में रोक लगा दिया है। जनपद सभापति विक्की मिश्रा भी ग्रामीणों के समर्थन में बैठ गए है।

लोगों ने बताया कि पहले ही सड़क चौड़ीकरण में नाली निर्माण से लेकर प्रकाश की समुचित व्यवस्था नहीं होने से आए दिन दुर्घटना होते रहता है। भारतमाला में परिवहन में लगे हैवी वाहन टर्निंग में जब अचानक मुड़ती है तो हादसे बढ़ रहे हैं। पूर्व दिन में ही एक स्कॉर्पियो मौके पर दुर्घटनाग्रस्त हुई है। डिवाइडर को भी नुकसान हुआ है।

गांव के किसानों का कहना है कि भारतमाला प्रोजेक्ट का विरोध नहीं है लेकिन सड़क को बनाने के लिए कोई लिखित आश्वासन नहीं दिया जा रहा है इस रोड में जब भारत माला की गाड़ी पहुंचती है तो कृषि कार्य में लगे वाहन आवाजाही नहीं कर सकते। किसानों के उपयोग किए जाने नहर को भी पाट दिया गया है। ऐसे में कृषि कार्य संपन्न नहीं हो पाएगा। 6 लेन सड़क निर्माण में किए जा रहे कार्यों से किसानों की मुसीबत बढ़ गई है। गांव के ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर से भी नाराज दिखे इसके लिए उनके द्वारा कोई पहल नहीं किया जा रहा है, कोलिहापुरी विधायक चंद्राकर का गांव भी है। भारतमाला परियोजना के अधिकारियों से संपर्क किया गया इस पर जवाब मिला कि अगर सड़क डैमेज होती है तो उसको रिपेयर किया जाएगा। इसके लिए हम पीछे नहीं हटेंगे। पर ग्रामीण मान नहीं रहे। फिलहाल खबर लिखे जाने तक मामला सुलझा नहीं है। इस दौरान मौके पर डॉ मुकेश साहू, हरीश साहू, उत्तम साहू, दिलीप देशमुख, श्री राम निषाद, मोहन चंद्राकर, लेख राम साहू, धरम साहू, हीरामन देशमुख, दशरथ निषाद, शिव देशमुख, दिलेश्वर देशमुख, युगल किशोर देशमुख, मनोज साहू, राजकुमार देशमुख, भीषम साहू, मनीष साहू, मुनेश साहू, प्रह्लाद मिश्रा सहित अन्य मौजूद थे।

पुलिस व जीआरपी ने की सरप्राइज चेकिंग

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। जितेन्द्र शुक्ला पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आज दिनांक को प्रातः 11 बजे से 2 बजे तक पुलिस, जीआरपी पुलिस एवं आरपीएफ पुलिस, बीडीएस तथा डाग टीम के द्वारा रेल्वे स्टेशन का औचक चेकिंग किया गया चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गई। यार्ड में आने वाले पार्सल का बीडीएस तथा डाग स्क्वाड के द्वारा चेकिंग की गई चेकिंग के दौरान ट्रेन मे सफर के लिए आने एवं जाने वाले लोगो से एवं सामनों की भी जाँच की गई जीआरपी द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों की टिकिट की भी जाँच की गई एवं मोबाइल से भी बात कर संबंधित व्यक्तियों के परिचित से भी जानकारी ली गई तथा रेल्वे स्टेशन में जो भी संदिग्ध व्यक्ति मिले उन्हें मोहन नगर थाना लाकर पूछताछ की गई। चेकिंग का मुख्य उद्देश्य दुर्ग पुलिस एवं रेल्वे पुलिस के द्वारा रिस्पांस टाईम एवं आपसी तालमेल बनाना था संदिग्ध व्यक्तियों की तलाशी एवं अनावश्यक लोग स्टेशन में ना घूमे तथा सवारियों में सुरक्षा का भाव बना रहे। निरीक्षण के दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर सुखनंदन राठौर, नगर पुलिस अधीक्षक भिलाई नगर सत्यप्रकाश तिवारी, उपपुलिस अधीक्षक यातायात सतीश ठाकुर, उपपुलिस अधीक्षक चंद्रप्रकाश तिवारी, निरीक्षक मोनिका पाण्डेय थाना प्रभारी, रक्षित निरीक्षक नीलकंठ वर्मा, निरीक्षक संजीव सिन्हा रेल्वे पुलिस, जीआरपी से उनि. केबी राठौर एवं मोहन नगर एवं रक्षित केन्द्र के कर्मचारीगण उपस्थित थे।

यूथ कांग्रेस नेता ने पीडीएस चावल से भरा ऑटो पकड़ा

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। यूथ कांग्रेस नेता मनीष तिवारी और कार्यकर्ताओं ने सरकारी चावल से भरे एक ऑटो को पकड़ा है। जिसे वैशाली नगर थाने में खड़ा कर दिया है। जब थाने में कोई कार्रवाई नहीं हुई, तो उन्होंने खाद्य विभाग को फोन कर इसकी शिकायत की। अब कांग्रेस नेता को जान से मारने की धमकी भी मिली है। इसके बाद सहायक खाद्य अधिकारी वसुधा गुप्ता थाने पहुंचकर चावल चेक किया। ऑटो को थाने में ही खड़े रखने की बात कही। वसुधा गुप्ता ने कहा कि गाड़ी में 10 क्विंटल चावल लोड है। वो सफेद बोरियों में भरा हुआ है। अभी नहीं बताया जा सकता कि सरकारी चावल है या बाहर से खरीदा गया है।

सैंपल की होगी जांच

सहायक खाद्य अधिकारी वसुधा गुप्ता का कहना है कि, नान इंस्पेक्टर को जानकारी दी गई है, वो कल यहां आकर चावल का सैंपल लेंगे। उसे लैब में टेस्ट करेंगे कि वो पीडीएस का चावल है या नहीं। नान की रिपोर्ट आने के बाद ही मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी।

आगामी रणनीति पर हुई विस्तार से चर्चा

नव प्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। नगर पालिका परिषद के सामुदायिक भवन में नवयुक्त कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा प्रदेश स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया जिसमे नगरीय निकाय में कार्यरत कर्मचारियों के लंबित मांगों के संबंध में आगामी रणनीति के संबध में विस्तार से चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी के छायाचित्र पर दीप प्रज्जवलित कर पूजा अर्चना कर नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ प्रदेशाध्यक्ष राजेश सोनी, उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, प्रदेश महामंत्री उपेन्द्र बंजारा, कोषाध्यक्ष संदीप चन्द्राकर, सचिव ऋषभ ठाकुर, आशा जंघेल महामंत्री महिला प्रकोष्ठ, संजय शर्मा, कर्मचारी कांग्रेस प्रकोष्ठ के एवं स्वायत्तशासी कर्मचारी संघ से शरद दुबे महामंत्री एवं विभिन्न जिलों से आये पदाधिकारी द्वारा किया गया। तत्पश्चात् नवनियुक्त पदाधिकारियो कर्मचारियो का शपथ ग्रहण शरद दुबे (महामंत्री) प्रदेश स्वयतशाशी संघ द्वारा कराया गया। शपथ ग्रहण उपरांत नवनियुक्त कर्मचारी संघ ने विभिन्न एजेण्डा पर चर्चा किया। अधिकांश नगरीय निकाय के 4-5 माह से वेतन भुगतान हेतु स्थायी समस्या बनी हुई है शासन को इस समस्या के बारे में कई बार पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया,किंतु समस्या जस की तस बनी हुई है। समस्या को ध्यान में रखते हुए नवनियुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ द्वारा चरण बध्द आंदोलन किये जाने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया।

स्वयंसेवा कार्यक्रम ने पूरे किए एक वर्ष

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिला प्रशासन दुर्ग, यूनिसेफ छ.ग. एवं एग्रिकॉन फाउंडेशन के संयुक्त पहल कार्यक्रम युवोदय स्वयंसेवा कार्यक्रम ने अपने पहले वर्ष की सफलता के साथ एक नया मील का पत्थर छू लिया है। इस कार्यक्रम की शुरुवात 7 जुलाई 2023 को हुई थी इस कार्यक्रम में अभी 700 से अधिक स्वयं सेवकों ने जुड़कर जिले में विभिन्न सामाजिक और पर्यावरणीय मुद्दों पर जिला प्रशासन का सहयोग रहा। कार्यक्रम के दौरान युवोदय स्वयंसेवकों के द्वारा सामुदायिक मानसिक स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण में युवाओं की भागीदारी, किशोर किशोरी स्वास्थ्य, नशा मुक्ति में समुदाय को जोड़कर कार्य, माहवारी स्वच्छता, मतदान जागरूकता, और पौधा रोपण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर 200 से अधिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा चुका है। उनके समर्पण और निरंतर प्रयासों से जिले में इन क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिले हैं। प्रशासन के सहयोग से युवोदय स्वयंसेवकों ने इन सभी क्षेत्रों में अनुकरणीय कार्य किया है। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने सराहना करते हुए कहा युवोदय स्वयंसेवक कार्यक्रम ने जिले में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। कार्यक्रम की सफलता पर गर्व महसूस करते हैं और भविष्य में भी सहयोग की अपेक्षा करते हैं।

अजेय भारत व अन्य संगठनों ने पौधे लगाकर दिया संदेश

■ कलेक्टर व आयुक्त ने कार्यक्रम में शामिल होकर संगठनों का बढ़ाया हौसला

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। बहुआयामी संगठन अजेय भारत सामाजिक एवं धार्मिक संगठन, हॉकी एसोसिएशन एवं यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में रविवार को सतरूपा शीतला मंदिर के सामने हॉकी ग्राउंड सिविल लाइंस में पर्यावरण प्रेमियों ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी शामिल हुईं। उन्होंने पौधे लगाए और आयोजन की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया। आयुक्त लोकेश चंद्राकर, एमआईसी प्रभारी दीपक साहू, भोला महोबिया ने भी पौधे लगाए और दूसरों को भी एक पेड़ अवश्य लगाने प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अजेय भारत सामाजिक एवं धार्मिक संगठन, यूथ हॉस्टल्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया के सदस्यों के अलावा हॉकी खिलाड़ियों व विद्यार्थियों द्वारा उत्साह के साथ वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया गया। वृक्षारोपण में 100 से अधिक पौधे लगाए गए। जिसमें छायादार व फलदार पौधे शामिल है। पौधा लगाकर पर्यावरण प्रेमियों ने पौधों की सुरक्षा का भी संकल्प लिया है। बहुआयामी संगठन अजेय भारत सामाजिक एवं धार्मिक संगठन के प्रमुख संजय डहरवाल ने बताया कि यह वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण एवं लोगों को पेड़ लगाने प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित किया था। इस दौरान आयोजन समिति प्रमुख संजय डहरवाल, सदस्य कंचन शुक्ला, अखिलेश मिश्रा, ऋषिकांत तिवारी, मनीष भंडारी, अंसार अहमद, दलबीर सिंह, आरके भटनागर, गोविंद सिन्हा, विश्वनाथ पाणिग्राही मौजूद थे।

विधायक व महापौर ने किया भूमिपूजन

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। वार्ड 29 रविशंकर स्टेडियम के पास दादा दादी पार्क के सामने एक्यूप्रेशर आधारित जागिंग ट्रैक का निर्माण किया जाएगा। मॉर्निंग वॉक में आने वाले नागरिकों की मांग पर शहर विधायक गजेंद्र यादव ने पहल किया है। आज महापौर धीरज बाकलीवाल के साथ पौधारोपण कर भूमिपूजन किये। शहर में पहली बार बनने जा रहे आधुनिक ट्रैक से लोगों को काफी सुविधा मिलेगी। दादा-दादी नाना-नानी पार्क के पास आने वाले लोगों को जॉगिंग करने के लिए अब अधिक जगह मिल सकेगी। सामने रिक्त भूमि पर लगभग 200 मीटर नया जॉगिंग ट्रैक बनेगा, जिसका काम जल्द शुरू कर दिया जाएगा। पार्क में रोजाना सैकड़ों लोग घूमने के लिए आते हैं। यहां पर लोगों को एक्सरसाइज करने की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए यहां पर लगभग 10 फिट चौड़ा और लगभग 200 मीटर लंबा जॉगिंग ट्रैक तैयार किया जाएगा। अभी लोग पार्क में योगा, जुम्बा करने आते है। सुबह से ही शहर के लोग यहां पहुंचते है। यहां योगा और व्यायाम करते है। अब यहां पर नया ट्रैक बनने से जॉगिंग के लिए काफी बड़ी जगह लोगों को मिल जाएगी। गौरतलब है की विधानसभा चुनाव के दौरान विधायक ने यहां नागरिकों से जॉगिंग ट्रैक बनाने का वादा किये थे।

■ न्यूज गैलरी

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ महाराष्ट्र मंडल में बटुकों का सामूहिक उपनयन संस्कार

रायपुर/नवप्रदेश। चौबे कालोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में रविवार को सुबह आठ बटुकों का सामूहिक उपनयन संस्कार (मुंज) कराया गया। महाराष्ट्र मंडल के सचिव आचार्य चेतन दंडवते विधि विधान और वैदिक मंत्रों के साथ इन बटुकों का षोडस संस्कारों में से एक मुंज कराया। उनका साथ आचार्य योगेश दंडवते और पं. अभिषेक बक्षी ने दिया। महाराष्ट्र संस्कार केंद्र और महाराष्ट्र मंडल के संयुक्त तत्वावधान में यह आयोजन किया गया। इसमें रायपुर, भिलाई, कोरबा, धमतरी और छिंदवाड़ा मध्यप्रदेश से कुल आठ बटुकों का मुंज कराया गया। अमित कुमार बड़े दुर्ग, अभिषेक वाईकर धमतरी, कविश फाटक भिलाई, अथर्व अविनाश रुद्रज्वार रायपुर, आयुष पुराणिक दुर्ग, वैभव शेवालकर रायपुर, अभिप्राय धाबु कोरबा के साथ मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा से मोहन कस्तुरे का उपनयन संस्कार संपन्न कराया गया। सामूहिक उपनयन संस्कार का यह 25वां वर्ष था। इससे पहले के आयोजनों में तकरीबन 300 से अधिक बटुकों का उपनयन संस्कार कराया जा चुका है। महाराष्ट्र मंडल के सचिव आचार्य चेतन दंडवते ने बताया कि सुबह आठ बजे उपनयन संस्कार की विधि पूरे विधान के साथ प्रारंभ की गई। सबसे पहले मंडप पूजन किया गया।

रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने स्वर्णप्राशन आज

रायपुर/नवप्रदेश। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने 8 जुलाई को रायपुर के शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाएगा। आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में हर पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को स्वर्णप्राशन कराया जाता है। चिकित्सालय के कौमारभृत्य बाल रोग विभाग में सवेरे नौ बजे से दोपहर तीन बजे तक इसका सेवन कराया जाता है। यह औषधि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने, श्वसन संबंधी एवं अन्य रोगों से रक्षा करने के साथ ही एकाग्रता और स्मरण शक्ति बढ़ाने में अत्यंत लाभकारी है। यह बच्चों के शारीरिक और मानसिक विकास में भी मदद करता है। शासकीय आयुर्वेद महाविद्यालय चिकित्सालय में हर पुष्य नक्षत्र तिथि में बच्चों के लिए स्वर्णप्राशन का आयोजन किया जाता है। स्वर्णप्राशन हर महीने की पुष्य नक्षत्र तिथि में शून्य से 16 वर्ष के बच्चों को पिलाई जाने वाली औषधि है। इस साल 8 जुलाई के साथ ही अन्य पुष्य नक्षत्र तिथियों 3 अगस्त, 30 अगस्त, 26 सितम्बर, 24 अक्टूबर, 20 नवम्बर और 18 दिसम्बर को भी स्वर्णप्राशन कराया जाएगा।

प्रयास और एकलव्य आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का परिणाम घोषित

रायपुर/नवप्रदेश। आदिम जाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक विकास विभाग द्वारा आयोजित प्रयास आवासीय विद्यालय और एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय प्रवेश परीक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। अभ्यर्थी विभागीय वेबसाईट eklavya.cg.nic.in पर परिणाम का अवलोकन कर सकते हैं। प्रयास विद्यालय प्रवेश परीक्षा के अभ्यर्थी अपना अभ्यावेदन ई-मेल prayas. ctd@gmail. com पर 12 जुलाई को शाम 5 बजे तक तथा एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय के अभ्यर्थी ई-मेल abhyavedan. emrs@ gmail.com पर 14 जुलाई को शाम 5 बजे तक कर मेल कर सकते हैं।

300 पौधे रोपकर स्काउट-गाइड ने लिया संरक्षण का संकल्प

■ मुरमुन्दा उमावि में विधायक डोमन लाल कोर्सेवाड़ा की उपस्थिति में अनेक प्रजाति के पौधे लगाए गए

दुर्ग/नवप्रदेश। भारत स्काउट एवं गाइड छत्तीसगढ़ राज्य संघ रायपुर के मार्गदर्शन में आज रविवार को प्रदेश के सभी जिलों में वृहद पौधा रोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। दुर्ग जिले के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुरमुन्दा में वृहद पौधा रोपण कार्यक्रम का आयोजन स्काउट-गाइड जिला संघ दुर्ग, शिक्षा विभाग एवं वन विभाग के सहयोग से किया गया। जहां 300 पौधे रोपे गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अहिवारा वरिष्ठ विधायक राजमहंत डोमन लाल कोर्सेवाड़ा थे।

उपाध्यक्ष राज्य संघ स्काउट-गाइड श्रीमती सुनीता संजय बोहरा ने की। विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष नगर पालिका अहिवारा नटवरलाल ताम्रकार, विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, वन मंडल अधिकारी चंद्रशेखर शंकर परदेसी, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा, स्काउट संघ आजीवन सदस्य संजय बोहरा, सरपंच मुरमुंदा परमानंद साहू, जिला अध्यक्ष स्काउट-गाइड संघ दुर्ग अशोक देशमुख थे।

एक पेड़ मां के नाम पर लगाएं पौधे

इस दौरान कार्यक्रम में विधायक राजमहंत कोर्सेवाड़ा, सुनीता संजय बोहरा, नटवर ताम्रकार, सतीश साहू ने अहिवारा विधानसभा क्षेत्र में सामाजिक कार्यों की कड़ी में रोपण के विभिन्न प्रयासों के तहत पौधा रोपण के महत्व के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के आह्वान पर एक पेड़ मां के नाम का महत्व बताया गया। लोगों को अधिक से अधिक पौधा रोपण कर उसकी अच्छी तरीके से देखभाल करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान अनुज साहू, राज्य प्रशिक्षण आयुक्त गाइड सरिता पांडेय, सरिता वर्मा, जनक लाल साहू, राम नारायण द्विवेदी, प्रवेश शर्मा, जिला संघ कोषाध्यक्ष जीआर वर्मा, नेहा राजपूत, अवधेश विश्वकर्मा, त्रिलोकचंद्र चौधरी, नीरज साहू, अमित हरमुख, माया पेठकर, रेखा शर्मा, ईश्वरी साहू, देवेंद्र देवांगन सहित स्थानीय नागरिक व अनेक विद्यालयों के स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर मौजूद थे।

पौधों को पेड़ बनाने सहयोग का संकल्प

इस अवसर पर सभी अतिथियों एवं स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर के माध्यम से 300 पौधे लगाए गए। स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर के बच्चे और रेड क्रॉस जूनियर के बच्चों ने विशाल मैदान में पौधे रोक कर उसे संरक्षित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर आसपास के ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम व्यवस्थित गरिमामय रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंच पदाधिकारियों ने भविष्य में एक पौधा मां के नाम से आयोजित कार्यक्रम में सहयोग देने का आश्वासन दिया। कहा सभी को पेड़ बनाना है।

अधिक से अधिक पौधे रोपकर करें संरक्षित: डीईओ मिश्रा

पौधा रोपण में वन विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद कुमार मिश्रा ने सभी विद्यालयों में इस प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से अधिक से अधिक पौधा रोपण कर उसे सुरक्षित रखने के प्रयासों के विषय में स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर को प्रेरित किया। उन्होंने आगामी माह में बड़े स्तर पर एक ही स्थान पर पौधा रोपण किए जाने की जानकारी दी। गौरतलब है कि धमधा विकासखंड में कई विद्यालयों में पौधारोपण किया जा रहा है। उसे संरक्षित रखने का प्रयास भी शिक्षा विभाग एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं के द्वारा किया जा रहा है।

राजस्व पखवाड़ा में पहले दिन 479 आवेदन मिले

कवर्धा/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप पूरे प्रदेश सहित कबीरधाम जिले में 6 जुलाई से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कबीरधाम जिले में अभियान के पहले दिन 6 जुलाई शनिवार को 8 ग्राम पंचायतों में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया,जिसमें 32 ग्राम पंचायतों के किसान, ग्रामीणजन शामिल हुए। कलेक्टर जनमेज महोबे ने पंडरिया अनुविभाग के कुंडा तहसील अंर्तगत ग्राम मोहगांव में आयोजित राजस्व शिविर का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों और किसानों ने मिले आवेदनों का अवलोकन किया। इस अवसर पर कलेक्टर की उपस्थिति में किसानो की मांग पर किसानों को नए ऋण पुस्तिका भी जारी किया गया।

कलेक्टर श्री महोबे ने किसानों को शिविर में ऋण पुस्तिका का भी वितरण किया। प्रदेश व्यापी राजस्व पखवाड़ा के अंर्तगत कबीरधाम जिले के ग्राम खड़ौदा खुर्द, कोठार,बड़ौदा कला, मोहगांव, महिडबरा,झिंगरा डोंगरी, ग्राम दलदली, और रेंगाखार में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में किसानों और ग्रामीणों ने राजस्व संबंधित 479 आवेदन मिले, शिविर में 309 आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया। कलेक्टर श्री महोबे ने शेष 170 आवेदन को निर्धारित समय सीमा के भीतर निराकरण करने के निर्देश दिए है। कलेक्टर श्री महोबे के निर्देश पर अपर कलेक्टर निर्भय साहू ने भी राजस्व शिविरों का निरीक्षण किया। साथ ही कवर्धा एसडीएम अनुपम टोप्पो, पंडरिया एसडीएम सन्दीप ठाकुर, बोड़ला एसडीएम श्रीमती गीता रायस्त और सहसपुर लोहारा एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक अपने अनुविभाग अन्तर्गत आयोजित राजस्व शिविरों का निरीक्षण किया और निराकरण की कार्यवाही से कलेक्टर को अवगत कराया। कलेक्टर ने निर्देशित करते हुए कहा कि इस अभियान के तहत प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण के लिए राज्य शासन द्वारा समय सीमा निर्धारित की गई है, उस समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ शेष आवेदनों को निराकरण करने के सख्त निर्देश दिए है। निराकरण नियामानुसार होनी चाहिए। कलेक्टर ने एसडीएम, तहसीलदार को अपने-अपने क्षेत्र में आयोजित होने वाले राजस्व शिविरों का अवलोकन निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने बताया कि राज्य शासन राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के निर्देशानुसार 6 जुलाई से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसके अतर्गत तहसील मुख्यालय सहित पटवारी हल्के एवं 90 ग्राम पंचायत मुख्यालयों का चयन राजस्व शिविर के आयोजन के लिए किया गया है। इस राजस्व पखवाड़ा में राजस्व संबंधित समस्याओं का आवेदन लिए जाएंगे। शिविर में राजस्व से जुड़े प्रकरणों का निराकरण यथा विवादित नामांतरण, बंटवारा, विवादित नामातंरण, बंटवारा, सीमांकन, ऋण पुस्तिका प्रदान करना, नक्शा, अद्यतन, बटांकन, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, डिजिटल हस्ताक्षर करना, आधार नंबर एकत्र करना, मोबाईल नम्बर एकत्र करना, अभिलेख शुद्धता, त्रृटि सुधार के आवेदन, व्यपवर्तन, स्वामित्व योजना से संबंधित कार्य, कोटवारी भूमि के विक्रय की जानकारी, सहित समस्त राजस्व संबंधी प्रकरणों का आवेदन प्राप्त करना एवं निराकरण किया जाएगा।

तहसीलवार राजस्व पखवाड़ा की जानकारी-

कवर्धा तहसील: कवर्धा तहसील अंतर्गत 06 जुलाई से 16 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा शिविर लगाया जाएगा। 07 को रवेली, 08 को जेवड़नखुर्द, 10 को नेवारी, 11 को अमलीडीह, 12 को तहसील कार्यालय कवर्धा, 13 को ग्राम छिरहा, 14 को ग्राम भागूटोला, 15 को ग्राम धमकी और 16 जुलाई को ग्राम बम्हनी में राजस्व पखवाड़ा शिविर लगाया जाएगा।

पिपरिया तहसील: पिपरिया तहसील अंतर्गत 06 जुलाई से 19 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा शिविर लगाया जाएगा। 07 को बिरकोना, 08 को तहसील कार्यालय पिपरिया, 09 को गांगपुर, 10 को मक्के, 11 को खैरझिटी, 12 को धनौरा, 13 को मरका, 14 को धौराबंद, 15 को चचेड़ी, 16 को सोनपुरी, 18 जुलाई को इंदौरी और 19 जुलाई को ग्राम दशरंगपुर में राजस्व पखवाड़ा शिविर लगाया जाएगा।

संचालक एड्स सह राज्य क्षय ने किया औचक निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के अतिरिक्त परियोजना संचालक सह राज्य क्षय उन्मूलन अधिकारी डॉ खेमराज सोनवानी बेमेतरा जिला में एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के साथ जिला के क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के सुचारू रूप से संचालन की जायजा लेने औचक निरीक्षण पर आए। डॉ सोनवानी ने सीएमएचओ डॉ संत राम चुरेंद्र, जिला नोडल अधिकारी एचआईवी एड्स डॉ केडी साहू, अस्पताल प्रमुख सलाहकार डॉ स्वाति यदु क्षय उन्मूलन कार्यक्रम कर्मचारियों के साथ बैठक कर जिला में संचालित एड्स नियंत्रण व क्षय उन्मूलन कार्यक्रम की जानकारी ली, उसके बाद जिला क्षय उन्मूलन केंद्र पहुंचे, जिसमें टीबी के संभावित मरीजों की जांच, उपचार सहित मरीजों को मिलने वाली सुविधा की जानकारी ली, उसके बाद जिला एड्स नियंत्रण कार्यक्रम तहत लिंक एआरटी, आईसीटीसी, एसटीआई केंद्र पहुंचकर जिला में एचआईवी/एड्स परामर्श, जांच, रिफरल, लिंक एआरटी, एसटीआई, केंद्र में दवाई की उपलब्धता की जानकारी के साथ मरीजों को सोसल प्रोटेक्शन, जिला में संचालित टीआई प्रोजेक्ट की भी विस्तृत जानकारी लेते हुए एचआईवी एड्स की जानकारी हेतु निःशुल्क नंबर 1097 और एचआईवी एड्स ऐक्ट 2017 के बारे में प्रचार प्रसार, कारण, बचाव की आईईसी की जानकारी ली। साथ में आवश्यक निर्देश दिया कि प्रत्येक गर्भवती महिलाओं का प्रथम तिमाही में ही एचआईवी जांच होना सुनिश्चित किया जाए, जिनसे एचआईवी स्टेटस की जानकारी हो सकें।

अपने काम के लिए धूप में घंटों खड़े रह सकते हो, दूसरों के लिए पांच मिनट भी तपिश देता है: विरागमुनिजी



रायपुर/नवप्रदेश। जैन संत श्री विरागमुनि का रायपुर प्रवेश हो चुका है और वे जिनवाणी की वर्षा करते हुए शहर के श्रावक-श्राविकाओं को लाभान्वित कर रहे हैं। जिनवाणी की वर्षा के क्रम में रविवार को दीर्घ तपस्वी विरागमुनि के श्रीमुख से विवेकानंद नगर में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने प्रवचन का लाभ लिया। रायपुर शहर में चल रहे प्रवचन श्रृंखला के दौरान उन्होंने मन के रोग के संदर्भ में कहा कि अगर आपको 50 लाख रूपए का पेमेंट लेना हो तो आप धूप में घंटों तक खड़े रह सकते है। वहीं, आपके अगर दुकान में ग्राहक नहीं आ रहे तो आपको एसी में बैठकर भी गर्मी लगने लग जाएगी। जब तक हम अंदर से संतुष्ट नहीं होंगे तब तक हमें बाहर की विकृतियां दिखती रहेगी। हम अपने लिए तो कई घंटे धूप झेल सकते है लेकिन दूसरों के लिए पांच मिनट खड़ा होना भी ज्वालामुखी पर खड़े होना जैसा लगता है। मुनिश्री कहते है कि आज व्यक्ति मैं-मैं, मेरा-मेरा करते रहता है। मैंने बच्चों को पढ़ाया-लिखाया, पत्नी के लिए ऐसा किया, माता-पिता की सेवा की, दोस्तों-रिश्तेदारों का भरपूर सहयोग किया लेकिन किसी ने मेरे लिए कुछ नहीं किया, किसी ने मेरे बुरे समय में मेरा साथ नहीं दिया। जबकि यही सत्य है, इस दुनिया में किसी का कोई नहीं है। इसीलिए आपको अपनी आत्मा को पहचानना होगा क्योंकि जब आप अपनी आत्मा को पहचान लेंगे तो आपको किसी के सहयोग का इंतजार नहीं रहेगा।

प्रथम पृष्ठ का शेष

सीएम साय ने की छेरापहरा की ...

आए कलाकार शंख और ढोल के साथ प्रस्तुति दी। मंदिरों में पूजा-पाठ के साथ भजन किया जाता रहा।

शिवरी नारायण मंदिर में 5 बजे निकली यात्रा : जांजगीर चांपा जिले के शिवरीनारायण मंदिर में महामंडलेश्वर राजेश्री राम सुंदर दास ने प्रभु श्री जगन्नाथ भगवान की विधिविधान से पूजा अर्चना की। शाम 5 बजे रथ में प्रभु श्री जगन्नाथ भगवान को बैठाकर रथयात्रा निकाली गई।

किसानों के लिए की प्रार्थना

जगन्नाथ मंदिर में सीएम विष्णुदेव साय पहुंचकर रथयात्रा में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रदेशवासियों को जगन्नाथ रथयात्रा की शुभकामनाएं दी। जगन्नाथ मंदिर में सीएम साय ने पुरानी परंपरा को कायम रखते हुए छेरापहरा की रस्म को पूरा किया और यहीं से रथयात्रा की शुरूआत भी की है। इसके बाद मुख्यमंत्री साय भगवान जगन्नाथ की प्रतिमा को रथ तक लेकर गए और उनसे अनेक प्रकार की प्रार्थना की है।

रथ यात्रा पर साय का संदेश

सीएम विष्णुदेव साय ने इस दौरान प्रदेशवासियों को जगन्नाथ रथयात्रा की शुभकामनाएं दी। उसके बाद धूमधाम से रथयात्रा निकाली गई। सबसे पहले प्रतिमा के रथ को लाया गया और सोने के झाड़ू से मार्ग साफ किया गया। इसके बाद छेरापहरा की रस्म भी निभाई गई। सीएम साय ने कहा कि भगवान जगन्नाथ हमेशा से किसानों और लोगों की रक्षा करते हैं। क्योंकि उनकी कृपा होने के बाद ही धान की बालियों में दूध आता है और बारिश भी होती हुई नजर आती है। साथ ही कहा कि, मैं भगवान जगन्नाथ से प्रार्थना करता हूं कि इस बार प्रदेश में अच्छी फसल हो और किसानों को फायदा भी हो। भगवान हम सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें, हम खुशहाली की ओर अग्रसर करें।

भव्य रथयात्रा के लिए पुरी में ...

कारण इसे बड़ा डंडा के नाम से जाना जाता है।

इस बार लगभग 53 वर्षों के अंतराल के बाद, नेत्र उस्तव, देवताओं के नबजौबन दर्शन और रथ यात्रा जैसे अनुष्ठान सात जुलाई को एक ही दिन में किए गए। चूंकि सभी तीन प्रमुख अनुष्ठान रविवार को एक ही दिन में किए गए है इसलिए सड़क पर कुछ मीटर नीचे लुढ़कने के बाद रथों को खींचने की प्रक्रिया निलंबित होने की पूरी संभावना है। यात्रा सोमवार सुबह अपने अंतिम गंतव्य जगन्नाथ मंदिर से तीन किलोमीटर दूर स्थित गुंडिचा मंदिर के लिए फिर से शुरू होगी।

शंख ध्वनि के बीच देवताओं को कंधों पर उठाया

मंदिर के सैकड़ों सेवक शंख ध्वनि के बीच देवताओं को अपने कंधों पर उठाकर आनंद बाजार और 'बैशी पहाचा' (मंदिर की बाईस सीढ़ियाँ) से होते हुए मंदिर से लायंस गेट तक ले गए। इस दौरान सोलह पहियों वाला भगवान जगन्नाथ का लाल रथ और पीला 'नंदीघोष', 14 पहियों वाला बलभद्र का लाल और हरा 'तालध्वज' और एक दर्जन पहियों वाला देवी सुभद्रा का लाल और काला 'देवदलन', मंदिर के मुख्य दरवाजे के बाहर पंक्तिबद्ध खड़े रहे।

उत्तराखंड में लैंडस्लाइड...

डूबने से, जबकि तीन लोगों की मौत बारिश संबंधित घटनाओं में हुई। मुंबई से सटे ठाणे जिले में जोरदार बारिश के कारण वाशिंद स्थित सृष्टि फार्म हाउस के आसपास पानी भर गया। करीब 150 लोग फंसे हैं। उनका रेस्क्यू जारी है। उधर, महाराष्ट्र में कल्याण-कसारा रूट पर सुबह 6.30 बजे पटरियों पर मलबा जमा हो गया। एक पेड़ गिरने से ट्रैक बाधित हो गया।

---***********

शिवसेना नेता के बेटे ने ...

नखवा मछुआरे समुदाय के हैं। दोनों हर रोज ससून डॉक पर मछली खरीदने जाते थे। हर रोज की तरह वे रविवार को भी ससून डॉक से लौट रहे थे। इसी दौरान सुबह 5.30 बजे अटरिया मॉल के पास एक तेज रफ्तार क्क्रूङ्ख ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी।

हाथरस के पीड़ितों को लेकर ...

महसूस कर उनकी समस्या को जानने का प्रयास किया है और समस्या से अवगत कराकर उनकी आर्थिक सहायता बढ़ाने का आग्रह कर रहे हैं।

उन्होंने मुख्यमंत्री से शोकाकुल परिवारों को जल्द से जल्द सहायता प्रदान करने का आग्रह करते हुए कहा है कि दुख की इस घड़ी में उन्हें सामूहिक संवेदना और सहायता की ज़रूरत है और बिना देर किए उन्हें ज्यादा राशि उपलब्ध कराई जानी चाहिए।

स्थानीय प्रशासन की लापरवाही को जिम्मेदार

कांग्रेस नेता ने घटना के लिए स्थानीय प्रशासन की लापरवाही को जिम्मेदार बताया और कहा कि घटना की पारदर्शी जांच होनी चाहिए और दोषियों को सख्त सजा देकर लोगों को न्याय मिलना चाहिए। गौर तलब है कि हाथरस में गत दो जुलाई को एक सत्संग के दौरान भगदड़ मच गई थी जिसमे 120 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई थी। घटना के बाद श्री गांधी पीड़ित परिवारों से मिलने गए और उनसे बातचीत की।

राजधानी के होटल में ...

सम्बंध की दुखद परिणीति लग रही है। बताया जा रहा है कि होटल में मृत युवती अंबिकापुर निवासी वाणी गोयल है। वह सूरजपुर के भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष बाबूलाल गोयल की भतीजी थी।

पुलिस इस एंगल से देख रही

सूचना मिलने पर रायपुर की गंज थाना पुलिस भी मौके पर आयी। बताया जा रहा है कि वाणी ने रायपुर के प्राइवेट यूनिवर्सिटी से 2016 से 2019 तक ग्रेजुएशन किया। इन दोनों की मौत की गुत्थी सुलझाने की कोशिश पुलिस कर रही है पुलिस कभी इसे ऑनर किलिंग तो कभी प्रेम का विवाह में तब्दील न हो पाने की असफलता के परिणाम के तौर पर देख रही है।

आत्मसमर्पण कर लौटे ...

नक्सलियों ने आंध्रा प्रदेश पुलिस के सामने आत्मसमर्पण किया था। इनमें बारसे मासा के किस्टाराम एरिया कमेटी का सचिव मिथिलेश उर्फ राजू, किस्टाराम एरिया कमेटी का सदस्य और चार लाख रुपए का इनामी वेट्टी भीमा, किस्टाराम एरिया कमेटी की सदस्य वंजाम रामे, पार्टी सदस्य डूडी सोनी और पार्टी सदस्य मड़कम सुक्की ने अपने हथियार डाल दिए थे। ऐसा माना जा रहा है कि बारसे मासा के साथ आत्मसमर्पण किए अन्य साथियों पर भी नक्सली हमला कर सकते हैं।

स्थानीय भाषाओं में प्रारंभिक शिक्षा...

भाषाओं-बोलियों में स्कूली बच्चों पुस्तकें तैयार की गई है। उन्होंने स्कूल शिक्षा विभाग को नई शिक्षा नीति के अनुरूप मेगा पीटीएम आयोजित करने के निर्देश दिये।

वृहद पौधरोपण कार्यक्रम-एक पेड़ मां के नाम

■ सामुदायिक सहभागिता की मिसाल - प्राथमिक शाला सिरलगढ़

अम्बागढ़ चौकी/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला सिरलगढ़ में एक पेड़ मां के नाम शाला प्रबंधक समिति के सदस्यों, पालकों व समस्त ग्राम वासियों ने तन- मन- धन से सहयोग करते हुए शाला परिसर एवं मैदान के चारों तरफ बॉटम पाम, एरिका पाम, नारियल, आम, बरगद, कटहल, केला , पारिजात एवं अन्य फलदार,फूलदार तथा छायादार 50 पौधों का रोपण कर वृद्धि करने का संकल्प लिए।

नीलकंठ कोमरे शिक्षक ने कहा भारतीय संस्कृति में एक वृक्ष का महत्व दस पुत्रों के बराबर माना गया है. वनस्पति के साथ-साथ नदी, पहाड़ आदि को जीवंत मानना हमारी संवदेनशील सांस्कृतिक परम्परा का प्रतीक है। प्रत्येक व्यक्ति अपने आस-पास ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाएं। इससे हमें स्वच्छ हवा मिलेगी। हम कई तरह की बीमारी से बच सकते हैं। कई तरह की गंभीर बीमारियां पर्यावरण के दूषित होने से बढ़ रही हैं।

इसे गंभीरता से समझना होगा और हर व्यक्ति को जनहित व देशहित में एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण करने का संकल्प लेना होगा। योगेंद्र कुमार देवांगन ने कहा पर्यावरण को बचाने के लिए जीवन में पौधारोपण करना चाहिए। जीवनदायी आक्सीजन का एकमात्र स्त्रोत पौधे ही हैं। अगर पौधे नहीं रहेंगे तो हमें आक्सीजन की दिक्कत हो जाएगी। कोरोना काल में आक्सीजन की कमी का खामियाजा कई लोगों ने भुगता है। हमें इससे सबक लेते हुए पौधारोपण का संकल्प लेना चाहिए।

एक पेड़ मां के नाम पौधा रोपण कार्यक्रम में चुन्नू राम चंद्रवंशी ग्राम प्रमुख,नरबद कुमेटी शिक्षाविद, योगेंद्र देवांगन प्रधान पाठक, नीलकंठ कोमरे शिक्षक, सालिक राम शाला प्रबंधक अध्यक्ष ,बिसरु राम चंद्रवंशी, हरिक चंद्रवंशी, चंद्रशेखर चंद्रवंशी, चंद्रकुमार सिन्हा, पीताम्बर, चतुर सिंह, बिसलाल ,कुशल, हेमलाल, पन्ना लाल, गौतरिया, बिजेंद्रसिन्हा, वासुदेव, हेमि न , सविता, समस्त ग्रामवासी शाला प्रबंधक समिति सिरलगढ़ विशेष योगदान रहा है।

रथ पर निकले भगवान जगन्नाथ ने दिए दर्शन, उमड़ा जनसैलाब

■ जगन्नाथ भगवान के रथ को श्रद्धालुओं ने खीचा, पांडादाह में कांधे पर की परिक्रमा

खैरागढ/नवप्रदेश। रविवार को आयोजित रथयात्रा में प्रभु जगन्नाथ ने बहन सुभद्रा और भाई बलराम के साथ भक्तों को दर्शन देने निकले। शहर में गेंद बिहारी मन्दिर से रथ यात्रा प्रारंभ हुई। शहर में प्रभु जगन्नाथ जी का रथ खींचने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मची रही। मंदिर से निकले प्रभु के रथ ने राज फैमली, अस्पताल चौक, ठाकुर पारा, बरेठ पारा, इतवारी बाजार, किलापारा, मुख्य मार्ग, बक्शी मार्ग, गोल बाजार, राजीव चौक होते हुए वापस मन्दिर पहुंची।

इस दौरान रथ में सवार प्रभु जगन्नाथ जी की जगह-जगह पूजा आरती की गई। लोगों के साथ भक्तों ने प्रसाद अर्पित किए। गजा मुंग का प्रसाद लिया। इस दौरान शहर में साप्ताहिक बाजार होने के चलते भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। इतवारी बाजार में कई दफे जाम की स्थिति भी बनती रही। व्यवस्था बनाने में पुलिस को मशक्कत करनी पड़ी।

रथ यात्रा के शहर भ्रमण के दौरान भी पूरे मार्ग में सुरक्षा और यातायात सामान्य रखने के लिए पुलिस जवान तैनात किये गए थे। रथ यात्रा पर शहर में मेले का माहौल रहा। इतवारी बाजार सहित कई जगहों पर जमकर दुकानें सजीं। शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में भक्त प्रभु के दर्शन के लिए शहर पहुंचे।

रियासत कालीन नगरी पांडादाह में सुप्रसिद्ध जगन्नाथ मन्दिर में पूजन के बाद प्रभु जगन्नाथ जी ने भक्तों के कांधे पर मन्दिर से निकल कर प्रांगण में परिक्रमा कर भक्तों को दर्शन दिए। यहां प्रभु के दर्शन के लिए बड़ी संख्या में भक्तों का हुजूम उमड़ा। इसके चलते वहां भी व्यवस्था बनाने में मशक्कत करनी पड़ी। इस बार नए नियम के चलते मन्दिर प्रांगण में समिति सदस्यों और पुजारियों के अलावा सभी का प्रवेश रोका गया था। महिलाओं का प्रवेश भी वर्जित किया गया, लेकिन मन्दिर परिसर के बाहर भक्तों का जन सैलाब दर्शन के लिए उमड़ पड़ा। प्रभु जगन्नाथ जी मन्दिर परिसर की परिक्रमा कर वापस मन्दिर पहुंचे। इस दौरान उनके साथ बहन सुभद्रा और भाई बलभद्र भी परिक्रमा में साथ रहे। परिक्रमा के बाद यहां प्रसादी का वितरण किया गया। इस दौरान डोंगरगढ़ के पूर्व विधायक भूणेश्वर बघेल भी मौजूद रहे।

रथ यात्रा में शामिल हुए योगेश तिवारी

बेमेतरा/नवप्रदेश। हर साल की तरह इस बार भी रविवार को छत्तीसगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में धूम-धाम से भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा निकाली गई। बेमेतरा शहर और नेवनारा, सुरहोली में आयोजित भव्य रथ यात्रा कार्यक्रम में सर्व हिन्दू सनातन संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बेमेतरा जिले के भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी भी शामिल हुए। सैकड़ों लोगों की भीड़ के साथ भगवान जगन्नाथ के रथ को अपने कंधों पर लेकर चलते हुए योगेश तिवारी ने भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना की और समस्त देशवासियों तथा बेमेतरा क्षेत्र की जनता के लिए खुशहाली की कामना की। योगेश तिवारी ने कहा कि जगन्नाथ रथ यात्रा उत्सव राष्ट्रीय एकता, समरसता और सामाजिक समर्थन का प्रतीक है।

आप सभी का धन्यवाद कि इस समारोह में अपनी भागीदारी की। इस मौके पर उनके साथ बहुत से समर्थक पीयूष शर्मा, मनोज सिन्हा, नरेश राय, यशवंत टंडन, रामनारायण साहू, प्रकाश साहू, दिपक साहू, रंजीत निषाद, लेखराम साहू, लेखराज साहू, लोकेश निषाद, रवि साहू, पंकज साहू, चन्दन साहू, चन्दन यादव, ईश्वर निषाद, गजेन्द्र निषाद, यशवंत साहू, सत्यम साहू, भगवती साहू, पिंटू साहू, बीरेंद्र साहू, चंद्रकान्त, ज़िल्ले सिंग लोहान, ओमप्रकाश साहू सरपंच, तारन यादव, शत्रुहन साहू, मनहरण साहू, बृहस्पति निषाद आदि उपस्थित रहें।

भगवान जगन्नाथ किसानों के हैं रक्षक : दीपेश

■ विधायक ने भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना कर लिया आशीर्वाद

बेमेतरा/नवप्रदेश। आज देश भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा का कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से मना रहे हैं, इस पुनीत अवसर पर बेमेतरा में रविवार को भगवान जगन्नाथ रथयात्रा धूमधाम से मनाया गया। विधायक दीपेश साहू बेमेतरा नगर में आयोजित भगवान जगन्नाथ के रथ यात्रा में शामिल होकर भगवान जगन्नाथ की विधि विधान से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किये और भगवान जगन्नाथ के रथ को खींच कर इस पुनीत महापर्व का साक्षी बनकर आशीर्वाद प्राप्त करते हुए क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना किये। साथ ही सभी क्षेत्रवासियों को रथयात्रा की बधाई एवं शुभकामनायें प्रेषित किये। इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने कहा कि यह पर्व ओडिशा के लिए जितना बड़ा उत्सव हैं, उतना ही बड़ा उत्सव बेमेतरा के लिए भी है।

भगवान जगन्नाथ की कृपा बनी रहे सभी पर: आशीष छाबड़ा

बेमेतरा/नवप्रदेश। शहर में आयोजित भगवान जगन्नाथ के रथ यात्रा में पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। उन्होंने भगवान जगन्नाथ के रथ को खींच कर पावन व महापर्व का साक्षी बनकर भगवान का पूरे विधी विधान से पूजा अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना करते हुए सभी को रथयात्रा की बधाई एवं शुभकामनायें दिए। श्री छाबड़ा ने कहा भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा से मेरी प्रार्थना हैं कि वे हम सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और हमें शांति, समृद्धि और खुशहाली की अपार कृपा करें।

■ न्यूज गैलरी

कोतवाली पुलिस ने 8 जुआरियों से 11850 किया जप्त

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती ज्योति सिंह के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी बेमेतरा मनोज तिर्की के नेतृत्व में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जेवरी तालाब के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं जिस पर कोतवाली पुलिस ने तत्काल मौके पर दबिश दी और जुआरियों को जुआ खेलते पकड़ा। जुआरियों मनोज सिंह वर्मा जेवरी, अन्नू ध्रुव जेवरी, टिकेश्वर साहू जेवरी, भागवत साहू जेवरी, धनी राम साहू जेवरी, विजय सिन्हा जेवरी, छन्नू देवांगन बीजाभाट, रमेश यादव बहेरघट से मौके पर 11850 रू एवं 52 पत्ती ताश जप्त कर छग जुआ प्रतिषेध अधिनियम की धारा 3 (2) के तहत कार्यवाही की गई। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक चंद्र देव वर्मा, सऊनि संतोष धुर्वे, प्रधान आरक्षक हेमंत साहू, आरक्षक विकास मिश्रा, मेला राम यादव, सतीश वर्मा, देवेंद्र टंडन एवं अन्य स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

छ ग सरकार की दोहरी नीति से अव्यवस्था और भ्रष्टाचार चरम पर: रूपेश दुबे

■ राजस्व पर दबाव तो खनिज को लूट की छूट है दोहरी नीति का प्रमाण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। छ ग प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता रूपेश दुबे ने छत्तीसगढ़ सरकार दोहरी नीति अपनाकर विभागों में अव्यवस्था और भ्रष्टाचार का आलम निर्मित कर दी है उसे उजागर करते हुए कहा कि राज्य की भाजपा सरकार 6 माह में ही प्रशासनिक अधिकारियों पर बेगारी का दबाव बनाकर व्यवस्था का गला घोटने पर आमादा है ।

प्रदेश प्रवक्ता रूपेश दुबे ने बताया कि एक और जहां छ ग सरकार राजस्व अमले पर दबाव बना रही है जिससे राजस्व अमला लामबंद हो रहे हैं वही मुख्यमंत्री के अधीन खनिज विभाग को मिली लूट की खुली छूट से अवैध खनन, परिवहन, भंडारण जोरो पर हैं। सरकार अपनी असफलता छिपाने राजस्व पखवाड़ा आयोजित कर प्रकरणों का निराकरण करने की बड़ी-बड़ी बातें कर रही है वहीं इसके विपरीत डिजिटल इंडिया की बात करने वाली डबल इंजन की सरकार राजस्व अमलों को ना तो कंप्यूटर, लैपटॉप, इंटरनेट की सुविधा नहीं दे रही है वही राजस्व अमलों पर बेगारी का दबाव बनाकर उन्हें परेशान किया जा रहा है जिसके कारण कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ को विवश होकर ऑनलाइन मीटिंग करना पड़ गया शासन के नुमाइंदों के इस अपार अघोषित व्यवस्था अर्थात बेगारी से वे इस तरह परेशान हो गए हैं कि उन्होंने इसके खिलाफ मोर्चा भी खोल दिया है और तो और पटवारी भी अपनी जायज मांगो के लिए लामबंद हैं वहीं दूसरी ओर मुख्यमंत्री के अधीन खनिज विभाग जिस प्रकार से अंधेरगर्दी मचा कर अपराध को बढ़ावा दे रहे है वह भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा पार कर चुकी है राजनांदगांव जिला सहित पूरे प्रदेश में रेत माफिया एनजीटी नियमों को ताक में रखकर अवैध उत्खनन कर रहे हैं और खनिज विभाग उनसे मात्र रॉयल्टी वसूली राजस्व आय में बाधा भी बने हुए हैं जिसका प्रत्यक्ष प्रमाण डोंगरगढ़ रेत मामले में उजागर हुआ खनिज विभाग एफआईआर दर्ज कराने में मौन साधे बैठे हैं। अपराध को छिपाने या आरोपी को बचाने या अन्य जानकारी छिपाने के साथ साथ सरकार, जिला प्रशासन की छवि खराब करने में खनिज विभाग को महारत हासिल है ।

भाजपा राज में विद्युत अधिकारी हैं मस्त जनता है त्रस्त: सूर्यकांत जैन

विद्युत विभाग के सामने धरना आज

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राज्य भाजपा सरकार के गलत नीतियों के चलते राज्य में विद्युत आपूर्ति सरप्लस होने के बावजूद विद्युत दर में बेतहाशा वृध्दि की गयी है तथा प्रदेशभर में बार-बार हो रही अघोषित विद्युत कटौती से प्रदेश की आमजनता एवं किसान, और छात्र परेशान है।

विद्युत दरों में हुयी बेतहाशा बढ़ोत्तरी व अघोषित विद्युत कटौती को लेकर प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा 08 जुलाई 2024 (सोमवार) को प्रदेश के समस्त मुख्यालयों में एक-दिवसीय धरना / प्रदर्शन किये जाने का निर्णय लिया गया है। शहर दक्षिण ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष सूर्यकांत जैन बताया कि शहर के विद्युत कार्यालय के सामने प्रातः 10/30बजे से शहर दक्षिण ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा धरना / प्रदर्शन के माध्यम से राज्य की भाजपा सरकार द्वारा बढाये गये विद्युत दर को वापस लिये जाने व प्रदेश में हो रही अघोषित विद्युत कटौती बंद कर प्रदेश की आमजनता सहित किसान भाईयों को राहत पहुंचाये जाने की मांग की जायेगी। शहर दक्षिण ब्लाक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने कहा कि 08 जुलाई 2024 दिन सोमवार को एक-दिवसीय धरना प्रदर्शन में मुख्यरूप से शहर जिला कांग्रेस प्रभारी बृजेश शर्मा,शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष,महापौर,स्थानीय प्रदेश पदाधिकारियों, वरिष्ठ कांग्रेसजनों, शहर जिला कांग्रेस के पदाधिकारी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी, महिला कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई, सेवादल,सांसद/ पूर्व सांसद प्रत्याशी, विधायक / पूर्व प्रत्याशी / पूर्व विधायकों, एआईसीसी एवं पीसीसी सदस्यों, जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष /पार्षद गण/ पदाधिकारियों, मोर्चा संगठन / प्रकोष्ठ / विभाग के / ब्लाक पदाधिकारियों, सोशल मीडिया के प्रशिक्षित सदस्यों, नगरीय निकाय/ के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, की उपस्थिति में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। शहर के समस्त कांग्रेस जनों से अधिक से अधिक संख्या में धरना प्रदर्शन में शामिल होकर जनता की आवाज बुलंद करने से की अपील ब्लॉक अध्यक्ष सूर्यकांत जैन ने की।

डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का बलिदान याद रखेगा हिंदुस्तान

काँकेर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी जिला कांकेर द्वारा आज भाजपा के सभी 16 मण्डलों के बुथों में जनसंघ के संस्थापक, प्रखर राष्ट्रवादी चिंतक, लेखक, राजनीतिज्ञ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंति उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित व उनके छायाचित्र के सामने दीप प्रज्वलित तथा माल्यापर्ण कर मनाई गई।भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय कमल सदन अलबेला पारा कांकेर मे भाजपा शहर मंडल द्वारा डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई।भाजपा विधायक आशाराम नेताम ने डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी को याद करते हुए कहा कि जहां हुए बलिदान मुखर्जी वो कश्मीर हमारा है÷ ये गगनभेदी नारा जब भी गूंजता है, हर राष्ट्रभक्त के रौंगटे खड़े हो जाते हैं, भुजाएं फड़कने लगती हैं तथा लहू में राष्ट्रभक्ति का ज्वार लावा बनकर दौड़ने लगता है।

विधायक ईश्वर ने होटल में चाय के साथ की चर्चा

बेमेतरा/नवप्रदेश। साजा विधायक ईश्वर साहू ने रविवार को नगर के आशीर्वाद होटल में अचानक पहुंचे, जहाँ वे अपने कार्यकर्ताओं व क्षेत्रवासियों के साथ चाय पीते हुए आम चर्चा की। विधायक को अचानक होटल में देखकर लोगों को आश्चर्य हुआ, लोगों में इस बात को लेकर दिनभर चर्चा होती रही। चाय पर चर्चा के दौरान विधायक श्री साहू ने लोगों से परिचय लेते हुए उनसे आम चर्चा किए। इस दौरान होटल संचालक दीपक मानिकपुरी, अनुज वर्मा, नेतराम साहू, त्रिलोकी साहू, नारद साहू, लुकराम साहू, हिमांशु वर्मा, नागेश वर्मा, योगेंद्र साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

श्री राम मंदिर बीएनसी मिल में 108 जोड़े करेंगे सामूहिक सुंदरकांड पाठ

■ सुंदरकांड की सत्रहवीं माला की पूर्णाहुति 14 को

राजनांदगांव/नवप्रदेश। श्री श्याम के दीवानों संग हनुमान भक्तों द्वारा वर्ष 2015 के पावन आषाढ़ पुरुषोत्तम मास से श्री सुंदरकांड पाठ का कार्यक्रम संस्कारधानी नगरी के अलावा प्रदेश एवं देश के अनेक हिस्सों में अनवरत रूप से चल रहा है । देश के बाहर नेपाल में भी लगातार दो दिन में तीन श्री सुंदरकांड के पाठ हो चुके है ।

श्री सुंदरकांड पाठ के मुख्य पाठकर्ता गणेश मिश्रा के साथ अनेक भक्तों के द्वारा प्रत्येक मंगलवार शनिवार एवं रविवार के साथ ही सप्ताह के अन्य दिनों में भी घर - घर , मंदिरों में श्री सुंदरकांड के संगीतमय पाठ का कार्यक्रम संपन्न हो रहा है । अभी वर्तमान में 17 वीं माला का 105 पाठ पूर्ण हो चुका है । इस माला का 108 वा पाठ अर्थात 1836 वा श्री सुंदरकांड पाठ 14 जुलाई 2024 रविवार को बी एन सी मिल स्थित श्री राम मंदिर में संपन्न होगा ।

श्री श्याम के दीवाने परिवार के पितामह राजेश शर्मा , हनुमान भक्त योगेश कोटक , राजू शर्मा , संदीप मिश्रा, विष्णु प्रसाद लोहिया इत्यादि द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि श्री सुंदरकांड की प्रत्येक माला के पूर्ण होने पर बड़ा आयोजन किया जाता है। जिसमे 108 जोड़े सामूहिक रूप से पाठ करते है । सत्रहवीं माला 14 जुलाई , रविवार को पूर्ण होगी , इस अवसर को यादगार बनाए जाने हेतु श्रीराम मंदिर , बी एन सी मिल में संस्कारधानी नगरी , छत्तीसगढ़ एवम महाराष्ट्र प्रदेश के 108 जोड़े भक्तो द्वारा सामूहिक श्री सुंदरकांड पाठ किया जाएगा , शाम 05=04 बजे व्यासपीठ पर राजेश - गणेश की जोड़ी विराजमान होकर 108 भक्त जोड़ों के साथ सामूहिक रूप से श्री सुंदरकांड पाठ करेगी , रात्रि 08 =01 बजे महाप्रसादी होगी । मानव कल्याण के उद्देश्य से जन जन के हृदय में सुंदरकांड जैसी सुंदरता लाने की भावना एवम संकल्प लेकर वर्ष 2015 में श्री सुंदरकांड पाठ की श्रृंखला प्रारंभ की गई थी । जिसे भरपूर सफलता प्राप्त हो रही है ।

श्याम के दीवाने परिवार के पंडित मनोज शुक्ला , दीपक अग्रवाल , संतोष हुंका , पंकज राजा , श्रीराम मंदिर के आचार्य पंडित प्रकाश महाराज , राजनारायण जी , अशोक लोहिया , निखिल मिश्रा , श्याम शर्मा ने बताया कि पहले व्यक्ति अपने बच्चो के जन्मदिवस , वैवाहिक वर्षगांठ पर नाच - गाने , पार्टियां आयोजित करते थे , अब लोगो की सोच एवम समय बदला है , जब लोग ऐसे अवसर पर अपने घरों में श्री सुंदरकांड के पाठ आयोजित कर परिवार में धार्मिक वातावरण का निर्माण करके भावी पीढ़ी को संस्कार प्रदान कर रहे है । पाठकर्ता गणेश मिश्रा ने बताया कि समाचार प्रकाशित होने तक 17 वीं माला के 105 पाठ में से 47 पाठ जन्मदिवस , वैवाहिक वर्षगांठ अथवा पुण्यतिथि के अवसर पर संपन्न कराए गए है ।

चेंबर चुनाव की सुगबुगाहट शुरू कार्यकारी अध्यक्ष प्रदेश मंत्री पहुंचे कांकेर

■ प्रदेश कार्यकारिणी एवं कांकेर चेंबर के पदाधिकारियों के साथ बैठक

काँकेर/नवप्रदेश। कांकेर चेंबर ऑफ कामर्स का कार्यकाल लगभग पूर्ण हो चुका है। लेकिन समय के अभाव के चलते कांचेका चुनाव संपन्न नही हो सका। जिसके चलते चेंबर का चुनाव कार्यकाल से डेढ साल ऊपर हो चुका है।कांचेका चुनाव की सुगबुगाहट के बीच कांचेका के उम्मीदवार सक्रिय दिखे।

चुनाव को लेकर शनिवार 6 जुलाई की शाम को छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंह देव एवं राम मंधान प्रदेश मंत्री शंकर बजाज का कांकेर आगमन हुआ।स्थानीय होटल लेक व्यू में छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एवं कांकेर चेंबर ऑफ कॉमर्स के पदाधिकारियों की आवश्यक बैठक आहूत की गई थी।जहां सभी पदाधिकारियों ने अतिथियों का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।इस अवसर पर प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंह देव ने सभी पदाधिकारियों को संबोधित करतें हुए छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अमर पारवानी जी के द्वारा विगत 3 वर्षों से उनके द्वारा प्रदेश के व्यापारियों के लिए किए गए महत्त्वपूर्ण कार्यों का विस्तार से वर्णन किया।एवं कांकेर नगर के साथ साथ कांकेर जिले के व्यापारियों को अधिक से अधिक संख्या में छत्तीसगढ़ चेंबर की सदस्यता ग्रहण करनें हेतु आह्वान किया।

ढ़ाबे से 10 हजार की शराब जप्त, संचालक गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। थाना कोतवाली बेमेतरा ने 6 जुलाई शनिवार को मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर सिग्नल चौक दुर्ग रोड स्थित न्यू शेर ए पंजाब ढाबा में दबिश देकर तलाशी लिया गया, जिसमें 9735 एम एल देशी विदेशी शराब, 4800 एम एल बीयर, केन कुल 14535 एमएल कीमती लगभग 10 हजार रुपये को समक्ष गवाहों के जप्त किया गया। ढाबा/लॉज के संचालक तेजिंदर सिंह पिता स्व त्रिलोक सिंह उम्र 36 वर्ष पता पंजाबी पारा बेमेतरा को आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत गिरफ्तार कर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही हैं।

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email ID- rmczone7@gmail.com
पत्र क्रं/ 12652/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 7/2024
रायपुर, दिनांक 06-07-2024

ईश्तहार

नामंतरण क्र. 12652
वार्ड का नाम -23 शहीद मनमनोहन सिंह बक्षी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 23 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR812E00103 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती PRITESH KUMAR SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती CHINTARAM SAHU के नाम से दर्ज है। जिसको श्री/श्रीमती प्रणीता साहू पिता/पति श्री/श्रीमती प्रितेशकुमार साहू ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार /**पंजीकृत दानपत्र**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं. प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री जसदेव सिंह बाबरा
(जोन कमिश्नर)
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email ID- rmczone7@gmail.com
पत्र क्रं/ 12599/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 7/2024
रायपुर, दिनांक 06-07-2024

ईश्तहार

नामंतरण क्र. 12599
वार्ड का नाम -39 स्वामी आत्मानंद वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 39 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR717A00285 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती KARORI MAL AGGARWAL पिता/पति श्री/श्रीमती GAJANAND AGGARWAL के नाम से दर्ज है। जिसको श्री/श्रीमती सविता देवी पति मदन लाल अग्रवाल, महेश अग्रवाल पिता/पति श्री/श्रीमती मदन लाल अग्रवाल ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार /**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं. प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री जसदेव सिंह बाबरा
(जोन कमिश्नर)
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email ID- rmczone7@gmail.com
पत्र क्रं/ 11763/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 7/2024
रायपुर, दिनांक 06-07-2024

ईश्तहार

नामंतरण क्र. 11763
वार्ड का नाम -25 संतराम दास वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 25 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR818F0428B जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RANJEET SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती BHARAT RAM SAHU के नाम से दर्ज है। जिसको श्री/श्रीमती गोपी राम साहू पिता/पति श्री/श्रीमती तुमगन राम साहू ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार /**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं. प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री जसदेव सिंह बाबरा
(जोन कमिश्नर)
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email ID- rmczone7@gmail.com
पत्र क्रं/ 12377/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 7/2024
रायपुर, दिनांक 06-07-2024

ईश्तहार

नामंतरण क्र. 12377
वार्ड का नाम -37- तात्यापारा वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 37 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR738F0003 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती TARUN KUMAR SAVAKAR पिता/पति श्री/श्रीमती DAKALUURAM SAVARKAR के नाम से दर्ज है। जिसको श्री/श्रीमती विशाल सचदेव पिता/पति श्री/श्रीमती हीरानंद सचदेव ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार /**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं. प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री जसदेव सिंह बाबरा
(जोन कमिश्नर)
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email ID- rmczone7@gmail.com
पत्र क्रं/ 12554/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 7/2024
रायपुर, दिनांक 06-07-2024

ईश्तहार

नामंतरण क्र. 12554
वार्ड का नाम -22- पं. ईश्वरीचरण शुक्ल वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 22 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR814F00950 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती AZHAR HUSAIN ANSARI पिता/पति श्री/श्रीमती ..... के नाम से दर्ज है। जिसको श्री/श्रीमती राइका अंसारी पति स्व. अजहर हुसैन अंसारी, मुर्तुजा अंसारी, जैनब अंसारी पिता/पति श्री/श्रीमती स्व. अजहर हुसैन अंसारी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार /......../ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं. प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री जसदेव सिंह बाबरा
(जोन कमिश्नर)
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email ID- rmczone7@gmail.com
पत्र क्रं/ 12413/ न.पा.नि./ जोन क्रं. 7/2024
रायपुर, दिनांक 06-07-2024

ईश्तहार

नामंतरण क्र. 12413
वार्ड का नाम -23- शहीद मनमोहन सिंह बक्षी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 23 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR812A00071 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती ASHISH NAG पिता/पति श्री/श्रीमती LEEMA NAG के नाम से दर्ज है। जिसको श्री/श्रीमती आनंद सोनी पिता स्व. छोटेलाल सोनी, प्रिया सोनी पिता/पति श्री/श्रीमती आनंद सोनी ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार /**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं. प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री जसदेव सिंह बाबरा
(जोन कमिश्नर)
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)
मंगलम काम्पलेक्स अग्रसेन चौक, रायपुर
Email ID- rmczone7@gmail.com
पत्र क्रं/ 12602 / न.पा.नि./ जोन क्रं. 7/2024
रायपुर, दिनांक 06-07-2024

ईश्तहार

नामंतरण क्र. 12602
वार्ड का नाम -23- शहीद मनमोहन सिंह बक्षी वार्ड

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 23 स्थित भवन/भूमि जिसका प्रापर्टी आई.डी. RPR812D00340 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती DR SHAILESH SHARMA पिता/पति श्री/श्रीमती SHARDA PRASAD SHARMA के नाम से दर्ज है। जिसको श्री/श्रीमती मनीष राजपूत, दीपक राजपूत पिता/पति श्री/श्रीमती रमेश सिंह राजपूत ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा, रजिस्ट्री विलेख के अनुसार /**पंजीकृत विक्रय विलेख**/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं. प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करे
श्री जसदेव सिंह बाबरा
(जोन कमिश्नर)
जोन (7)
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

न्यूज गैलरी

पूर्व विधायक ने लिया भगवान जगन्नाथ से आशीर्वाद

धमतरी/नवप्रदेश। भारत की सांस्कृतिक धरोहर और आस्था के प्रतीक महाप्रभु भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा के पावन पर्व पर जगत के नाथ भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा में भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू शामिल हुई, पूजा अर्चना कर समस्त क्षेत्रवासियों की सुख, शांति, समृद्धि और खुशहाली की कामना किए एवं समस्त भक्त जनों को रथयात्रा पर्व की शुभकामनाएं दिए।

छात्रावास आश्रम क़े बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण निजी डाक्टर करेंगे

सरसींवा/नवप्रदेश। जिले में संचालित छात्रावास आश्रम में वर्ष 2024-25 हेतु प्रवेश किये अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों के लिए स्वस्थ तन स्वस्थ मन (स्वास्थ्य सुरक्षा) योजना 2007 अंतर्गत सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के निजी प्रैक्टिशनरो जिनकी योग्यता एमबीबीएस, बीएएमएस एवं बीएचएमएस डिग्रीधारी चिकित्सकों से एक या एक से अधिक संस्थाओं (छात्रावास आश्रम) के लिए 10 जुलाई 2024 तक पंजीकृत डाक से आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। पंजीकृत डाक रजिस्ट्री या स्पीड पोस्ट क़े डिलीवरी होने में दूरी क़े हिसाब से समय लगता है, ऐसे में 10 जुलाई अंतिम तिथि क़े मद्देनज़र आवेदकों को तुरंत ही आवेदन पंजीकृत डाक से भेजना होगा। निजी प्रैक्टिशनरों चिकित्सकों को जिले में स्वीकृत 50 सीटर छात्रावास आश्रमों के छात्र छात्राओं के लिए चिकित्सकीय परीक्षण हेतु 750 रुपए प्रति भ्रमण एवं 100 सीटर छात्रावास आश्रम के छात्र-छात्राओं के चिकित्सकीय परीक्षण हेतु 1200 रुपए प्रति भ्रमण मानदेय भुगतान दिया जाएगा। निजी चिकित्सक माह में कम से कम दो बार छात्रावास आश्रमों के छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण करेंगे। निजी चिकित्सक प्रत्येक छात्रावास आश्रम के विद्यार्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण उपरांत एक स्वास्थ्य पंजी में विवरण दर्ज करेंगे। इच्छुक निजी चिकित्सक अपने लेटर पैड में आवेदन पत्र के साथ शासकीय या मान्यता प्राप्त मेडिकल कॉलेज, संस्था से उत्तीर्ण चिकित्सक डिग्री एवं चिकित्सकीय कार्य का सक्षम अधिकारी द्वारा जारी अनुभव प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र स्थाई या अस्थाई मोबाइल नंबर, वर्तमान पता तथा भारतीय स्टेट बैंक के खाता का प्रथम पृष्ठ (जहां फोटो चस्पा हो) की छायाप्रति के साथ कार्यालय सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कलेक्ट्रेट सारंगढ़ में 10 जुलाई 24 तक कार्यालय समय में पंजीकृत डाक से भेजा जाए।

पेंशनधारी कल्याण संघ के शपथ समारोह में शामिल होंगे विधायक साव

भाटापारा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ भाटापारा के नए अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह 10 जुलाई बुधवार को दोपहर 12 बजे सुभाष बाजार स्थित पेंशनर भवन में आयोजित है । इस समारोह के मुख्य अतिथि इंद्र साव विधायक भाटापारा होंगे । कार्यक्रम की अध्यक्षता सुरेंद्र यदु उपाध्यक्ष जनपद पंचायत भाटापारा करेंगे तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में त्रिलोक सलूजा उपाध्यक्ष नगर पालिका परिषद भाटापारा एवं रानी राजेंद्र वर्मा पार्षद नयापारा वार्ड भाटापारा होंगे । इस गरिमा पूर्ण समारोह में जिला एवं प्रांतिय पदाधिकारी भी शामिल रहेंगे। संघ के अध्यक्ष रघुनाथ प्रसाद पटेल ने सभी पेंशनरों से समय पर उपस्थित रहकर सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया है।

सेजेस बठेना में मनाया गया वनमहोत्सव

धमतरी/नवप्रदेश। बठेना वार्ड में स्थित मेहतरूराम धीवर शासकीय उच्चतर माध्यमिक उत्कृष्ट विद्यालय में शनिवार 6 जुलाई को वन महोत्सव के तहत विद्यार्थियों ने वृक्षारोपण किया एवं बैगलेश डे गतिविधि के रूप में कक्षा सजावट गतिविधि आयोजित किया गया। इस गतिविधि में कक्षा नवमी -अ के विद्यार्थी प्रथम विजेता रहे। तथा द्वितीय कक्षा नवमी (हिंदी माध्यम) के विद्यार्थी रहे व तृतीय कक्षा नवमी -इ के विद्यार्थी रहे। सभी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने कक्षा सजावट गतिविधि में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम का निरिक्षण व अंक विभाजन व्याख्याता गोपाल साहू ग्रन्थाध्यक्ष रवि यादव, व्याख्याता दीपक साहू, परमानन्द देवांगन ने किया। विजेता टीम के विद्यार्थियों को संस्था एन पाण्डेय ने उत्साहवर्धन करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

शाला प्रबंधन समिति की देवकी अध्यक्ष मनोनीत

राजिम/नवप्रदेश। भाजपा महिला मोर्चा की वरिष्ठ नेत्री देवकी साहू को शासन द्वारा शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजिम के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति की अध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर अंचल के भाजपा कार्यकर्ता-पदाधिकारी एवं शुभचिंतकों ने बधाई दी है। शुभकामनाएं देने वालों में राजिम विधायक रोहित साहू,पूर्व सांसद चुन्नी लाल साहू, पूर्व सांसद चंदू लाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय,भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश साहू,मंडल अध्यक्ष कमल सिन्हा, जिला पंचायत सदस्य द्वय चंद्रशेखर साहू,मधुबाला रात्रे,नगर पंचायत अध्यक्ष रेखा राजू सोनकर,महेश यादव,सांसद प्रतिनिधि विजय कंडरा, वरिष्ठ नेता संदीप शर्मा,डॉ रामकुमार साहू,छाया राही, डॉ रूपसिंह साहू,श्वेता शर्मा,अंजू नायक,पूर्णिमा चंद्राकर,मिलेशश्वरी साहू,बिंदु सिन्हा, पुस्पा गोस्वामी,मधु नत्थानी,खुशी साहू,चंदन साहू,अनिता यादव, रिकेश साहू,सोमनाथ पटेल, नेमीचंद साहू, लोकनाथ साहू,रेणुका साहू,सूरज पटेल,लेखा महोबिया, विधायक प्रति निधी किशोर साहू,लोकेशश्वरी भारत यादव,जितेंद्र पेंडारिया,नारायण साहू आदि हैं।

अतिक्रमण रोकने गए रेंजर सहित तीन पर जानलेवा हमला

- कपड़े उतार कर लाठी डंडे से पीटा
- मामला उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के तौरेंगा की

गरियाबंद/नवप्रदेश। जंगल में अतिक्रमण रोकने शनिवार 6 जुलाई को गए रेंजर समेत 3 वन कर्मियों की कपड़े उतार लाठी डंडे से बेदम पिटाई कर दी। अर्धनग्ध हालत में एक वन कर्मी के घर पहुंच मांगी मदद। मैनपुर में प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर घायल अवस्था को देख सभी को गरियाबंद भेज दिया गया है। उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के बफर जोन के तौरेंगा वन परिक्षेत्र में वन परिक्षेत्र अधिकारी राकेश परिहार अपने शासकीय वाहन से कर्मी पीतांबर डोंगरे के साथ सूचना के आधार पर अवैध अतिक्रमण को रोकने वन कक्ष क्रमांक 1138 पहुंचे थे। गोना नवापारा निवासी अशोक द्वारा टैक्ट्रर से वन भूमि में अवैध रूप से जोताई किया जा रहा था ,जिसे रेंजर द्वारा रोका गया। वन अमला को देख चालक ट्रैक्टर सहित गांव की ओर भाग गया। घटना स्थल का मुआयना अमला कर रहा था तभी गांव की ओर से 25 से 30 महिला पुरूष वन अफसर रेंजर और उनके वन कर्मचारियों को चारों तरफ से घेरकर तीनों कर्मियों के कपड़े उतरवाए, मोबाइल पैसा छीन कर लाठी व डंडे से पिटाई की।

घायल वन परिक्षेत्र अधिकारी राकेश परिहार ने बताया कि हम लोग अवैध अतिक्रमण रोकने गये थे और 25-30 महिला पुरूषों ने हमें पकडकर जमकर मारपीट की। हमारे कपड़े उतार दिये मोबाईल, पर्स, जूता, चप्पल, पैसा सब छीन लिया हम लोग अपने जान बचाने भागने लगे फिर एक महिला के द्वारा मात्र शासकीय वाहन बोलोरी की चाबी दिया गया, अर्ध नग्न हालत में घायल रेजर एव वन कर्मचारी रक्शापत्थरा लघु वनोपज सहकारी समिति के प्रबंधक के घर पहूंच सहयोग लिया वहा सहयोगी कर्मियो ने मोजूद धोती साड़ी में लपेट कर पहले शोभा थाना पहुंचाया, जहा रेंजर परिहार ने मामले की लिखित शिकायत दर्ज कराई।घायलों को मैनपुर अस्पताल में भर्ती कर आरंभिक उपचार कराया गया।फिर उन्हे गरियाबंद अस्पताल के लिए रेफर करने की तैयारी किया जा रहा है।

खबर के लिखे जाने तक मामले में शोभा थाने में मामला दर्ज नही किया जा सका था।घटना की सूचना लगते ही सहायक संचालक व पुलिस अफसर अस्पताल पहुंच गए थे।

उदंती सीतानदी टाइगर रिजर्व के उपनिदेशक वरुण जैन ने कहा कि वन कर्मियों के साथ अतिक्रमण कारियों ने मारपीट की है। इसमें उचित कानूनी कार्यवाही कराने आला अफसरों को कहा गया है।घायलों को उचित उपचार कराया जा रहा है।आरोपियों की यह कायराना हरकत है।अतिक्रम हटाओ अभियान सतत जारी रहेगी ।

मैनपुर एसडीओपी पुलिस बाजीलाल सिंह ने बताया कि वन विभाग द्वारा मामले की सूचना दी गई है। रिर्पोट दर्ज कराने के बाद कार्यवाही की जाएगी। उचित कार्यवाही की जा रही है।

भाजपा उपाध्यक्ष शर्मा ने खींचा भगवान जगन्नाथ का रथ

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर में रविवार को रथयात्रा धूमधाम से मनाया गया है। उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा शंकर वार्ड स्थित लटूरिया मंदिर (जगन्नाथ मंदिर) में आयोजित रथ यात्रा में शामिल हुए। भाटापारा के जगन्नाथ मंदिर में विशेष रस्म के साथ रथ यात्रा निकाली गई है। रथ यात्रा शुरू करने से पहले शिवरतन शर्मा ने प्रभु की प्रतिमा को हाथों से उठा कर रथ में विधि विधान से पुजा अर्चना कर बिठाया।

इस मौके पर शिवरतन शर्मा ने सभी प्रदेशवासियों को रथयात्रा की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व ओडिशा के लिए जितना बड़ा उत्सव है, उतना ही बड़ा उत्सव छत्तीसगढ़ के लिए भी है। महाप्रभु जगन्नाथ जितने ओडिशा के लोगों को प्रिय हैं, उतने ही छत्तीसगढ़ के लोगों को भी प्रिय हैं, और उनकी जितनी कृपा ओडिशा पर रही है, उतनी ही कृपा छत्तीसगढ़ पर रही है। आज भगवान जगन्नाथ जी, बलभद्र जी और सुभद्रा जी के मनहर संबंधों की रसस्नात विश्वप्रसिद्ध रथ यात्रा प्रारंभ हो रही है। भारतीयता के अलौकिक संस्कृति सौंदर्य से सुशोभित इस रथयात्रा उत्सव की आप सब श्रद्धावान को हार्दिक शुभकामनाएं।

महाप्रभु जगन्नाथ सभी पर सदैव अपनी कृपा व आशीर्वाद बनायें रखें। भगवान श्री जगन्नाथ जी, श्री बलभद्र जी व बहन सुभ्रदा जी की यह रथ यात्रा सभी के जीवन में शान्ति, समृद्धि लाये, यहीं कामना है..।दोपहर 2 बजे जगन्नाथ मंदिर से निकला रथ शहर के विभिन्न चोक चौराहों प्रमुख सड़को से होने के बाद वापस राम सप्ताह चौक स्थित लतुरिया मंदिर पहुंचा, जहां प्रभु की महाआरती हुई। रथ यात्रा को लेकर सुरक्षा के पर्याप्त बंदोबस्त किया गया था।

इस दौरान प्रभु के रथ का दर्शन करने आए श्रद्धालु भक्तो को गंजा मूंग का प्रसाद वितरण किया गया। उक्त अवसर पर बड़ी संख्या में नगर सहित आस पास के ग्रामीण श्रद्धालु जन उपस्थित थे।

जगन्नाथ रथ यात्रा में शामिल हुए विधायक साहू

- क्षेत्र के लोगों की खुशहाली की कामना की

धमतरी/नवप्रदेश। शहर में धमतरी विधायक ओंकार साहू जगन्नाथ यात्रा में शामिल हुए और क्षेत्र के लोगों की खुशहाली के लिए कामना किया। क्षेत्र की समस्त लोगों को जगन्नाथ यात्रा की बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया। धमतरी विधायक ओंकार साहू ने जगन्नाथ यात्रा के मान्यताओं पर चर्चा करते हुए बताया कि भगवान श्री कृष्ण के साथ उनके बड़े भाई बलराम और उनकी बहन सुभद्रा तीनों रथ में नगर भ्रमण करते हुए अपनी मौसी के घर गुडीचा मंदिर जाते हैं। मान्यता है कि एक बार बहन सुभद्रा ने अपने दोनों भाइयों से नगर घूमने की इच्छा जाहिर की थी तभी रथ यात्रा का आयोजन हमारे देश में हो रहा है। धमतरी विधायक ओंकार साहू ने बताया कि पूरे भारतवर्ष में आज के दिन जगन्नाथ यात्रा को उत्साह पूर्वक मनाया जाता है इस दिन लोगों के मन में काफी उत्साह देखने को मिलता है बहुत सारे गांव में मेला मड़ाई का आयोजन भी किया जाता है द्य लगभग सभी गांव के लोग आसपास जहां पर भी जगन्नाथ यात्रा का आयोजन होता है वहां पर आसपास के गांव के लोग जगन्नाथ यात्रा का दर्शन करने पहुंच जाते है। धमतरी विधायक ने बताया कि गांव की पुरोहित इस दिन भगवान जगन्नाथ कि मूर्ति लेकर घर-घर पहुंचते हैं और सभी लोग भगवान जगन्नाथ जी की पूजा अर्चना करते हैं और गांव के सभी भगवान जगन्नाथ जी के पुजा अर्चना कर अपने परिवार की खुशहाली की कामना करते हैं द्य साथ में गांव के पुरोहित द्वारा इस दिन सबको प्रसाद वितरण किया जाता है द्य धमतरी नगर में आयोजित जगन्नाथ यात्रा के दर्शन के दौरान क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक ओंकार साहू , धमतरी नगर निगम के महापौर विजय देवांगन , पूर्व विधायक गुरमुख सिंह होरा , कांग्रेस जिला अध्यक्ष शरद लोहाना ,ब्लॉक अध्यक्ष शहर आकाश गोलछा , विक्रांत शर्मा पूर्व एल्डरमेन, चितेन्द्र साहू , हिमांशु साहू साथ में बड़ी संख्या में आसपास के गांव के लोग भगवान जगन्नाथ यात्रा के दर्शन के लिए उपस्थित थे।

विजय मोटवानी ने दी रथयात्रा की शुभकामनाएं

धमतरी/नवप्रदेश। पार्षद विजय मोटवानी ने शहरवासियों को रथयात्रा की बधाई देते हुए उनकी सुख समृद्धि की कामना की । उन्होंने कहा कि मठ मंदिर चौक से निकलने वाली यह रथ यात्रा हमारे नगर में आपसी प्रेम भाईचारा तथा सामाजिक सहभागिता की भावनाओं को एक साथ एकता के सूत्र में पिरौती है।

घर अंदर घुसकर गाली गलौज मारपीट करने वाला गिरफ्तार

भाटापारा/नवप्रदेश। पुरानी रंजिश के चलते आरोपी द्वारा शराब पीकर जान से मारने की धमकी देते हुए अपने पड़ोसी के घर घुसकर उस पर हमला कर चोंट पहुंचाने के मामले में शहर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है।

उपरोक्त संबंध में पुलिस से मिली जानकारी अनुसार स्थानीय संजय वार्ड निवासी प्रार्थी राजू द्वारा थाना भाटापारा शहर में रिपोर्ट दर्ज कराया गया था कि 30 जून को सुबह 09ः30 बजे वह अपने घर में बैठा था, तभी पड़ोसी आरोपी प्रकाश शराब पीकर घर आया एवं उसे पुरानी रंजिश पर से अश्लील गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देकर हाथ थप्पड़ से मारपीट किया, बीच-बचाव के लिए उसने अपने बड़े भाई संजय को बुलाया तब आरोपी प्रकाश द्वारा उसके बड़े भाई को भी गाली गलौज कर गली में पड़े पत्थर फेंककर उन्हें चोट पहुंचाया। उक्त रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध धारा 294, 506, 323,452 भादवि पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के विवेचना के दौरान थाना भाटापारा शहर पुलिस द्वारा आरोपी प्रकाश को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया, जिसमें आरोपी द्वारा पुरानी रंजिश पर से अपने पड़ोसी प्रार्थी राजू के घर अंदर घुसकर उसके एवं उसके भाई के साथ गाली गलौज कर मारपीट करना स्वीकार किया।

पिस्टल व जिंदा कारतूस के साथ हिस्ट्रीशीटर मोसिन खान गिरफ्तार

खरोरा/नवप्रदेश। थाना खरोरा क्षेत्रान्तर्गत नया बस स्टैण्ड पास साप्ताहिक बाजार के सामने पिस्टल व जिंदा कारतूस के साथ पकड़ा गया रंगे हाथ। आरोपी थाना सिविल लाईन का है हिस्ट्रीशीटर। आरोपी के विरूद्ध थाना सिविल लाईन में बलवा, मारपीट, आर्म्स एक्ट, हत्या के प्रयास एवं आगजनी सहित एक दर्जन से अधिक मामले है दर्ज जिसमें आरोपी रह चुका है जेल निरूद्ध। आरोपी के कब्जे से 01 नग पिस्टल एवं 01 नग जिंदा कारतूस किया गया है जप्त। आरोपी के विरूद्ध थाना खरोरा में अपराध क्रमांक 459/24 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट का अपराध किया गया है पंजीबद्ध।

रविवार 7 जुलाई को एण्टी क्राईम एवं साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना खरोरा क्षेत्रांतर्गत नया बस स्टैण्ड पास साप्ताहिक बाजार के सामने एक व्यक्ति अपने हाथ में पिस्टल रखा है जो आने-जाने वाले आम नागरिकों को भयभीत कर रहा है। इस पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एवं साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी खरोरा को आरोपी को पिस्टल के साथ रंगे हाथ पकडने निर्देशित किया गया। एंटी क्राईम एवं साईबर यूनिट एवं थाना खरोरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये हुलिये के व्यक्ति को चिन्हांकित कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम मोसीन अली निवासी सिविल लाईन रायपुर का होना बताया। टीम के सदस्यों द्वारा उसकी तलाशी लेने पर उसके पास 01 नग पिस्टल व जिंदा कारतूस रखा होना पाया। इस पर आरोपी मोसिन खान को गिरफ्तार किया गया। आरोपी मोसिन खान के विरूद्ध थाना सिविल लाईन में अपराध क्रमांक 333/24 धारा 323, 324, 294, 506, 34 भादवि. का प्रकरण दर्ज है।

कार से भीड़ को कुचला मौत, दो को उम्रकैद

गरियाबंद/नवप्रदेश। न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश गरियाबंद तजेश्वरी देवी देवांगन द्वारा हत्या करने के आशय से कार को तेजी एवं लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए भीड़ में चलाकर दुर्घटना कारित करने के अपराध में आरोपी रोमित राठौर एवं सौरभ कुटारे को दोषसिद्ध पाते हुए धारा 302 भा.दं.संहिता में आजीवन कारावास एवं 5000/- रुपये के अर्थदण्ड एवं धारा 307 भा.दं.संहिता के अपराध में 10-10 वर्ष का सश्रम कारावास एवं अर्थदण्ड से दंडित किया गया है।

घटना दिनांक 26अक्टूबर 2020 को ग्राम मालगांव में लोगों द्वारा मुख्य मार्ग से लगे हुए मंदिर के पास दशहरा पर्व मनाया जा रहा था, उसी समय रात 10.45 बजे आरोपी रोमित राठौर अपने लाल रंग की ब्रेजा कार क्रमांक ष्ट्ठ 23 छ्व 6520 में अन्य साथी को साथ बैठाकर तेज गति से भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में चलाते हुए आया था, जिससे गांव वालो के द्वारा मना करने पर आरोपी रोमित राठौर व सौरभ कुटारे अपनी कार से उतरकर गांव वालों के साथ बहस करते हुए प्रार्थी एवं गांव वालों को तुम लोगों को देख लूंगा, वापस आकर तुम सबको खत्म कर दूंगा कहकर धमकी देकर वहां से आगे रायपुर रोड ढाबा की ओर चले गये।

इस घटना के कुछ समय पश्चात रायपुर रोड ढाबा की ओर से आरोपी रोमित राठौर अपने 4 अन्य साथियों के साथ वापस तेज गति से अपने उक्त वाहन को चलाते हुए लाकर जानबूझकर प्रार्थी तथा अन्य ग्रामीणों की हत्या करने के आशय से अपने विपरीत दिशा (रांग साईड) में रोड किनारे पाई में वाहन को लेजाकर लोगों के ऊपर कारसे रौंद दिया और फरार हो गए। जिससे मौके पर ही मुनेश सिन्हा पिता सोहन सिन्हा नामक 04 वर्ष के बालक की मृत्यु हो गई थी, जबकि ग्राम मालगांव के 12 लोगों को गंभीर चोटे आई थी। जिसे जिला अस्पताल गरियाबंद में भर्ती कर मुलाहिजा किया था।

निरीक्षण | जल्द पर्यटन स्थल के रूप में विकासित होगा

विधायक संग कलेक्टर पहुंचे पैरी उदगम भाठीगढ़

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक अग्रवाल शनिवार 6 जुलाई को मैनपुर पहुंचे इस दौरान बिन्द्रानवागढ विधायक जनक ध्रुव के साथ क्षेत्र के प्रमुख धार्मिक एंव पर्यटन स्थल पैरी उदगम पहाड़ी पहुचे जंहा कलेक्टर ने पहाड़ी क्षेत्र का पैदल निरीक्षण कर कहा कि यह बहुत मनोरम और सुन्दर स्थल है। यहां पहुचने वाले पर्यटकों और श्रद्धालुओं के लिए ठहरने, पहाड़ी के नीचे गार्डन, पेयजल, सीढियों का जीर्णोधार के साथ रेलिंग व अन्य मूलभूत सुविधा जल्द उपलब्ध कराई जायेगी कलेक्टर ने विधायक एंव क्षेत्र के ग्रामीणों से इस संबंध में चर्चा की। ग्रामीणों ने बताया कि बिन्द्रानवागढ विधायक जनक ध्रुव की पहल से पैरी उदगम स्थल को पर्यटन स्थल का दर्जा मिलने से क्षेत्र के लोगों में भारी उत्साह है और यहां पहुचने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए सभी जरूरी सुविधाए जल्द उपलब्ध कराने की मांग कलेक्टर से की है।

आदिवासी बालक आश्रम के घटिया निर्माण पर नाराज: भाठीगढ स्थित आदिवासी बालक आश्रम बडेगोबरा का कलेक्टर दीपक अग्रवाल एंव विधायक जनक ध्रुव ने संयुक्त रूप से अचानक निरीक्षण किया इस दौरान यहा अध्यनरत छात्रों से कलेक्टर दीपक अग्रवाल ने मुलाकात किया छात्रों से कलेक्टर ने कई सवाल पुछे कई छात्रों ने सवालों का जवाब बहुत बेहतर ढंग से दिया जिससे कलेक्टर ने छात्र छात्राओं को शाबासी दिया और पूरे मन लगाकर पढाई करने को कहा है साथ ही छात्रों के लिए ज्ञानवर्धक पुस्तक उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है, आश्रम निरीक्षण के दौरान भोजन बनाने वाले कक्ष का निरीक्षण किया और तत्काल साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश ने दिया है, इस दौरान आश्रम में अधुरे निर्माण कार्य के सबंध में ग्रामीणों ने कलेक्टर को बताया कि यह आश्रम भवन का निर्माण लगभग 15 वर्ष पहले किया गया है लेकिन भवन का आधे हिस्सा का निर्माण पिछले दो वर्ष पूर्व किया गया है भवन निर्माण बेहद घटिया तरीके से किया गया है, जगह जगह से भवन में दरारे आ गई है साथ ही प्लोरिंग अभी से टुट फुट गया है दरवाजे खिडकी टुट फुट गया है कलेक्टर ने भवन का निरीक्षण कर जमकर नराजगी जताया और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को तत्काल मरम्मत कराने का निर्देश दिया है, अधीक्षक ने बताया कि आश्रम में पानी की भारी किल्लत है छात्रों के पीने के पानी के लिए दुर से लाना पडता है जिसके जल्द समाधान करने की बात कही गई है। इस मौके पर प्रमुख रूप से एसडीएम मैनपुर डॉ. तुलसीदास मरकाम, हेमसिंह नेगी, रामकृष्ण ध्रुव, गेंदु यादव, अंजली खलखो, भुनेश्वर सिन्हा सहित क्षेत्र के ग्रामीण उपस्थित थे।

वेतन विसंगति पर कर्मचारी संघ का हनुमान मंदिर में महासभा

धमतरी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ न्यायिक कर्मचारी संघ के बैनर तले रविवार सुबह 7 जुलाई को 10 बजे दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर रुद्री चौक धमतरी में वेतन विसंगति को लेकर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। जिसमें भारत भर के सभी राज्यों के न्यायिक कर्मचारियों को असामान दिए जा रहे वेतनमान के विरोध में हनुमान चालीसा का पाठ कर हनुमान जी से प्रार्थना की गई कि वह राज्य शासन को सद्बुद्धि दे और छत्तीसगढ़ के न्यायिक कर्मचारियों को भारत के विभिन्न राज्यों की भांति वेतनमान प्रदान कर असमानता को दूर करें। न्यायिक कर्मचारी संघ के इस मांग पर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय निर्देश पर प्रत्येक जिले में छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन से संबंधित सभी संगठन के कर्मचारियों अधिकारियों ने हर जिले में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर उनकी मांगों का समर्थन किया है।

न्यूज गैलरी

पशु औषधालय के परिचारक निलंबित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। विकासखण्ड बतौली स्थित पशु औषधालय मंगारी में पदस्थ परिचारक बुधनराम को ड्यूटी समय में मदिरापान कर अशोभनीय व्यवहार करने के कारण निलंबित कर दिया गया है। उक्त के द्वारा आचरण नियम का पालन न करते हुये अनुशासनहीनता बरती गई। जो कि छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 एंव 7 के विपरीत है। पशु चिकित्सा सेवा विभाग के उपसंचालक ने बुधनराम को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम 1966 के नियम 9 में दिये गये प्रावधान के तहत निलंबित किया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय कार्यालय उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें अम्बिकापुर नियत किया गया है एवं इन्हे नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

सरगुजावासियों को राम लला के दर्शन का मिलेगा मौका

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। राम लला के दर्शन का सरगुजा के श्रद्धालुओं को फिर से मौका मिलने जा रहा है। छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी श्री राम लला दर्शन (अयोध्या धाम)योजना अंतर्गत सरगुजा जिले से निर्धारित कोटा में आगामी 17 जुलाई को स्पेशल ट्रेन आस्था के जरिए श्रद्धालु दर्शन को निकलेंगे। पूर्व यात्रा की भांति इस बार भी जिले से निर्धारित कोटा अनुसार अनुरक्षक सहित 170 दर्शनार्थी भेजे जाने हैं। यात्रा 17 जुलाई को शुरू होगी और 20 जुलाई को समाप्त होगी। कलेक्टर श्री विलास भोसकर ने यात्रा हेतु आवेदन लेने और सूची तैयार कर आगामी समय सीमा की बैठक में प्रस्तुत करने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। योजना के नोडल अधिकारी ने बताया कि आगामी 17 जुलाई को दर्शन हेतु श्रद्धालु निकलेंगे। यात्रा हेतु अगस्त और सितंबर माह की तिथियां भी निर्धारित कर दी गई हैं। अगस्त में 14 अगस्त और सितंबर में 10 सितंबर को यात्रा होगी। जिले से भेजे जाने वाले तीर्थ यात्रियों में नगर निगम के लिए 30, प्रत्येक नगर पंचायत के लिए 07 और जनपद पंचायतों के 17, कुल 170 सीट आबंटित किया गया है, जिनमें अनुरक्षक भी शामिल हैं। बता दें कि श्री रामलला दर्शन योजना के तहत श्रद्धालुओं को पूरा पैकेज मिलेगा जिसमें छत्तीसगढ़ से अयोध्या जाने, वहां रहने की व्यवस्था, मंदिर दर्शन, नाश्ते और खाने की भी व्यवस्था रहेगी। इस ट्रेन में टूर एस्कॉर्ट, सुरक्षा कर्मी और चिकित्सकों का दल भी मौजूद रहेगा।

बच्चेदानी का ऑपरेशन कर 4 ट्यूमर निकाले

सूरजपुर/नवप्रदेश। जिला अस्पताल सूरजपुर में एक और जटिल ऑपरेशन करके बच्चेदानी एवं बच्चेदानी की नली में स्थित दो बड़े साइज एवं दो छोटे-छोटे साइज के ट्यूमर को स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. खेमज्योति जायसवाल के द्वारा निकाला गया है। जिला अस्पताल सूरजपुर में कलेक्टर रोहित विकास के मार्गदर्शन एवं मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक के निर्देशन में स्वास्थ्य सुविधाओं में गुणवत्तापूर्ण सेवा प्रदान किया जा रहा है। शनिवार को सूरजपुर जिला अस्पताल में मानसिक रूप से पीड़ित एक महिला को उसके परिजनों ने अत्यधिक पेट दर्द एवं माहवारी में अनियमितता और पेट में गठान की शिकायत की जांच के लिए ओपीडी में दिखाया। पीड़ित महिला की जांच महिला रोग विशेषज्ञ डॉ. खेमज्योति जायसवाल ने किया। जांच के पश्चात मरीज के बच्चेदानी एवं बच्चेदानी की नली में लगभग 400-500 ग्राम साइज के दो ट्यूमर और छोटे-छोटे साइज के दो ट्यूमर पाए गए। जिसका संपूर्ण जांच करने के पश्चात डॉ. खेमज्योति जायसवाल ने महिला का ऑपरेशन करने का निर्णय लिया। शनिवार को जिला अस्पताल सूरजपुर में ऑपरेशन के दौरान बच्चेदानी एवं बच्चेदानी की नली से दो 400 एवं 500 ग्राम साइज के ट्यूमर जो कि मरीज की आंत, आहार नली एवं पेट की मसल लेयर से चिपके हुए थे। उसे डॉ. खेमज्योति जायसवाल ने कुशलता पूर्वक बिना किसी अन्य अंगों को क्षति पहुंचाए निकाल दिया। इस ऑपरेशन में लगभग 2 घंटे का समय लगा। इस प्रकार के ट्यूमर के कैंसर होने की संभावना अत्यधिक होती है, इसलिए उसे हिस्टोपैथोलॉजी जांच के लिए बाहर भेजा गया है। हिस्टोपैथोलॉजी जांच के रिपोर्ट के आधार पर मरीज के परिजनों को आगे के इलाज के लिए परामर्श दिया गया है।

शिविर में राजस्व प्रकरणों का किया गया निराकरण

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप पूरे प्रदेश सहित सरगुजा जिले में राजस्व पखवाड़ा शुरू हो गया है, जिसका आयोजन 20 जुलाई तक आयोजन किया जा रहा है। कलेक्टर विलास भोसकर के मार्गदर्शन में जिले में राजस्व पखवाड़ा जारी है। इस शिविर में राजस्व संबंधित समस्याओं, मांग और शिकायतों से संबंधित आवेदन लिए जाकर निराकरण किया जाना है। राज्य शासन द्वारा आवेदन के निराकरण के लिए अलग-अलग तिथि निर्धारित की गई है। राजस्व पखवाड़ा शिविर में राजस्व से जुड़े प्रकरणों का निराकरण यथा अविवादित और विवादित नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, ऋण पुस्तिका प्रदान करना, नक्शा, अद्यतन, बटांकन, आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, डिजिटल हस्ताक्षर करना, आधार नंबर एकत्र करना, मोबाईल नम्बर एकत्र करना, अभिलेख शुद्धता, त्रृटि सुधार के आवेदन, व्यपवर्तन, स्वामित्व योजना से संबंधित कार्य, कोटवारी भूमि के विक्रय की जानकारी, सहित समस्त राजस्व संबंधी प्रकरणों का आवेदन प्राप्त कर निराकरण किया जाना है। 8 जुलाई सोमवार को तहसील अंबिकापुर अंतर्गत असोला में शिविर होगा। जिसमें असोला, देवगढ़, रनपुर खुर्द, मालगवांखुर्द, रामनगर, सोनपुर कला शामिल होंगे। लखनपुर तहसील में शिविर स्थल बेलखरिखा, तुरना अमलभिट्टी, ईरगवां, मलगवां कला, मलगवां, अमदला, टपरकेला, और केंवरी ग्राम शामिल होंगे। उदयपुर तहसील में केदमा में शिविर होगा।

संपत्ति संबंधी अपराधों पर फोकस करें, इटेलीजेंस बढ़ाएं : एसपी

एसपी ने अपराधों की समीक्षा कर लंबित अपराधों, शिकायतों के निराकरण के दिए निर्देश

रायगढ़/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा जिले के राजपत्रित पुलिस अधिकारियों एवं थाना, चौकी प्रभारी के साथ पुलिस कंट्रोल रूम में अपराध समीक्षा बैठक ली गई । पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना, चौकी के एक-एक कर लंबित अपराध, शिकायत, मर्ग की समीक्षा कर निकाल के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए । अपराध निकाल में थाना कोतरारोड़, चक्रधरनगर तथा गुम नाबालिग खोज में जूटमिल और पुसौर के कार्य को संतोषजनक बताये । सड़क दुर्घटना एवं महिला संबंधी अपराधों में मुआवजा प्रकरण का प्रतिवेदन शीघ्र तैयार कर भेजना कहा गया तथा लंबित मर्ग, शिकायत पत्रों का एक सप्ताह के भीतर निकालकर पालन प्रतिवेदन करने कहा गया ।

पुलिस अधीक्षक ने संपत्ति संबंधी अपराधों के नियंत्रण के लिये सूचना तंत्र मजबूत करने एवं विजुअल पुलिसिंग के तहत चौंक-चौराहों में पुलिस की मौजूदगी और गस्त पेट्रोलिंग सुदृढ़ करने कहा गया। उन्होंने प्रभारियों को थाना क्षेत्र के किराएदारों और मुसाफिरों की नियमित जांच करने के निर्देश दिए तथा सक्रिय बदमाशों पर जिला बदर की कार्यवाही के लिये प्रतिवेदन तैयार कर प्रेषित करने कहा गया।

पुलिस अधीक्षक ने बढ़ते साइबर क्राइम को लेकर अवेयरनेस प्रोग्राम नियमित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक सप्ताह हर थाना क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर साइबर अवेयरनेस किए जाने का निर्देश दिये। साथ ही सभी अधिकारियों को प्रतिदिन विभिन्न व्हाटसअप ग्रुपों में साइबर जागरूकता संदेश, पोस्ट शेयर करने कहा गया । उन्होंने त्रिनयन ऐप के जरिए क्षेत्र में अधिक से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाने लोगों को प्रेरित करने की बात कही तथा लगे हुए कैमरों में आवश्यक सुधार करने कहा गया। रथ यात्रा, मोर्हरम पर्व में सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये तथा आने वाले लोक अदालत के प्राप्त समंस, नोटिस की शत प्रतिशत तामिली करने कहा गया। क्राइम मीटिंग में दिगर प्रांत से आरोपियों की गिरफ्तारी एवं अपराध विवेचना में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले प्रधान आरक्षक व आरक्षक को प्रशस्ति पत्र से देखकर प्रोत्साहित किये तथा रेंज स्तरीय फिंगरप्रिंट कार्यशाला में शामिल हुए प्रधान आरक्षक/आरक्षकों से प्रशिक्षण के संबंध में जानकारी लेकर उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान किये और बेहतर कार्य करने प्रोत्साहित किया गया। काइम मीटिंग में द्ववेय अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे, आकाश मरकाम, नगर पुलिस अधीक्षक आकाश शुक्ला समेत सभी राजपत्रित पुलिस अधीक्षक, थाना, चौकी प्रभारीगण उपस्थित रहे। क्राइम मीटिंग पश्चात पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल एवं सभी अधिकारी, कर्मचारगण फायरिंग रेंज (उर्दना) में वृक्षारोपण कार्यक्रम में सम्मिलित होकर फलदार और छांवदार वृक्ष लगाये। पुलिस अधीक्षक ने वृक्षारोपण के लिये मौसम अनुकूल बताते हुए प्रभारियों को थाना, चौकियों तथा उनके निवास स्थान पर भी वृक्षारोपण करने प्रेरित किया गया ।

10 टन अवैध कबाड़ जप्त

अवैध कबाड़ पर कार्यवाही को लेकर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर थाना प्रभारी पूंजीपथरा निरीक्षक राकेश मिश्रा द्वारा मुखबीर लगाकर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में कल दोपहर थाना प्रभारी पूंजीपथरा को मुखबीर से एक ट्रक में अवैध कबाड़ लेकर ड्राइवर स्थानीय प्लांट में खपाने लाये जाने की सूचना मिली। तत्काल पूंजीपथरा पुलिस द्वारा तमनार चौंक पूंजीपथरा के पास मुखबीर के बताये ट्रक सीजी 04 एन.क्यू. 1858 को रोक कर चेक किया गया जिसमें भारी मात्रा में लोहे के स्क्रैप लोड थे। वाहन चालक प्रमोद साहू पिता परमेश्वर साहू उम्र 22 साल निवासी डूमरतराई थाना माना रायपुर के पास स्क्रैप परिवहन का कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए जाने से पूंजीपथरा पुलिस द्वारा अवैध कबाड़ को धारा 35(क)(ड) बीएनएएस/303(2)बीएनएए के तहत कार्यवाही कर वाहन में लोड 10 टन स्क्रैप मय ट्रक क्रमांक सीजी एन.क्यू. 1858 को जप्त किया गया तथा आरोपी वाहन चालक प्रमोद साहू पर धारा सदर के तहत इस्तगासा तैयार न्यायालय पेश किया गया है । टीआई राकेश मिश्रा के हमराह कार्यवाही में सहायक उप निरीक्षक विजय एक्का, जयराम सिदार और प्रधान आरक्षक विनीत तिर्की शामिल थे।

गांजा बेचने की फिराक में आरोपी गिरफ्तार

एसपी दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर सिटी एसपी आकाश शुक्ला द्वारा मादक पदार्थों की अवैध बिक्री पर अंकुश लगाने पर्यवेक्षण थाने के थाना प्रभारीगण एवं स्टाफ को ब्रीफ कर मुखबीर लगाकर कार्यवाही का निर्देश दिया गया है । इसी क्रम में कल शाम टीआई कोतवाली सुखनंदन पटेल को मुखबिर से सूचना मिला कि शनि मंदिर रोड मरीन ड्राइव पंप हाउस के पास एक युवक थैले में गांजा लेकर बिक्री करने ग्राहक की तलाश में अपाचे मोटर सायकल के साथ खड़ा है । तत्काल कोतवाली पुलिस द्वारा घेराबंदी कर संदेही युवक को पकड़ा गया जिसने अपना नाम संदीप चौहान पिता इतवार लाल चौहान उम्र 29 साल निवासी नेतनागर थाना जूटमिल का रहने वाला बताया जिसके पास प्लास्टिक थैला अंदर पन्नी में मादक पदार्थ गांजा करीब 1 किलो 62 ग्राम पाया गया। आरोपी ने पूछताछ में बिक्री के लिये ग्राहक का इंतजार करना बताया। आरोपी से विधिवत 1 किलो गांजा कीमती 10,000 और अपाचे लाल रंग मोटर सायकल सीजी 13 एजे- 5951 कीमती 70,000 रुपए का जप्त किया गया है।

फौती, नामांतरण व बंटवारे के प्रकरणों का निराकरण

जिले में 20 तक चलेगा राजस्व पखवाड़ा

रायगढ़/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के निर्देशानुसार जन सामान्य के राजस्व से संबंधित प्रकरणों का त्वरित निराकरण के लिए जिले के ग्रामों में 6 से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा हैं। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व पखवाड़ा में प्राप्त प्रकरणों के नियमानुसार तत्काल निराकरण के निर्देश दिए है, साथ ही जनसामान्य को आयोजित राजस्व पखवाड़ा का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है।

राजस्व पखवाड़ा के तहत जिले के ग्राम कया, जबगा, कटाईपाली, हमीरपुर, कुर्रा, परसदा, जामपाली, अडबहाल में राजस्व पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी, लोक सेवा केन्द्र के ऑपरेटर उपस्थित रहे। आयोजित राजस्व शिविर के माध्यम से बी-1, खसरा के नकल एवं किसान किताबों के आवेदनों का यथासंभव शिविर स्थल पर ही निराकरण किया गया। इसी प्रकार आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र संबंधी समस्त आवेदनों को लोक सेवा केन्द्र के माध्यम से ऑनलाईन प्रविष्टि कर निराकरण भी किया गया। शिविर में प्राप्त फौती नामांतरण, बटवारा, त्रुटि सुधार के प्रकरणों का मौके पर ही ऑनलाईन अपलोड कर हल्का पटवारी द्वारा प्रतिवेदन, पंचनामा आदि की प्रविष्टि की गई एवं मौके पर ईश्तहार जारी कर पक्षकारों को तामिल कराया जाकर प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। इसी प्रकार लंबित प्रकरणों को समय-सीमा में निराकृत करने के निर्देश संबंधित राजस्व अधिकारियों को दिए।

धोखाधड़ी मामले में सहारा इंडिया का पूर्व रीजनल मैनेजर गिरफ्तार

रायगढ़/नवप्रदेश। गत दिनों पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज, बिलासपुर डॉ. संजीव शुक्ला द्वारा गंभीर मामलों की समीक्षा कर सहारा इंडिया से संबंधित थाना कोतवाली रायगढ़ के अपराध में फरार चल रहे आरोपियों की शीघ्र पतासाजी का निर्देश दिए गये थे । पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा फरारी में चालान पेश किये आरोपियों का नये सिरे से शीघ्र पतासाजी, गिरफ्तारी के निर्देश दिया गया जिस पर एडिशनल एसपी आकाश मरकाम के सुपरविजन पर कोतवाली पुलिस की टीम द्वारा मुखबीरों को एक्टिव कर फरार आरोपियों का लोकेशन लिया गया तथा जिस पर सहारा इंडिया के रीजनल मैनेजर रजनीश कुमार तिवारी के बिलासपुर में होने की जानकारी मिली । तत्काल थाना प्रभारी कोतवाली द्वारा थाने की टीम बिलासपुर रवाना किया गया । पुलिस टीम बिलासपुर में आरोपी की पतासाजी कर आरोपी रजनीश कुमार तिवारी पिता स्वर्गीय उमेश प्रसाद तिवारी उम्र

41 साल निवासी पुरानी बस्ती रामनगर रोड अमरपाटन जिला सतना (मध्य प्रदेश) हाल मुकाम गली नंबर 04 विनोबा नगर बिलासपुर थाना तारबहार जिला बिलासपुर (छत्तीसगढ़) को हिरासत में लेकर रायगढ़ लाया गया। आरोपी से उसके नियुक्ति संबंधी दस्तावेज तथा धोखाधड़ी के संपत्ति से क्रय की गई स्वीफ्ट डिजायर कार की जप्ती की गई है ।

विदित हो कि शिकायतकर्ता विकास निगानिया निवासी कृष्णा विहार कालोनी रायगढ़ के आवेदन पर 29 सितंबर को थाना कोतवाली में सहारा इंडिया के स्थानीय शाखा प्रबंधक एवं अन्य आरोपियों के विरुद्ध अप.क्र. 1363/2022 धारा 420 , 120 बी , 34 ताहि, धारा 6,10 छत्तीसगढ़ निक्षेपकों के हितों के संरक्षण अधिनियम, धारा 4,5,6 ईनामी चिट और धन परिचालन स्कीम (पाबंदी) अधिनियम के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। मामले में कोतवाली पुलिस द्वारा धोखाधड़ी में संलिप्त आरोपी- ओम प्रकाश शर्मा, पुष्पेन्द्र कुमार साहू, करूणेश अवस्थी, अमृत लाल श्रीवास को गिरफ्तार कर विशेष न्यायाधीश रायगढ़ के न्यायालय में चालान पेश किया गया है। आरोपी रजनीश के विरूद्ध शीघ्र पूरक चालान पेश किया जाएगा। पुलिस द्वारा पूर्व में आरोपियों की चल अचल संपत्ति का चिन्हांकन कर कुर्की/नीलामी कार्यवाही करने कलेक्टरको प्रतिवेदन प्रेषित किया गया है।

जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने व समस्याओं का निराकरण करने लगेंगे शिविर

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में जिले में आम जनता की समस्याओं का त्वरित निराकरण करने एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का ज्यादा से ज्यादा लाभ दिलाने के उद्देश्य से 12 जुलाई से 27 दिसम्बर तक जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर श्री तोपनो द्वारा विभिन्न विकासखंड के चिन्हांकित स्थलों पर आयोजित होने वाले जनसमस्या निवारण शिविर कार्यक्रम में शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं से संबंधित विभाग प्रमुख को शिविर पर स्वयं उपस्थित रहकर आमजन से प्राप्त आवेदन पत्रों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 12 जुलाई को मालखरौदा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत आमनदुला के हायर सेकेंडरी स्कूल आमनदुला में, 26 जुलाई को सक्ती विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत नगरदा के हायर सेकेंडरी स्कूल नगरदा में, 08 अगस्त को जैजैपुर विकासखंड अंतर्गत हसौद के हायर सेकेंडरी स्कूल हसौद में, 23 अगस्त को डभरा विकासखंड के हायर सेकेंडरी स्कूल सपोस में, 13 सितम्बर को शिविर का आयोजन किया जाएगा।

गंगानी ने दस स्कूलों में दी शानदार प्रस्तुति

रायगढ़/नवप्रदेश। कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के विशेष प्रयास से तथा स्कूल शिक्षा विभाग समग्र शिक्षा के समन्वय से 2 से 06 जुलाई 2024 तक नई दिल्ली स्थित इंडियन इंटरनेशनल रूरल कल्चरल सेंटर के पहल पर जयपुर घराने की कलाकार कथक नृत्यांगना सुश्री नयनिका गंगानी ने अपने तीन सहयोगी साथियों महेंद्र सोनगरा, किशोर कुमार और हरीश गंगानी ने जिले के दस स्कूलों में कथक नृत्य की बेहतरीन प्रस्तुति दी एवं भारतीय संस्कृति को बढ़ावा देने का संदेश दिया।

सुश्री गंगवानी ने विद्यार्थियों को अपने अंदर अंतर निहित विशेष गुणों को पहचान कर उसके माध्यम से पढ़ाई से उत्पन्न तनाव से मुक्ति कैसे करें तथा अपने लक्ष्य को सहजता से प्राप्त कैसे करें यह भी बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को कठिन परिश्रम, सतत प्रयास, तन्मयता के समन्वय से लक्ष्य प्राप्ति को आसान करना भी बताया। कार्यक्रम आयोजन के उद्देश्य की जानकारी जिला नोडल अधिकारी श्री आलोक स्वर्णकार ने विद्यार्थियों को दी। नृत्य प्रस्तुति के लिये रायगढ़ जिले के दस हायर सेकेंडरी स्कूलों का चयन किया गया था। सुश्री गंगवानी ने 02 जुलाई को चक्रधरनगर स्कूल एवं नटवर स्कूल में 03 जुलाई को जूटमिल स्कूल और कोतरा स्कूल में, 04 जुलाई को किरोड़ीमल नगर स्कूल और कन्या रायगढ़ स्कूल में, 05 जुलाई को औरदा पुसौर स्कूल और बालक पुसौर स्कूल में प्रस्तुति दी। स्कूलों में कार्यक्रम के दौरान नृत्य के माध्यम से बच्चों को एकाग्रता कैसे लाये, पूर्णता के लिये कैसे मेहनत करें, सफलता कैसे हासिल करें जैसे विषयों को नृत्य से जोड़कर सिखाया। साथ ही बच्चों को नृत्य किस तरह सीखा जाता है इसके टिप्स दिये, सभी स्कूलो के बच्चों ने नृत्य का भरपूर आनंद लिया। इस कार्यक्रम में भुवनेश्वर पटेल एपीसी एवं कार्यक्रम नोडल अधिकारी आलोक स्वर्णकार एपीसी ने टीम को बेहतर प्रदर्शन के लिये साधुवाद दिया। टीम को भविष्य में रायगढ़ आने आमंत्रण दिया।

मिडिल स्कूल में वनमहोत्सव कार्यक्रम का आयोजन

जांजगीर/नवप्रदेश। बस्ता विहीन शाला एवं सुरक्षित शनिवार के तहत वनमहोत्सव एवं एक पेड़ मां के नाम पर शासकीय कन्या पूर्व माध्यमिक शाला जांजगीर में कार्यक्रम किया गया। सर्वप्रथम प्रथम प्रधान पाठक जयन्ती दुबे द्वारा कार्यक्रम की रूपरेखा के साथ पर्यावरण पर पेड़ों का महत्व बताया गया। रविकांत पांडेय द्वारा वनमहोत्सव के बारे में जानकारी दी गई। बोलेगा बचपन मे वनमहोत्सव पर पेड़ के महत्व जीवन मे उसकी उपयोगिता पर अधिकांश बच्चों ने अपना अपना विचार रखा। रानी कंवर ,जागृति अभिलाषा रेशमा आदि ततपश्चात स्मार्ट क्लास पर प्रोजेक्टर के माध्यम से विस्तृत रूप से वनमोत्सव के बारे में छात्राओं ने देखा सुना और समझा एक पेड़ मां के नाम के तहत फलदार पेड़ का रोपण बच्चों एवम शाला परिवार द्वारा किया गया साथ ही साथ फूल एवम सब्जियों का भी रोपण शाला के किचन गार्डन में किया गया। शाला परिवार से प्रधान पाठक जयन्ती दुबे, अश्वनी जोशी, सुधा शर्मा, रविकांत पांडेय, ललिता स्वर्णकार, अनिता गढ़ेवाल, अंजू राठौर स्वीपर संतलाल महतो, रसोइया एवम स्वसहायता समूह अध्यक्ष देवमती राठौर, लक्ष्मींन श्रीवास, कांति यादव ऑपरेटर रोहन योगेश्वर उपस्थित थे।

प्रवेशोत्सव सांसद के आतिथ्य में बच्चों का तिलक लगाकर और मिठाई खिलाकर किया गया स्वागत

मन लगाकर करें पढ़ाई, जरूर मिलेगी सफलता : राठिया

रायगढ़/नवप्रदेश। सांसद राधेश्याम राठिया के मुख्य आतिथ्य में धरमजयगढ़ में विकासखंड स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का आयोजन मंगल भवन धरमजयगढ़ में किया गया। मौके पर उन्होंने नव प्रवेशी बच्चों को तिलक-चंदन लगाकर उनका स्वागत किया। आशीर्वाद स्वरुप उन्होंने मिठाई व चॉकलेट खिलाकर कर निःशुल्क पाठ्य पुस्तक गणवेश व सरस्वती साइकिल का वितरण किया। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता विधायक लालजीत सिंह राठिया ने किया। इस दौरान दिव्यांग बच्चों को व्हीलचेयर साउंड सिस्टम, मोबाइल हियरिंग किट का वितरण किया गया। गत वर्ष के 10 वीं व 12 वीं प्रतिभावान बच्चों को सांसद व विधायक ने पुष्प गुच्छ एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया।

सांसद राधेश्याम राठिया ने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने एवं जीवन में आगे बढ़कर उन्नति करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने स्कूल प्राचार्य को शासन द्वारा मिलने वाली सभी सुविधाओं को बच्चों तक शत-

प्रतिशत पहुंचाने की बात कही। पालकों से भी उन्होंने निवेदन किया कि वह अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने के लिए प्रतिबद्ध रहे एवं उन्हें विद्यालय के सुखद वातावरण में भेजने हेतु प्रेरित करें। जिससे बच्चों का भविष्य उज्जवल हो। विधायक लालजीत सिंह राठिया ने अपने उद्बोधन में मनुष्य जीवन में शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए शिक्षा को अंधे व्यक्ति के जीवन में प्रकाश पुंज की संज्ञा दी। उन्होंने सभी बच्चों को खूब पढने और अपने माता-पिता का नाम रोशन करने हेतु कहा। विकासखंड शिक्षा अधिकारी रविशंकर सारथी द्वारा शाला प्रवेश उत्सव एवं विकासखंड की शैक्षणिक उपलब्धि का प्रतिवेदन वाचन किया गया। इस अवसर पर पुनीत राठिया अध्यक्ष जनपद पंचायत, रमेश अग्रवाल उपाध्यक्ष जपं, टार्जन भारती उपाध्यक्ष, नगर पंचायत व मंडल अध्यक्ष गोकुल यादव, संजय गुप्ता, रामनाथ बैगा जिला पंचायत सदस्य, वीणा विश्वास जनपद पंचायत सदस्य, महेश चैनानी, विजय अग्रवाल, जगन्नाथ यादव, भरत लाल साहू, हरिचरण अग्रवाल, मुकेश हलधर, धनेश्वर भट्ट, जगमीत सिंह कोमल, श्रोविंद महंत, शशि पटेल, शिशुपाल गुप्ता, नंदलाल प्रजापति, मोती बेहरा,अनिल पांडेय, राजेश बेहरा, नवल राठिया, विकास केशरवानी, भारत साव, नटवर अग्रवाल, सुभाष मंडल, राशि बाई, एम.एल.मेहर, डिगेश पटेल अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, बी के डहरिया तहसीलदार, एस आर टण्डन सीईओ जनपद, अनिल कुमार पैंकरा प्राचार्य डाइट धरमजयगढ़, हकीम उल्लाह खान प्राचार्य सेजस, संकुल प्राचार्यए समस्त संकुल शैक्षिक समन्वयक विकासखंड धरमजयगढ़ रंजू प्रसाद यादव उपस्थित रहे।

रामदास द्रौपदी फाउंडेशन ने उर्दना व पॉलीटेक्निक कॉलेज में किया पौधा रोपण

रायगढ़/नवप्रदेश। पर्यावरण स्थिरता और संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए, रामदास द्रौपदी फाउंडेशन ने कल रायगढ़ के शासकीय माध्यमिक शाला उर्दना और पॉलिटेक्निक कॉलेज में पौधरोपण किया गया। यह पहल फाउंडेशन के चल रहे पर्यावरण संरक्षण अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य समुदाय को पर्यावरण की रक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करना है। इस कार्यक्रम में दोनों संस्थानों के छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखी गई, जिन्होंने पौधे लगाने और इस नेक काम के लिए अपना समर्थन देने का संकल्प लिया। फाउंडेशन की टीम ने अपने अध्यक्ष सुनील रामदास के नेतृत्व में जलवायु परिवर्तन से निपटने, वायु गुणवत्ता में सुधार और जैव विविधता को संरक्षित करने में वृक्षारोपण के महत्व पर जोर दिया। इस अवसर पर छात्रों को पेड़ों के लाभों के बारे में शिक्षित किया गया, जिसमें ऑक्सीजन का उत्पादन, वन्यजीवों का जीवन में उपयोगिता और मिट्टी के कटाव को रोकने में उनकी भूमिका शामिल है। उन्हें पौधों का स्वामित्व लेने और उनकी देखभाल सुनिश्चित करने प्रोत्साहित किया गया।

■ न्यूज गैलरी

डॉ. मुखर्जी की जयंती पर स्कूल में रोपे गए पौधे

नगरी/नवप्रदेश। बेलरगांव में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर मां के नाम एक पेड़ लगाया गया। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बेलरगांव में मनाया गया साथ छात्र-छात्रा में शिक्षक द्वारा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

सांसद नाग ने गोविंदपुर ग्राम पंचायत में सुनी समस्याएं

नगरी/नवप्रदेश। नगरी विकासखंड के ग्राम पंचायत गोविन्दपुर में विभिन्न विकास कार्यों निम्नांकित कार्यों की स्वीकृति प्रदान करने की निम्न मांग सामुदायिक भवन निर्माण ग्राम गोविन्दपुर प्राथमिक शाला अतिरिक्त कक्ष निर्माण गोविन्दपुर,माध्यमिक शाला अहाता निर्माण, गोविन्दपुर से बटनहर्रा एवं गोविन्दपुर से डोंगापथरा प्रधानमंत्रा ग्राम सड़क निर्माण,रंगमंच निर्माण डोगांपछरा गोविन्दपुर, ग्रामीणों के द्वारा अवगत कराया गया जिसमें सांसद द्वारा कहा गया अभी-अभी मैं नवनिर्वाचित सांसद चुन कर आया हूं एक-एक करके शासन की योजना के माध्यम से पुणे करने की बात कही।

विशेष पिछड़ी जनजाति के किसानों का बनेगा क्रेडिट कार्ड 9 तक

गरियाबंद/नवप्रदेश। कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल के निर्देश पर जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति कमार एवं भुंजिया जनजाति वर्ग के किसानों के लिए प्रधानमंत्री किसान क्रेडिट कार्ड बनाया जायेगा। इससे किसानों को अल्पकालिन कृषि ऋण से लाभान्वित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जायेगा। ताकि विशेष पिछड़ी जनजाति वर्ग के किसानों को अल्पकालिन कृषि ऋण प्रदाय किया जा सके। कलेक्टर ने लीड बैंक मैनेजर, आदिम जाति विभाग के सहायक आयुक्त एवं कृषि विभाग के उप संचालक को पत्र प्रेषित कर कहा है कि जिन गांवों में विशेष पिछड़ी जनजातियों की बसाहट अधिक है, उन गांवों को प्राथमिकता क्रम में रखते हुए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिये गये थे। जिससे कि किसान क्रेडिट कार्ड योजना से लाभान्वित करने के लिए शिविरों का आयोजन कर शत प्रतिशत लाभान्वित किया जा सके। इस संबंध में लीड बैंक मैनेजर ने बताया कि यह शिविर शनिवार 06 जुलाई, सोमवार 8 जुलाई एवं मंगलवार 9 जुलाई को सुबह 11 बजे से 03 बजे तक जिले के समस्त बैंक शाखाओं में आयोजित की जायेगी। उन्होंने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) से वंचित किसानों को उनके नजदीकी बैंक शाखा में भूमि से संबंधित आवश्यक दस्तावेज एवं केवाईसी दस्तावेजों के मूलप्रति के साथ शिविर स्थल पर उपस्थित होने कहा है।

नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत ड्रोन की मांग पर सांसद को ज्ञापन

नगरी/नवप्रदेश। प्रधान मंत्री के महत्वपूर्ण योजना नमो ड्रोन दीदी योजना के तहत ग्राम गोविंदपुर ग्राम पंचायत गोविंदपुर के शिव शक्ति स्व सहायता समूह पंजीयन क्रमांक 95277 के महिलाओ द्वारा केंद्र सरकार के महवपूण योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण एवं ड्रोन दिलाने सांसद भोजराज नाग को शिव शक्ति महिला अध्यक्ष सुकवती सवित्री नेताम समस्त महिलाओं ने ज्ञापन के माध्यम से मांग की है।

सांसद भोजराज नाग ने शीतला मंदिर में पूजा कर पौधा रोपा

नगरी/नवप्रदेश। ग्राम तालपारा में सांसद का जोरदार स्वागत कुकरेल मंडल के ग्राम गट्टासिली तालपारा में सांसद भोजराज नाग का चुनाव जीतने के बाद प्रथम आगमन हुआ ग्राम के शीतला मंदिर मैं पूजा अर्चना करने के पश्चात शीतला मंदिर के प्रांगण में वृक्षारोपण किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भोजराज नाग ने कहा कि पीएम मोदी के शासन में देश सही दिशा में बढ़ रहा है।

कैंसर के तीन मरीजों के इलाज के लिए सीएम ने दिए 27 लाख

डॉ. रमन, सांसद पाण्डे की अनुशंसा, पूर्व सांसद मधुसूदन के प्रयासों से मिली राशि

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना अंतर्गत राज्य शासन द्वारा कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से जूझ रहे राजनांदगॉव जिले के तीन मरीजों को कुल 27 लाख 79 हजार रू. की राशि अस्पताल के खाते में भुगतान करके कैंसर पीड़ित गरीब मरीजों के ईलाज की व्यवस्था की गई है। इन तीनों मरीजों ने पूर्व सांसद राजनांदगॉव एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष मधुसूदन यादव से समक्ष भेंट करके अपनी पीड़ा से अवगत कराते हुए इलाज हेतु सरकारी मदद दिलाने की गुहार लगाई थी। कैंसर पेशेन्ट कु0 लोकेश्वरी वर्मा आत्मज टीकूराम वर्मा, उम्र 12 साल निवासी ग्राम कातलवाही, पोस्ट मुसरा, विकासखंड डोंगरगढ़, का इलाज बालको मेडिकल केयर सेंटर रायपुर में चल रहा है, जिन्हें शासन की तरफ से 15 लाख रू. की राशि अस्पताल के बैंक खाते में भुगतान करके मरीज का इलाज करावाया जा रहा है। इसी तरह कैंसर पेशेन्ट शांति देवी रजवानी धर्मपत्नी दीपक रजवानी, उम्र 61 वर्ष निवासी लाल बाग, राजनांदगॉव को मेडिकल कॉलेज अस्पताल रायपुर में

इलाज हेतु 4.79 रू. का भुगतान शासन द्वारा अस्पताल के खाते में किया गया है। एक अन्य प्रकरण में कैंसर के मरीज गोविन्द राम सूर्यवंशी, उम्र 65 वर्ष, निवासी ग्राम एवं पोस्ट गौद, वि.खं. जांजगीर, जिला जांजगीर चॉपा (अस्थायी निवासी राजनांदगॉव) को स्वास्तिक नर्सिंग होम रायपुर में अपने फेफड़े एवं यकृत कैंसर के उपचार हेतु 08 लाख रू. की राशि अस्पताल के बैंक खाते में प्राप्त हुई है।

इन तीनों ही प्रकरण में कैंसर पेशेन्ट के परिजनों द्वारा राजनांदगॉव के पूर्व सांसद मधुसूदन यादव से प्रत्यक्ष मुलाकात कर मरीज के इलाज का आवेदन पत्र देते हुए शासन से इलाज हेतु सहायता उपलब्ध कराने हेतु निवेदन किया गया था। निजी अस्पताल में ईलाज के दौरान होने वाले भारीभरकम खर्च को वहन करने में असक्षम इन मरीजों के परिजनों से प्राप्त आवेदन पर तत्वरित पत्राचार करते हुए पूर्व सांसद मधुसूदन द्वारा विष्णुदेव साय, मुख्यमंत्री छ.ग.शासन एवं डॉ. रमन सिंह, अध्यक्ष छ.ग. विधानसभा एवं विधायक राजनांदगॉव को अवगत कराया गया । इन मरीजों को निजी अस्पताल में भर्ती करवाने एवं इलाज हेतु तत्परता से चिकित्सकीय औपचारिकताएँ पूर्ण करवाने में राजनांदगॉव सांसद संतोष पाण्डेय का भी विशेष सहयोग प्राप्त हुआ। विधानसभा अध्यक्ष डॉ0 रमन ने भी कैंसर के इन तीनों मरीजों के प्रकरण में संवेदनशीलता एवं सहृदयता का परिचय देते हुए मुख्यमंत्री को मरीज के उपचार हेतु तत्काल राशि जारी करने हेतु अनुशंसा पत्र भेजा । जिसके पश्चात् मुख्यमंत्री की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री विशेष सहायता योजना अंतर्गत इन मरीजों के कैंसर के उपचार हेतु संबंधित चिकित्सालयों को, प्राप्त प्राक्कलन के आधार पर, कुल 27 लाख 79 हजार रूपये की सहायता राशि जारी करके मरीजों को राहत प्रदान की गई है। आज उक्त स्वीकृति आदेश की एक प्रति पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने मरीज लोकेश्वरी वर्मा के पिता टीकूराम वर्मा को सौंपा। पीड़ितों के परिजनों ने इलाज हेतु राज्य शासन से आर्थिक मदद स्वीकृत होने पर प्रसन्नता व्यक्त कर सीएम, विस अध्यक्ष डा रमन सिंह, सांसद पाण्डे एवं पूर्व सांसद मधुसूदन यादव का आभार व्यक्त किया है।

सिंचाई विभाग में कई पद खाली कैसे पहुंचेगा खेतों तक पानी?

■ **154 किलोमीटर नहर, 29 जलाशय व्यपवर्तन, 5 की जगह 1 उपयंत्री आदि पद हैं खाली**

छुरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कृषि प्रधान राज्य है। यहां पर किसानों द्वारा अधिकांशत धान की फसल का उत्पादन किया जाता है और धान में सबसे अधिक पानी की आवश्यकता होती है जिसमें छोटे-बड़े सभी बांधों से नहर के माध्यम से खेतों में पानी पहुंचता है ताकि धान की फसल को सही समय पर पानी मिल सके और धान का उत्पादन अच्छा हो सके जो प्रदेश के किसानों के हित में हो ,उसके लिए शासन द्वारा जल संसाधन विभाग है जो पानी के वितरण, बांध निर्माण, नहर लाइनिंग ,पानी वितरण ,पानी की वसूली एवं इन बांधों के निर्माण कार्य का कार्य करती है उपयंत्री से लेकर बाकी सभी पद खाली है इसे पता चलता है कि सरकार किसानों को लेकर कितना गंभीर है और जो किसान अन्नदाता है विभिन्न फसलों का उत्पादन करता है उनके लिए पानी पहुंचाने के लिए जो अधिकारी कर्मचारी हैं उन्हीं के पद रिक्त है तो उनके खेतों तक पानी ,निर्माण कार्य की देखरेख और वसूली सहित अन्य कार्य कौन करेगा? क्षेत्र में कुल 29 जलाशय व्यपवर्तन हैं।

जहां 154 किलोमीटर नहर लाइनिंग कार्य किया जाना है। इस निर्माण कार्य एवं कांक्रीटीकरण भी किया जाना है। इनकी देखरेख आखिर कौन करता होगा और जब नहर ही ठीक नहीं तो खेतों में पानी कैसे पहुंचेगा ? जल संसाधन विभाग में 154 किलोमीटर नहर के लिए जल संसाधन उप संभाग में 5 उपयंत्री के पद हैं। इसमें मात्र 1 पदस्थ है और चार पद रिक्त हैं। बाबू के वर्ग 2 और 3 के पद रिक्त हैं, तकनीकी सहायक ड्राफ्ट्समैन 1 पद रिक्त हैं, अमीन पटवारी के 4 पद हैं चारों पद रिक्त हैं इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि जल साधन संभाग का कार्य कैसे होता होगा और किसानों को पानी कैसे पहुंचता होगा। क्षेत्र में खरखरा जलाशय, लोहझर व्यपवर्तन, छुरा नया तालाब, घटकर्रा व्यापवर्तन, टुइया मुड़ा ब्यपवर्तन, छतरपुर जलाशय, कोठी गांव जलाशय, बोईरगांव जलाशय ,कनसिघि जलाशय, जुनवानी जलाशय, खंडमा जलाशय, द्वारतरा ब्यपवर्तन, पिपर छेड़ी बयपवर्तन, भरवा मुड़ा जलाशय, पिपराही व्यपबर्तन, पनका नाला व्यपवर्तन, दुल्लानाला व्यपवर्तन, पत्थररी जलाशय, रसेला व्यपवर्तन, कनेसर जलाशय, टेंगनही जलाशय, रानी डोंगरी जलाशय, कोरासि व्यापवर्तन, मलेवा डोंगरी स्टाप डेम, वेन्द्रानाला ,मुंडा नाला व्यपवर्तन हैं।

वर्सन

इस संबंध में जल संसाधन उप संभाग के एसडीओ पुनीत सिरमौर ने बताया कि सभी रिक्त पदों की जानकारी उच्च कार्यालय को दी जा चुकी है ,किसानों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो उसके लिए लगातार कर्मचारी लगे रहते हैं।

स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, कृषि व सामाजिक विकास के लिए समन्वय के साथ करें कार्य : विधायक

गरियाबंद/नवप्रदेश। नीति आयोग द्वारा संचालित आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के तहत देश के 500 ब्लॉकों में सम्पूर्णता अभियान का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत जिले के 2 विकासखंड गरियाबंद और मैनपुर का चयन हुआ है। बिन्द्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने शनिवार 6 जुलाई को मैनपुर ब्लॉक में संपूर्णता अभियान का शुभारंभ किया। सामुदायिक भवन मैनपुर में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर दीपक अग्रवाल सहित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, एएनएम, स्वास्थ्य कार्यकर्ता एवं भारी संख्या में आमजन शामिल हुए। संपूर्णता अभियान के शुभारंभ अवसर पर विधायक श्री ध्रुव ने कहा कि नीति आयोग द्वारा पिछड़े ब्लॉकों के विकास के लिए आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम चलाया जा रहा है। उसी के तहत आकांक्षी ब्लॉक में लोगों के सम्पूर्ण विकास के लिए संपूर्णता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत 6 इंडिकेटर निर्धारित किए गए है। जिसे 30 सितंबर तक पूर्ण करने का कार्य योजना बनाया गया है। इसके तहत शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि एवं सामाजिक विकास के क्षेत्र में लोगों को शत प्रतिशत लाभान्वित करना है। उन्होंने नीति आयोग द्वारा निर्धारित लक्ष्यों को लोगों के विकास एवं संवर्धन के लिए मिलजुल कर समन्वय के साथ काम करने की अपील लोगों से की। विधायक श्री ध्रुव ने मैनपुर क्षेत्र के विकास के लिए महिलाओं को भी आगे आकर अभियान में शामिल होने का आव्हान किया है। संपूर्णता अभियान के तहत प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच, शुगर बीपी जांच, पूरक पोषण आहार वितरण, स्व सहायता समूह को आवश्यक सहायता एवं किसानों को मृदा परीक्षण स्वाइल कार्ड वितरण के लिए जागरूक होकर अभियान में शामिल होने का आह्वान किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्टॉल में विधायक एवं कलेक्टर ने स्टाल का अवलोकन कर बीपी और मधुमेह स्तर की भी जांच कराई।

ट्रेन से कटकर अज्ञात युवक की हुई मौत

भाटापारा/नवप्रदेश। स्थानीय रेलवे स्टेशन के पास बीती रात लगभग 2 बजे के आसपास एक अज्ञात व्यक्ति की ट्रेन से कटने से मौत हो गई। स्थानीय जी आर पी ने मृतक के पास से ई श्रम कार्ड बरामद किया है जिसमें नाम पुरषोत्तम मरार पिता गीता राम मरार उम्र 32 वर्ष पता राम गुड़ी चौक बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) लिखा है। वो कार्ड मृतक का है या किसी और का,जी आर पी पता साजी कर रही है। फिलहाल अज्ञात मृतक के परिजनों का कोई पता नहीं चला है।

कोसीर और सरसीवां में रेत के अवैध परिवहन में लगे 6 ट्रैक्टर जप्त

सरसींवा/नवप्रदेश। कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देश पर खनि अधिकारी हीरादास भारद्वाज के मार्गदर्शन में खनिज एवम पुलिस विभाग के सयुंक्त दल द्वारा सरसींवा और कोसीर क्षेत्र का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। ग्राम पेंड्रावन में खनिज रेत के 4 तथा 1 ट्रैक्टर चूना पत्थर के अवैध परिवहन में संलिप्त पाया गया। इन 5 ट्रैक्टर को जप्त कर थाना सरसींवा और 01 ट्रैक्टर को कोसीर थाना के सुपुर्दगी में दिया गया। इस प्रकार कुल 6 ट्रैक्टर की जप्ती की गई है।

यह कार्यवाही छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 एवम् खान एवं खनिज विकास आधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत की जाएगी। साथ ही अवैध उत्खनन परिवहन एवं भण्डारण की कार्यवाही आगे भी निरंतर कलेक्टर के निर्देश पर की जायेगी। जांच टीम में दीपक पटेल अनुराग नंद सहित पुलिस कर्मी शामिल हुए।

डॉ. श्यामा प्रसाद की जयंती पर भाजपाइयों ने किया पौधों का रोपण

नगरी/नवप्रदेश। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती के अवसर पर नगर पंचायत नगरी वार्ड क्रमांक 2 मे स्थापित प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रृंगी ऋषि हायर सेकेण्डरी स्कूल मैदान में एक पेड़ मां के नाम का शुभारंभ कर सभी उपस्थित जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी कार्यकर्ताओं नें एक एक पौधा लगाया गया। नगरी में सभा का आयोजन किया गया जहां भाजपा जिलाध्यक्ष प्रकाश बैस पूर्व न.प.अध्यक्ष नागेंद्र शुक्ला ने डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर मंडल सह प्रभारी कमल डागा मंडल अध्यक्ष मोहन नाहटा महामंत्री हृदय साहू मीडिया प्रभारी रामगोपाल साहू अजजा जिलाध्यक्ष महेन्द्र नेताम नगर पंचायत अध्यक्ष आराधना शुक्ला उपाध्यक्ष अजय नाहटा महिला मोर्चा अध्यक्ष सुलोचना साहू सहित आदि उपस्थित थे।

दागी कांग्रेसी पार्षदों को भाजपा में शामिल न करने जिला अध्यक्ष को आवेदन

भटगांव/नवप्रदेश। भाजपाइयों ने कांग्रेस के दागी पार्षदों को भाजपा में शामिल न करने जिला भाजपा अध्यक्ष सुभाष जालान के नाम से आवेदन मंडल अध्यक्ष रेवती चंद्रा को आवेदन सौंपा है।वर्तमान में नगर भटगांव में हो रही है गड़बड़ियों की जांच की मांग को लेकर विधायक कविता प्राण लहरे के चक्का जाम किए जाने के बाद से नगर का माहौल गर्माया हुआ है। भटगांव नगर पंचायत परिषद के कांग्रेसी पार्षद कांग्रेस पार्टी की सदस्यता से इस्तीफा दिए जाने की जानकारी सामने आ रही है। वहीं दूसरी तरफ नगर भटगांव के भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा भ्रष्ट कांग्रेसियों को भाजपा में शामिल न करने के संबंध में भाजपा जिला अध्यक्ष के नाम से मंडल

अध्यक्ष रेवती लाल चंद्रा को आवेदन दिया है। साथ ही छाया विधायक को इस संबंध में आवेदन दिया है कि कांग्रेस के भ्रष्ट जनप्रतिनिधि को भाजपा में न शामिल किया जाए । भाजपा कार्यकर्ताओं ने कहा कि अगर कांग्रेस के भ्रष्ट व दागी जनप्रतिनिधि को भाजपा में शामिल करेंगे। अब ऐसे में यह देखने वाली बात होगी कि क्या कांग्रेस के दागी पार्षदों को भाजपा में शामिल कर पार्टी की स्वच्छ छवि को धूमिल किया जाता है। आवेदन देने वालों में वार्ड क्रमांक 1 की पार्षद लक्ष्मी साहू , प्रदेश कार्य समिति सदस्य महिला मोर्चा, पूर्व एल्डरमेन तुलसी आदित्य, पार्षद राजेश सिदार, पूर्व पार्षद रमा पटेल, पूर्व महामंत्री कुंज राम साहू, रामकुमार केसरवानी, वरिष्ठ कार्यकर्ता महेत्तर श्रीवास , पूर्व पार्षद टम्मक सोनी , पूर्व एडरमैन

राजू केशरवानी, भाजयुमो जिला महामंत्री धीरज ठाकुर, पूर्व पार्षद राम लाल साहू राम कृपाल पटेल, रविंद्र सिंह बनाफर, सुरेश रघु, लीलाधर वैष्णव , पूर्व एल्डर मेन भीलेश्वर आदित्य , सरपंच हरिशंकर जायसवाल आदि शामिल हैं।

डीपीएस सैनिक स्कूल के छात्रों का किया गया दंत परीक्षण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। दिल्ली पब्लिक सैनिक स्कूल में दंत चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। जिसमें शाला के समस्त शैक्षणिक, गैर शैक्षणिक विभाग, मेस, ट्रासपोर्ट विभाग के साथ-साथ बच्चों का भी दंत परिक्षण एवं स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। छत्तीसगढ़ डेंटल कॉलेज एण्ड रिसर्च इंस्ट्रीट्यूट सुंदरा, राजनांदगांव के चिकित्सक डॉ. सूरज मूल्तानी हेड डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक हेल्थ डेंटीस्ट्री, डॉ. सोनल राठी सिनियर लेक्चरर डिपार्टमेंट ऑफ पेडोडोंटिक्स, डॉ. अनिरूद्ध खेडुलकर ट्यूटर डिपार्टमेंट ऑफ पब्लिक हेल्थ डेंटिस्ट्री एण्ड पीजी स्टूडेंट्स एण्ड इंटर्न्स के निर्देशन में बच्चों का चिकत्सीय परीक्षण किया गया। चिकित्सकों ने आज की खराब लाइफस्टाइल की वजह से कम उम्र में लोगों के दांत टूट रहे हैं या झड़ रहे हैं आज के दौर में जिस तरीके से युवा के बाल सफेद हो रहे हैं ठीक उसी तरह कई लोग ऐसे भी है जिन्हें दाँत से जूड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है

आयोजन | उतई में ब्लाक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव के दौरान बच्चों का गणवेश देकर स्वागत किया गया

शाला जाने योग्य बच्चों का स्कूल में दाखिला कराएं : विजय बघेल

उतई/नवप्रदेश। ब्लाक स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला उतई में किया गया। कार्यक्रम में कक्षा पहली, छठवीं और नवमीं में नवप्रवेशी बच्चों का सम्मान कर निः शुल्क पाठ्यपुस्तक एवं गणवेश वितरण, प्रतिभाशाली बच्चों व शिक्षकों का सम्मान, स्कूल में वृक्षारोपण हेतु पौधा वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल थे। अध्यक्षता दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चन्द्राकर ने की। विशिष्ट अतिथि अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पुष्पा यादव, जनपद अध्यक्ष देवेन्द्र देशमुख, जनपद उपाध्यक्ष श्रीमती झमित गायकवाड़, जिला पंचायत सभापति श्रीमती योगिता चन्द्राकर, उतई नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेन्द्र हिरवानी, नगर पंचायत उपाध्यक्ष रविन्द्र वर्मा, पार्षद सरस्वती साहू, एसडीएम मुकेश रावटे, संयुक्त संचालक आरएल ठाकुर, डीईओ अरविन्द मिश्रा थे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलित कर किया गया। पश्चात सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। बीईओ

गोविन्द साव ने स्वागत भाषण में वार्षिक शैक्षणिक गतिविधियों के साथ ही उल्लास नवभारत साक्षरता, एक पेड़ मां के नाम तथा नौनिहालों का शाला प्रवेश उत्सव की महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में अतिथियों ने कक्षा पहली, छटवीं व नवमी के नवप्रवेशी बच्चों को तिलक लगाकर तथा गणवेश व पाठ्यपुस्तक वितरण कर स्वागत किया गया। शिक्षा व खेल के क्षेत्र में प्रतिभावान छात्राओ को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद विजय बघेल ने कहा कि स्कूल जाने योग्य सभी बच्चों को स्कूलों में दाखिला कराने समाज के हर व्यक्ति को सहयोग करना चाहिए। यह हम सब का दायित्व है कि हमारे आसपास में कोई भी बच्चा स्कूल जाने से वंचित न हो। शिक्षा बच्चों का अधिकार है। उन्हें उनका यह अधिकार मिलना ही चाहिए। इसमें सामाजिक भागीदारी का विशेष महत्व है। उन्होंने कहा कि बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाने के साथ ही कक्षा बारहवीं तक उनकी नियमित उपस्थिति सुनिश्चित होनी चाहिए।

नाबालिग वाहन चालकों के खिलाफ अभियान

कवर्धा/नवप्रदेश। यातायात के स्टाफ द्वारा ऐसे नाबालिग वाहन चालक जो मोटरसाइकिल का उपयोग स्कूल आने जाने के लिए करते है उक्त नाबालिग वाहन चालक के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में ऐसे नाबालिग छात्र जो स्कूल प्रशासन के मना करने के बावजूद वाहन लेकर स्कूल आते हैं उनके विरुद्ध कार्यवाही की गई। करपात्रि स्कूल के बाहर और आदिवासी मंगल भवन के बाहर रखे नाबालिग छात्रों की गाड़ियों को यातायात पुलिस के द्वारा लिफ्टर वाहन लिफ्ट कर यातायात शाखा लाया गया। इस तरह की कार्यवाही अन्य स्कूल के नाबालिग छात्रों के विरुद्ध भी की जाएगी। ताकि नाबालिग द्वारा होने वाले वाहन दुर्घटना को रोका जा सके।

सोना 710 बढ़कर 73800 पर पहुंचा एक किलो चांदी 94800 रुपए की

नई दिल्ली। सोने-चांदी की कीमतों में आज यानी 6 जुलाई को तेजी है। 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 710 रुपए बढ़कर 73,800 रुपए पर पहुंच गया है। कल इसके दाम 73,090 रुपए प्रति दस ग्राम थे। एक्सपर्ट्स के अनुसार इस साल के आखिर तक सोना 78 हजार रुपए तक जा सकता है।

वहीं एक किलो चांदी 1,600 रुपए बढ़कर 94,800 रुपए में बिक रही है। इससे पहले चांदी 93,200 रुपए किलो प्रति पर थी। महीने सोने-चांदी में अच्छी तेजी देखने को मिल रही है। 30 जून को सोना 72,280 रुपए औ चांदी 90,000 रुपए पर थी।

4 महानगरों और भोपाल में सोने की कीमत

दिल्ली- 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 67,800 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 73,950 रुपए है।

मुंबई- 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 67,650 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 73,800 रुपए है।

कोलकाता- 10 ग्राम 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 67,650 रुपए और 24 कैरेट 10 ग्राम सोने की कीमत 73,800 रुपए है।

चेन्नई- 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 68,200 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 74,400 रुपए है।

भोपाल- 10 ग्राम 22 कैरेट सोने की कीमत 67,700 रुपए और 10 ग्राम 24 कैरेट सोने की कीमत 73,850 रुपए है। इस साल अब तक सोने के दाम 9,930 रुपए प्रति 10 ग्राम बढ़ चुके हैं। साल की शुरुआत में ये 63,870 रुपए पर था। जो अब 73,800 रुपए प्रति 10 ग्राम पर है। वहीं चांदी साल की शुरुआत में 73,395 रुपए प्रति किलो पर थी। जो अब 94,800 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। यानी, चांदी इस साल 21,403 रुपए बढ़ चुकी है।

साल के अंत तक 78 हजार तक जा सकता है सोना

सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करेंसी हेड अनुज गुप्ता के अनुसार इससे आने वाले दिनों में सोने-चांदी में और बढ़त देखने को मिल सकती है। इस साल के आखिर तक सोना 78 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं चांदी भी 1 लाख रुपए प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती है।

हमेशा सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें

हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है।

इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी ॥ ID कहते हैं। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह होता है- ⁄4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव है कि कोई सोना कितने कैरेट का है।

मोबाइल सेवा शुल्कों पर सरकार ने दी सफाई

नई दिल्ली। सरकार ने भारत में मोबाइल सेवा शुल्कों में वृद्धि के बारे में हाल ही में चिंताओं को संबोधित किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि दूरसंचार बाजार कई खिलाड़ियों के साथ आपूर्ति और मांग के आधार पर संचालित होता है। इसमें तीन निजी कंपनियां और एक सार्वजनिक क्षेत्र की सेवा प्रदाता शामिल है।यहां हम प्राइवेट कंपनियां यानी जीओ, एयरटेल और वीआई की बात कर रहे हैं, जिन्होंने हाल ही में अपने टैरिफ प्लान की कीमत बढ़ाई है। वहीं पब्लिक क्षेत्र के प्रोवाइडर में बीएसएनएल को गिना जाता है।भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण यूजर्स को आश्वस्त करता है कि मूल्य निर्धारण स्वतंत्र निकाय द्वारा निर्धारित विनियमों का पालन करते हुए बाजार की ताकतों द्वारा निर्धारित किया जाता है। इसका मतलब है कि सरकार सीधे मूल्य निर्धारण को नियंत्रित नहीं करती है, लेकिन ट्राई उपभोक्ताओं के लिए निष्पक्षता की देखरेख करती है।

टेस्ला के भारत आने की उम्मीद कम कंपनी ने सरकार से संपर्क बंद किया

नई दिल्ली। अमेरिका की EV मैन्युफैक्चरर टेस्ला के भारत आने की उम्मीद अब कम हो गई है। इलॉन मस्क की कंपनी के अधिकारियों ने भारत सरकार के लोगों से बातचीत बंद कर दी है। इकोनॉमिक्स टाइम्स ने सूत्रों के हवाले से इस बात की जानकारी दी है। मामले से जुड़े लोगों ने बताया कि सरकार को यह समझ में आ गया है कि टेस्ला के पास कुछ कैपिटल इश्यू हैं, जिसके चलते निकट भविष्य में वह भारत में कोई नया निवेश नहीं करने जा रही है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक भारत के अधिकारियों से टेस्ला के अधिकारियों ने पिछले 3 महीने से कोई बात नहीं की है। पिछले दो क्वार्टर से कंपनी ग्लोबल मार्केट की डिमांड को पूरा नहीं कर सकी है।चीनी कंपनियों ने टेस्ला को काफी कड़ा कॉम्पिटिशन दिया है।मस्क ने अप्रैल में कर्मचारियों की बड़ी कटौती की घोषणा की थी।कई साल की कोशिश के बाद बने साइबरट्रक की ग्रोथ धीमी है।कंपनी मैक्सिको में एक नया प्लांट बना रही है, इसमें भी देरी हो रही है।कंपनी के साथ भारत में निवेश के लिए कई कैपिटल इश्यू हैं।इलॉन मस्क का भारत दौरा रद्द होने के बाद नहीं हुआ है संपर्क इलॉन मस्क का भारत दौरा रद्द होने के बाद कंपनी के अधिकारियों ने भारत के मिनिस्ट्री ऑफ हैवी इंडस्ट्रीज, मिनिस्ट्री ऑफ फाइनेंस, कॉमर्स और इंडस्ट्री के लोगों से कोई संपर्क नहीं किया है। इलॉन मस्क इसी साल अप्रैल में 22 से 27 के बीच भारत आने वाले थे, लेकिन अचानक उन्होंने यह दौरा रद्द कर दिया था।

इस दौरे में मस्क पीएम मोदी से भी मिलने वाले थे। इलॉन मस्क ने भारत आने का प्लान सरकार की ओर से नई श्व्ङ्क पॉलिसी लाने के बाद किया था। नई पॉलिसी के तहत कार बनाने वाली विदेशी कंपनियों को टैक्स में छूट के लिए भारत में कम से कम 497 मिलियन डॉलर (4,150 करोड़ रुपए) का निवेश करना होगा और किसी लोकल फैक्ट्री/मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी से 3 साल के भीतर का प्रोडक्शन शुरू कर देना होगा। 2022 में टेस्ला ने भारत आने की इच्छा जताई थी, लेकिन तब कंपनी और सरकार के बीच बात नहीं बन पाई थी। टेस्ला ने सरकार से पूरी तरह से असेंबल गाड़ियों पर लगने वाली इंपोर्ट ड्यूटी को 100% से घटाकर 40% करने की मांग की थी।

कमजोर शुरुआत के बाद खरीदारी लौटी, सेंसेक्स सपाट बंद हुआ

नई दिल्ली। सेंसेक्स 53.07 (-0.06त्न) अंकों की गिरावट के साथ 79,996.60 पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 21.70 (0.09%) अंकों की बढ़त के साथ 24,323.85 के स्तर पर हरे निशान पर बंद होने में सफल रहा। इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में 3% तक का उछाल दिखा। घरेलू शेयर बाजार में हफ्ते के आखिरी करोबारी दिन सपाट क्लोजिंग हुई। हालांकि शुरुआती कारोबार में 500 अंकों की कमजोरी के बाद आखिरी सत्र में बाजार में खरीदारी लौटी। आखिरकार सेंसेक्स 53.07 (-0.06%) अंकों की गिरावट के साथ 79,996.60 पर बंद हुआ। दूसरी ओर, निफ्टी 21.70 (0.09%) अंकों की बढ़त के साथ 24,323.85 के स्तर पर हरे निशान पर बंद होने में सफल रहा।

इस दौरान रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयरों में 3% तक का उछाल दिखा। स्टेक बैंक ऑफ इंडिया के शेयरों में भी मजबूती दिखी। इससे भारतीय बेंचमार्क इंडेक्स दिन के निचले स्तरों से रिकवर होकर सपाट बंद होने में सफल रहे। हालांकि एचडीएफसी बैंक के शेयरों में कमजोरी ने बाजार की चाल को सुस्त किया। कमजोर कारोबार के बावजूद बीएसई पर लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैप शुक्रवार को बढ़कर 450 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया।

सेंसेक्स के समूह में शामिल शेयरों में से भारतीय स्टेट बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एनटीपीसी, लार्सन एंड टुब्रो, नेस्ले इंडिया, पावर ग्रिड, आईटीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील और सन फार्मास्यूटिकल्स के शेयरों में तेजी दर्ज की गई। दूसरी तरफ एचडीएफसी बैंक, टाइटन, महिंद्रा एंड महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा मोटर्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और एशियन पेंट्स के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, घरेलू बाजार में मिले-जुले रुझान के साथ कारोबार हुआ।

ओला कैब्स में गूगल मैप्स का इस्तेमाल बंद, कंपनी खुद के बनाए ओला मैप्स

नई दिल्ली। ऑनलाइन कैब सर्विसेज प्रोवाइड करने वाली कंपनी ओला कैब्स ने अब अपने बिजनेस में गूगल मैप्स का इस्तेमाल पूरी तरह से बंद कर दिया है। कंपनी अब गूगल मैप्स की जगह अपने खुद के बनाए ओला मैप्स का यूज करेगी। ओला कैब्स के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर भाविश अग्रवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर पोस्ट शेयर कर इस बात की जानकारी दी है। भाविश अग्रवाल ने कहा, पिछले महीने से एग्जिट होने के बाद, अब हम गूगल मैप्स से भी पूरी तरह से एग्जिट हो चुके हैं। हम गूगल मैप्स पर सालाना ?100 करोड़ खर्च करते थे, लेकिन हमने इस महीने अपने इन-हाउस ओला मैप्स पर पूरी तरह से शिफ्ट होकर उस खर्च को 0 कर लिया है।

नौकरी छूटने जैसे हालात की पहले से तैयारी जरूरी, सैलरी का 20% हिस्सा निवेश करें

दिल्ली। इस साल जनवरी से जून के बीच दुनियाभर में 344 कंपनियों ने 99,670 कर्मचारियों की छंटनी की है। इनमें भारतीय कंपनियां भी शामिल हैं। अचानक नौकरी छूटना मानसिक और आर्थिक परेशानियों की वजह बनती है। लेकिन अगर पहले से फाइनेंशियल प्लानिंग की जाए तो नौकरी जाने और दूसरी नौकरी मिलने के वक्त के बीच आप चुनौतियों को कम कर सकते हैं। परिवार को भी तनाव से दूर रख सकते हैं। नौकरीपेशा लोगों को हमेशा एक इमरजेंसी फंड रखना चाहिए। इसके लिए वेतन में से हर महीने एक निश्चित रकम सेविंग्स अकाउंट में जमा करें। 6-12 महीने के खर्च के बराबर रकम जमा हो जाने पर उसे लिक्विड फंड या बैंक एफडी में डाल सकते हैं। इसका इस्तेमाल सिर्फ आपात स्थिति में ही करें। नौकरी जाने पर कंपनी का हेल्थ इंश्योरेंस बंद हो जाता है, लेकिन मेडिकल इमरजेंसी कभी भी आ सकती है। ऐसी स्थिति आपके संकट को और बढ़ा सकती है। आपकी बचत को निगल सकती है। इसलिए पर्सनल फैमिली फ्लोटर हेल्थ इंश्योरेंस पॉलिसी होनी चाहिए। निवेश पोर्टफोलियो में विविधता बनाए रखें। इसमें इक्विटी, गोल्ड, बॉन्ड, रियल एस्टेट जैसी अलग-अलग एसेट जोड़ें। इससे किसी एक एसेट क्लास में गिरावट आने पर दूसरी में तेजी का लाभ मिलेगा। बाजार गिरने पर अमूमन सोने की कीमत बढ़ती है। जरूरत पर डेट या गोल्ड में निवेश रिडीम कर सकते हैं।गोल्डन रूल है कि सैलरी मिलते ही बचत या निवेश की रकम सबसे पहले अलग निकालें। फिर बची हुई रकम खर्च करें। पहले खर्च करना और बचे हुए पैसे निवेश करने की रणनीति अच्छी नहीं है। सैलरी के 20त्न

कैश के लिए रोक सकते हैं एसआईपी

नौकरी जाने से नियमित आय बंद होने पर सबसे पहले एसआईपी निवेश रोकें। एसआईपी के जरिये जमा हुई रकम को किसी फिक्स्ड इनकम प्लान में निवेश करें। लंबे समय तक नौकरी मिलना निश्चित न हो तो आप अपने पोर्टफोलियो के इक्विटी कम्पोनेंट को धीरे-धीरे सुरक्षित निवेश में तब्दील कर सकते हैं।

गैर-जरूरी खर्चों की लिस्ट बनाएं

जरूरी खर्चों की लिस्ट बनाएं। इसमें घर का किराया, ईएमआई, स्कूल फीस, बिजली, पानी, किराने का सामान शामिल हैं। सिर्फ इन्हीं पर खर्च करें। गैर-जरूरी खर्चों की लिस्ट तैयार करें।

खेल, मनोरंजन

एशिया कप के लिए भारतीय महिला टीम का ऐलान

शबनम शकील टीम में नहीं पाकिस्तान के खिलाफ टीम खेलेगी अपना पहला मैच

दिल्ली। श्रीलंका में 19 जुलाई से होने वाले महिला एशिया कप के लिए भारत ने अपनी 15 सदस्यीय टीम में कोई बड़ा बदलाव नहीं किया है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेल रही 17 सदस्यीय टीम में से चयनकर्ताओं ने अमनजोत कौर और युवा खिलाड़ी शबनम शकील को टीम में शामिल नहीं किया है। बाकी सदस्यों को टीम में बरकरार रखा गया है। भारतीय टीम टूर्नामेंट में पाकिस्तान के खिलाफ 19 जुलाई को अपने अभियान की शुरुआत करेगी। इसके बाद 21 जुलाई को यूएई और 23 जुलाई को नेपाल से भिड़ेगी। इस ग्रुप में शीर्ष दो स्थानों पर रहने वाली टीमें सेमीफाइनल में पहुंचेंगी। भारत की बल्लेबाजी मजबूत दिख रही है, जिसमें शेफाली वर्मा और स्मृति मंधाना ओपनर पर हैं। कप्तान हरमनप्रीत कौर उनके बाद आती हैं। एशिया कप अक्टूबर में बांग्लादेश में होने वाले टी-20 वर्ल्डकप से पहले उनकी तैयारी का अच्छा प्लेटफॉर्म होगा।टी-20 वर्ल्ड कप 4 अक्टूबर से बांग्लादेश में होना है। ऐसे में टीम के पास खिलाड़ियों को परखने का मौका है। ऋचा घोष और उमा छेत्री विकेटकीपिंग के विकल्प हैं।

पूजा वस्त्रकार और दीप्ति शर्मा ऑलराउंडर के तौर पर प्लेइंग 11 को संतुलित रखने में मदद करेंगी।

भारत वर्तमान में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी-20 सीरीज की मेजबानी कर रहा है। वनडे सीरीज में 3-0 से क्लीन स्वीप करने और एकमात्र टेस्ट जीतने के बाद टी20 सीरीज में 0-1 से पीछे चल रहा है।

टीम- हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), शैफाली, दीप्ति, जेमिमा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), उमा छेत्री (विकेटकीपर), वस्त्राकर, अरुंधति रेड्डी, रेणुका ठाकुर, दयालन हेमलता, आशा सोभना , राधा यादव, श्रेयंका पाटिल, साजना सजीवन

रिजर्व- श्वेता, इशाक, तनुजा और मेघना सिंह

अवार्ड शो में शारिब से एक पल की मुलाकात और हो गई दोस्ती : अमृता

एक्ट्रेस अमृता खानविलकर अपकमिंग सस्पेंस और मिस्ट्री थ्रिलर 36 डेज को लेकर काफी उत्साहित हैं। इस सीरीज में उनके को स्टार शारिब हाशमी हैं। अमृता, शारिब की दोस्ती को अहम मानती हैं और उस पल को अनमोल मानती हैं जब दोनों मिले थे। दिलचस्प बात यह है कि दोनों का कनेक्शन 2021 से है तब जब अमृता ने शारिब को उनका पहला ओटीटी अवार्ड थमाया था। अब यह दोनों 36 डेज में रील-लाइफ जोड़ी के तौर पर दिखेंगे। सीरीज के रिलीज होने से पहले अमृता ने शारिब संग दोस्ती का किस्सा शेयर किया। उन्होंने 2021 के एक अवार्ड फंक्शन का जिक्र किया। अमृता खानविलकर ने कहा, हम पहली बार एक ओटीटी अवार्ड फंक्शन में मिले थे और एक ही पल में दोस्ती की चिंगारी भड़क उठी थी। मैंने शारिब को उनका पहला ओटीटी अवार्ड सौंपा था और वो मेरे लिए एक गर्व का पल था क्योंकि मैं जानती थी कि वो एक समर्पित और टैलेंटेड अभिनेता हैं। अमृता ने कहा, अपने काम के लिए शारिब का समर्पण सच में प्रेरणादायक है। वेब सीरीज 36 डेज में उनके साथ काम करना बेहतरीन एक्सपीरियंस रहा है। हमारे किरदार-ललिता और विनोद एक मजबूत और गहरा रिश्ता शेयर करते हैं और ऐसे संबंधों को प्ले करना सच में चैलेंजिंग (चुनौतीपूर्ण) और फुलफिलिंग था। उन्होंने आगे कहा, ऐसा अक्सर नहीं होता है कि आपको ऐसा को-स्टार मिले जो आपकी परफॉर्मेंस के स्तर को बढ़ाए, लेकिन शारिब के साथ बिल्कुल वैसे को स्टार हैं। फिलहाल मैं दर्शकों के रिएक्शन को लेकर उत्साहित हूं। देखना चाहती हूं कि वो सीरीज में हमारे बीच की केमिस्ट्री और इमोशन्स की गहराई को देख कैसे रिएक्ट करते हैं।सीरीज 36 डेज में शारिब ने विनोद शिंदे का किरदार निभाया है। वह गोवा के होटल एमराल्ड ओशन्स स्टार सुइट में जनरल मैनेजर हैं। तो अमृता ने ललिता का किरदार निभाया है, जिसका अतीत उथल-पुथल भरा है।सीरीज 36 डेज में नेहा शर्मा, पूरब कोहली, सुशांत दिवगीकर, श्रुति सेठ और चंदन रॉय सान्याल भी हैं। 36 डेज का प्रीमियर 12 जुलाई को सोनी लिव पर होगा।

20 साल बाद नीदरलैंड सेमीफाइनल में पहुंचा

खेल डेस्क। इंग्लैंड ने स्विटजरलैंड को हरा कर यूरो कप के सेमीफाइनल में पहुंचा गया है। इंग्लैंड अपने पिछले चार टूर्नामेंट में तीसरी बार टॉप-4 में पहुंचा हैं। वहीं स्विटजरलैंड का पहली बार किसी बड़े टूर्नामेंट के टॉप चार में पहुचंने का सपना पेनल्टी शूट आउट में खत्म हो गया। वहीं 2004 के बाद नीदरलैंड सेमीफाइनल में पहुंचा। जर्मनी के डसेलडोर्फ में इंग्लैंड और स्विटरजलैंड के बीच खेला गया तीसरा क्वार्टर फाइनल निर्धारित समय तक 1-1 से ड्रॉ रहा। जिसके बाद विजेता का फैसला पेनल्टी शूटआउट में हुआ। इंग्लैंड ने पेनल्टी शूटआउट में स्विटजरलैंड को 5-3 से हरा दिया। पहले हाफ तक दोनों टीमों से कोई गोल नहीं हुआ। वहीं आखिरी 15 मिनट में दोनों टीमों की ओर से 1-1 गोल हुआ। स्विटजरलैंड के ब्रील एम्बोलो ने 75वें मिनट में गोल कर टीम को 1-0 से बढ़त दिला दी। ऐसा लगा कि स्विटजरलैंड पहली बार टूर्नामेंट के सेमीफाइनल का सफर तय लगा। लेकिन स्विटजरलैंड के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदों को 5 मिनट बाद ही इंग्लैंड के बुकायो साका ने धूमिल कर दिया। उन्होंने गोल कर टीम को 1-1 की बराबरी पर ला दिया। वहीं अतिरिक्त समय में भी दोनों टीमो की ओर से गोल नहीं हो सका। जिसके बाद मैच का फैसला पेनल्ट शूटआउट में हुआ। जिसे इंग्लैंड ने 5-3 से जीत लिया। इंग्लैंड की ओर से कोल पामर, जूड बेलिंगहैम, साका, इवान टोनी और सब्सटीट्यूट के तौर पर आए ट्रेंट अलेक्जेंडर ने गोल किया। वहीं यूरो कप के खेले गए आखिरी क्वार्टर फाइनल मैच में नीदरलैंड ने तुर्की को 2-1 से हरा कर सेमीफाइनल में अपना स्थान पक्का किया। नीदरलैंड ने 7 मिनट के अंदर 2 गोल कर मैच को अपने पक्ष में कर लिया।

पंजाब पहुंचने पर अर्शदीप का हुआ जोरदार स्वागत

दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के बॉलर अर्शदीप चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर पहुंच गए हैं। जहां से वह मोहाली के कस्बा खरड़ स्थित अपने घर पर जा रहे हैं। इसके लिए उनके घर पर स्वागत की पूरी तैयारी पहले ही कर ली गई थी। चंडीगढ़ एयरपोर्ट पहुंचते ही समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया। पंजाब की कैबिनेट मंत्री अनमोल गगन मान की तरफ से एयरपोर्ट पर अर्शदीप सिंह का स्वागत किया गया है। यहां से उनके घर खरड़ तक विजयी मार्च निकला गया है। घर को भी फूल मालाओं के साथ सजाया गया है। घर पर सोसायटी के लोग ढोल नगाडों के साथ उनके स्वागत कर रहे है। अर्शदीप सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी से मिलकर बहुत अच्छा लगा। आप लोग यहां मेरे स्वागत में आए हैं। आप सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद। आगे मैंने अपने

परिवार के साथ कुछ समय व्यतीत करना है। और घर पर अपने मां के हाथ की रोटी खानी है। अर्शदीप सिंह की मां बलजीत कौर ने कहा कि जब इंडियन टीम ने विश्व कप जीता था, तो मैं वहां मौके पर बैठी हुई थी और मेरी आंखों से खुशी के आंसू निकल पड़े थे। क्योंकि मेरा बेटा अर्शदीप भी उस टीम में खेल रहा था। वहीं उनके पिता दर्शन सिंह ने कहा की मुझे भारतीय टीम के वर्ल्ड कप जीतने पर दुगनी खुशी हो रही है।

कल्कि 2898 एडी 9 दिनों में वर्ल्डवाइड 800 करोड़ कमाई

नाग अश्विन निर्देशित लेटेस्ट रिलीज फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' ने धमाल मचाया हुआ है. इस फिल्म का क्रेज पूरी दुनिया में छाय हुआ है और इसी के साथ ये फिल्म देश और विदेशी बॉक्स ऑफिस पर राज कर रही है. फिल्म ने रिलीज के महज 9 दिनों में ताबड़तोड़ कमाई हर हैरान कर दिया है. चलिए यहां जानते हैं 'कल्कि 2898 एडी' ने रिलीज के 9 दिनों में वर्ल्डवाइड कितना कलेक्शन कर लिया है?साइंस-फाई फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' के वीएफएक्स से लेकर दमदार कलाकारों की टोली और इसकी कहानी दर्शकों को काफी पसंद आई है. इसी के साथ फिल्म को देखने के लिए हर दिन सिनेमाघर भी ऑडियंस से खचाखच भरे हुए नजर आ रहे हैं. ऐसे में 'कल्कि 2898 एडी' पर नोटों की बारिश हो रही है. फिल्म ने रिलीज के 9 दिनों में वर्ल्डवाइड भी शानदार कलेक्शन कर लिया है.

इंस्टाग्राम पर फिल्म के प्रोडक्शन हाउस वैजयंती मूवीज ने 'कल्कि 2898 एडी' के दुनियाभर में हुई अब तक की कमाई के आंकडे शेयर किए हैं. फिल्म से प्रभास का पोस्टर शेयर करते हुए लिखा गया है, दुनिया भर में 800 करोड़ ग्लोबल बॉक्स ऑफिस. वहींकैप्शन में लिखा है, बॉक्स ऑफिस पर फायर एपिक ब्लॉकबस्टर कल्कि सिनेमाघरों में.'कल्कि' ने घेरलू बॉक्स ऑफिस पर भी गदर मचाया हुआ है, ये फिल्म हर रोज कई करोड़ कलेक्शन कर रही है और कई फिल्मों के रिकॉर्ड भी ब्रेक कर रही हैं. इस फिल्म ने 9 दिनों में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक 431.5 करोड़ की कमाई कर ली है।

न्यूज गैलरी

हॉस्पिटल से युवक लापता, तलाश जारी

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा जिले का एक युवक रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल रायपुर पचपेड़ी नाका से बिना बताए कहीं लापता हो गया है। पिता ने उसके गुम होने की सूचना दर्ज करा दी है। लापता हुए युवक रिदीप गांगुली के पिता सुदीप गांगुली निवासी एमआईजी/99 आरपी नगर फेस/2 कोरबा, थाना सिविल लाइन ने बताया कि बेटे को इलाज के लिए रूटीन चेकअप के लिए रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल 5 जुलाई को लेकर गए हुए थे। रिदीप को न्यूरो संबंधित कोई तकलीफ थी जिसका इलाज में वह ठीक हो गया है लेकिन रुटीन चेकअप के लिए रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल गए थे। यहां से दोपहर लगभग 1 बजे रिदीप बिना किसी को कुछ बताए कहीं चला गया। जब अस्पताल के सीसीटीवी कैमरे को देखा गया तो वह कंधे पर बैग लटकाए जाता हुआ नजर आ रहा है। सुदीप ने अपने स्तर पर तलाश करने के बाद रिदीप के गुम होने की सूचना संबंधित थाने में दर्ज करा दी है। पुलिस द्वारा गुमशुदगी का प्रकरण कायम कर रिदीप की तलाश की जा रही है। उसके परिजन अभी रायपुर में ही मौजूद हैं।

शराब दुकान में चोरी , 2 गिरफ्तार

कोरबा/ नवप्रदेश। सर्वमंगला क्षेत्र शराब दुकान में चोरी के प्रकरणों में आरोपियों को गिरफ्तार कर पुलिस ने न्यायालय में पेश किया गया। कार्यवाही करने के संबंध में प्रार्थिया श्रीमती दीपमाला नागदेव पति आकाश लक्षवानी, साकिन आबकारी उप निरीक्षक जिला कोरबा ने 4 जुलाई की रात्रि में अज्ञात चोरों ने बरमपुर देशी मदिरा दुकान के पीछे दिवार को सेंध कर अंदर घुसे और 96 नग देशी प्लेन शराब एवं 96 नग मशाला शराब एवं चिल्हर रूपये को चोरी कर ली गई थी। शिकायत पर पुलिस सहायता केन्द्र सर्वमंगला में धारा 331(4), 305 बीएनएस पंजीबद्ध कर अज्ञात आरोपियों की पतासाजी कर अज्ञात आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों के कब्जे से एक लोहे का सब्बल एवं बोरी में रखे 28 पाव प्लेन शराब व 20 पाव मशाला शराब कीमती 4700 रुपये बरामद किया गया। 5 जुलाई को गिरफ्तारी कार्यवाही कर आरोपियों को पुलिस ने न्यायालय कटघोरा में न्यायिक रिमाण्ड में पेश किया गया।

JOB जॉब

छत्तीसगढ़ में 5वीं पास के लिए सरकारी नौकरी

2215 पदों पर निकली नगर सेना की भर्ती, 10 अगस्त तक भरे जाएंगे फॉर्म

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में स्वंयसेवी नगर सैनिकों (होमगाड्र्स) के लिए 5 साल बाद वैकेंसी निकली है। इसके अनुसर कुल 2215 पदों पर नगर सैनिकों की भर्ती होगी। इनमें से 1715 पोस्ट सिर्फ महिला नगर सैनिकों के लिए हैं। भर्ती के लिए आवेदन की प्रक्रिया 10 जुलाई से शुरू होगी। इसे लेकर नगर सेना, अग्निशमन और आपातकालीन सेवाएं की ओर से निर्देश जारी किए गए हैं। होमगाड्र्स की भर्ती के लिए लिखित परीक्षा के अलावा फिजिकल टेस्ट भी होगा। इसी तरह अलग-अलग कैटेगरी में बोनस अंक का भी प्रावधान है।

महिलाओं के लिए 30 फीसदी आरक्षण होगा

जानकारी के मुताबिक 500 होमगाड्र्स के पद जनरल ड्यूटी के लिए है। इसमें महिलाओं का 30 फीसदी आरक्षण होगा। यह भर्ती 14 जिले जैसे, रायपुर, दुर्ग, बेमेतरा, बालोद, राजनांदगांव, कबीरधाम, बिलासपुर, मुंगेली, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, रायगढ़, कोरबा, जांजगीर, अंबिकापुर और कोरिया है।

महिला नगर सैनिकों की 28 जिलों में भर्तियां

वहीं दूसरी ओर 1715 महिला नगर सैनिक के पद छात्राओं के आवासीय संस्थाओं के लिए हैं। यह प्रदेश के 28 जिलों के लिए है। सीधी भर्ती के लिए उम्मीदवारों को संबंधित जिले का निवासी होना जरूरी है। इसी तरह प्रदेश के किसी भी जिला के रोजगार कार्यालय में जीवित पंजीयन होना भी अनिवार्य है।

चयन के लिए शारीरिक दक्षता और लिखित परीक्षा होगी

होमगाड्र्स भर्ती में चयन के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा और लिखित परीक्षा होगी। दोनों परीक्षाएं 100-100 नंबर के लिए होगी। 20 बोनस अंक अलग-अलग कैटेगरी के लिए है। इस तरह से 220 अंकों के आधार पर मेरिट लिस्ट बनेगी। बोनस अंक के तहत 5 अंक एनसीसी सी सर्टिफिकेट के लिए, 5 अंक खेलकूद।

नाविक, तैराक व गोताखोर के लिए 10 अंक निर्धारित है। ड्राइविंग लाइसेंस हैवी व्हीकल, हिंदी टाइपिंग के अलावा अन्य के लिए 5-5 बोनस अंक निर्धारित है। शारीरिक दक्षता परीक्षा में दौड़, ऊंचीकूद व लंबीकूद शामिल है।

इस परीक्षा में सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों को 50 प्रतिशत नंबर प्राप्त करना होगा, जबकि ओबीसी, एससी, एसटी समेत अन्य के लिए न्यूनतम 40 प्रतिशत है। इसके आधार पर अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा के लिए होगा।

आवेदन के लिए यह जरूरी

उम्मीदवार की आयु 19 वर्ष से कम और 40 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। उम्र की गणना 1 जुलाई 2024 के अनुसार होगी। नक्सल पीड़ित परिवार के लिए अधिकतम आयु सीमा 45 वर्ष है। सामान्य, ओबीसी तथा अनुसूचित जाति के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10वीं पास है। अनुसूचित जनजाति के लिए 8वीं पास है।

युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष सहित 2 अरेस्ट, अब तक 155 गिरफ्तार

रायपुर/ बलौदाबाजार। बलौदा - बाजार हिंसा मामले में युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष शैलेंद्र बंजारे और प्रवीण महिलांगे को गिरफ्तार किया गया है। इसके साथ ही अब तक 155 आरोपियों को गिरफ्तारी हो चुकी है। इससे पहले ह्स्द्ध विधानसभा अध्यक्ष को भी गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने बताया कि शैलेंद्र बंजारे को रायपुर के पास से पकड़ा गया। सीसीटीवी फुटेज में हिंसा के दौरान युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष की मौजूदगी पाई गई थी। वहीं आरोपी प्रवीण महिलांगे संयुक्त कार्यालय परिसर में तोडफ़ोड़ कर कार में रखे लैपटॉप, मोबाइल और हार्ड डिस्क लेकर फरार हो गया था। पुलिस ने घटना का वीडियो फुटेज भी जारी किया है।

लैपटॉप, मोबाइल और हार्ड डिस्क बरामद

आरोपी से चोरी का लैपटॉप, मोबाइल और हार्ड डिस्क बरामद किया गया है। घटना में शामिल बाकी आरोपियों की पहचान की जा रही है। पुलिस ने लगातार वीडियो, फोटो, सीसीटीवी

फुटेज और अन्य तकनीकी विश्लेषण के आधार पर आरोपियों की पहचान कर गिरफ्तारी कर रही है। 19 साल का प्रवीण महिलांगे बालोद जिले का रहने वाला है। वहीं 33 साल का युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष शैलेंद्र बंजारे बलौदाबाजार का रहने वाला है।

उपद्रवियों ने फायर ब्रिगेड समेत 77 वाहन फूंके

रिपोर्ट में कहा गया है कि उपद्रवियों ने 75 बाइक, 20 कार और 2 दमकल वाहन को आग के हवाले कर दिया था। लोगों ने कलेक्ट्रेट में खड़ी गाडिय़ों में तोडफ़ोड़ की। इसके बाद कुछ लोगों ने कलेक्ट्रेट में आगजनी की। इससे कई अहम दस्तावेज जलकर खाक हो गए। कलेक्टर कार्यालय के सामने स्थित ध्वजारोहण के पोल पर भी सफेद रंग का ध्वज लगा दिया था। इस दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई। इसमें पुलिसकर्मियों सहित कुछ लोग भी घायल हुए हैं। घटना की सूचना मिलने के बाद डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने हिंसा वाली रात ही मौके का जायजा लिया था। वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने उपद्रवियों की गिरफ्तारी के आदेश जारी कर दिए थे।

प्रदेश में पहली बार 1 साल में 2 बार होंगे बोर्ड एग्जाम

82 हजार छात्र होंगे शामिल, नंबर नहीं बढ़े तो पहली मार्कशीट ही होगी मान्य

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 10वीं-12वीं सीजी बोर्ड की दूसरी परीक्षा जुलाई में होगी। यह पहली बार है, जब एक साल में दो बार बोर्ड एग्जाम होंगे।

दूसरी बार बोर्ड परीक्षा के लिए प्रदेशभर से लगभग 82 हजार आवेदन मिले हैं। परीक्षा में फेल, पूरक के अलावा वे छात्र जो पास हो चुके हैं, उन्होंने भी श्रेणी सुधार के लिए आवेदन किया है। 23 जुलाई से परीक्षा शुरू होगी।

बारहवीं की परीक्षा 23 और दसवीं की 24 जुलाई से

10वीं-12वीं सीजी बोर्ड की परीक्षा 23 जुलाई से शुरू होगी। इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया समाप्त हो गई है। बारहवीं की परीक्षा 23 जुलाई से 12 अगस्त तक होगी, जबकि दसवीं की परीक्षा 24 जुलाई से 8 अगस्त तक आयोजित की जाएगी। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ बोर्ड के तहत अब हर साल दो बार बोर्ड परीक्षा होगी। फरवरी-मार्च प्रथम और जून-जुलाई में द्वितीय मुख्य परीक्षा होगी।

2 लाख तक आवेदन का था अनुमान

प्रदेश में में पहली बार दूसरी बोर्ड परीक्षा होने वाली है, ऐसे में विभाग को उम्मीद थी कि आवेदन लगभग 2 लाख के आसपास आएंगे, लेकिन इसकी तुलना में काफी कम आवेदन आए हैं। पहली परीक्षा में करीब 6 लाख छात्र थे। 10वीं-12वीं की दोनों परीक्षाओं में 75 प्रतिशत से अधिक छात्र पास हुए थे।

नहीं होंगी सप्लीमेंट्री परीक्षा

सीजी बोर्ड के तहत दसवीं-बारहवीं में अब सप्लीमेंट्री परीक्षा नहीं होगी। अब से हर साल द्वितीय मुख्य परीक्षा आयोजित की जाएगी।

अब जर्जर भवन में नहीं लगेगा स्कूल, कलेक्टरों को निर्देश

शिक्षा विभाग बोला स्कूली बच्चों की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथकिता

रायपुर/नवप्रदेश। मानसून को देखते हुए शिक्षा विभाग ने सभी कलेक्टरों को पत्र जारी कर जर्जर स्कूलों में मरम्मत कार्य करवाने के निर्देश दिए है। अपने आदेश में स्कूल शिक्षा सचिव ने जर्जर स्कूल भवन के संचालन पर भी रोक लगाने कहा है ताकि किसी भी प्रकार की आकस्मिक दुर्घटना से बचाव हो सके। साथ ही जर्जर स्कूलों के बदले सामुदायिक भवन या अन्य शासकीय भवन का उपयोग करने कहा गया है।

अफसरों को 3 दिन के भीतर निरीक्षण करने का आदेश

आदेश में कलेक्टरों को यह भी कहा गया है कि वे अपने जिले की सभी स्कूलों के भवनों का 3 दिनों के अंदर निरीक्षण करने के बाद जरुरत के अनुसार मरम्मत और सुधार कार्य करवाएं। इसके पूर्व भी आपके निर्देशन में स्कूल जतन योजना अतर्गत प्रदेश के जर्जर शाला भवनों का चिन्हांकन कर मरम्मतकाम और अतिरिक्त क्लास रूम बनाने का काम भी किया जा रहा है। इसके लिए राशि भी जारी की गई है। जारी की गई राशि का समुचित उपयोग नियमानुसार करें।

सीएम साय का स्थानीय भाषाओं में प्रारंभिक शिक्षा के महत्व पर जोर

सरकारी स्कूलों में अब हर साल ग्रीष्मकालीन शिविर होंगे आयोजित

विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए बनेगा आवासीय विद्यालय

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने राज्य स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव का शुभारंभ राजधानी रायपुर के बजाय राज्य के सुदूर सीमावर्ती जशपुर जिले के आदिवासी बहुल गांव बगिया से कर न सिर्फ वर्षों से चली आ रही परंपरा को बदला है बल्कि इसके माध्यम से उन्होंने राज्य के सुदूर कोने तक गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पहुंचाने के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई है। मुख्यमंत्री साय ने इस मौके पर बगिया और बंदरचुआ के स्कूल को मॉडल स्कूल बनाने तथा विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए एक आवासीय विद्यालय बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इस मौक पर एक पेड़ मां के नाम रोपित कर राज्यव्यापी वृक्षारोपण अभियान की शुरूआत की और लोगों से पौध रोपण के इस महायज्ञ में सहभागी बनने की भी अपील की।

राज्य स्तरीय शाला प्रवेशोत्सव कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य में बालिका शिक्षा का बढ़ावा देने का संदेश दिया और स्कूली बालिकाओं को साइकिल प्रदान करके यह सुनिश्चित किया कि बालिकाओं को स्कूल आने जाने में किसी भी तरह का व्यवधान न आए और आगे की शिक्षा हासिल कर सकें। मुख्यमंत्री ने नई शिक्षा नीति की परिकल्पना के अनुसार स्थानीय भाषाओं में प्रारंभिक शिक्षा के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने इस क्षेत्र में बोली जाने वाली सदरी बोली भाषा में भी पाठ्य पुस्तकें तैयार करने की बात कहीं। छत्तीसगढ़ राज्य में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन में अब तक 18 स्थानीय भाषाओं-बोलियों में स्कूली बच्चों पुस्तकें तैयार की गई है।

रोबोटिक्स मॉडल विकसित करने वाले छात्र से बातचीत की

मुख्यमंत्री साय ने जशपुर सरकारी स्कूल की अटल टिंकरिंग लैब्स में से एक में रोबोटिक्स मॉडल विकसित करने वाले छात्र से बातचीत की। उन्होंने इस सुदूरवर्ती जिले में किये गये व्यावसायिक शिक्षा कार्य की सराहना की। उन्होंने कहा कि भावी पीढ़ी के लिए कौशल और व्यावसायिक शिक्षा जरूरी है। इस मौके पर वह स्वयं छात्रों के साथ मिट्टी के बर्तन बनाकर यह संदेश भी दिया कि बच्चों को स्कूली शिक्षा के साथ-साथ व्यावसायिक शिक्षा भी दी जानी चाहिए।

बिजली की कटौती और बिजली के दाम में बढ़ोत्तरी जनता पर अत्याचार : बैज

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा सरकार पूरे समय बिजली नही दे पा रही है ऊपर से सरकार ने बिजली के दामों में ८ प्रतिशत की बढ़ोत्तरी किया है। यह जनता पर अत्याचार है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि बिजली दर में ८ प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी को राज्य सरकार को वापस लेना चाहिए। प्रदेश की जनता महंगाई से पीड़ित है इस दशा में बिजली के दर में बढ़ोतरी करना महंगाई से जख्मी जनता के जख्मों पर नमक छिड़कना है। सरकार ने भले ही कहती है कि बिजली के दाम में ८ प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है, हकीकत में पिछले दो माह से बिजली के बिल दुगुने आ रहे है। आम आदमी बिजली के दाम बढ़ने से परेशान है।

स्मार्ट मीटर लगा कर उपभोक्ता को लूटने कि तैयारी भाजपा सरकार कर रही है कांग्रेस इसका विरोध करती है। कांग्रेस की सरकार ने ५ वर्षो तक विपरीत परिस्थितियों में भी बिजली उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए बिजली बिल हाफ योजना शुरू किया था जिसका लाभ प्रदेश के ४४ लाख घरेलू उपभोक्ताओं को मिलता था जिसे ५ साल में प्रत्येक उपभोक्ता का ४० से ५० हजार रु. तक की बचत हुई है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि पिछले ६ माह में विद्युत सरप्लस वाला छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत कटौती का केंद्र बन गया है। कोई ऐसा दिन नहीं होता जब बिजली दो-चार घंटे के लिये बंद न हो, रात में तो बिजली की स्थिति तो और भयावह हो जाती है, घंटो बिजली गोल हो जाती है। भाजपा से न सरकार संभल पा रहा और न ही व्यवस्थायें। सरकार एक तो पूरे समय बिजली नहीं दे पा रही, ऊपर से उपभोक्ताओं पर महंगी बिजली का बोझ डाल रही है। प्रदेश के अनेक जिलों में तो पूरी रात बिजली कटौती हो रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि भाजपा सरकार में आम जनता को मांग के अनुसार बिजली नहीं मिल रहा है। बिजली कटौती और लो वोल्टेज की समस्या से शहर और गांव की जनता जूझ रहे हैं। कांग्रेस की सरकार के दौरान २४ घंटा बिजली की आपूर्ति होती थी। गर्मी के दिनों में मांग बढ़ने पर दूसरे राज्यों से भी बिजली की खरीदी किया जाता था और आम जनता को २४ घंटा बिजली की आपूर्ति की जाती थी। रवि फसल लगाने वाले किसानों को भी बोरवेल चलाने के लिए बिजली निःशुल्क मिलता था। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि कांग्रेस की सरकार के दौरान बिजली आपूर्ति निर्बाध गति से चले इसके लिए ट्रांसफार्मर के पावर बढ़ाए गए थे, नए ट्रांसफार्मर लगाए गए थे। ट्रांसमिशनों को अपग्रेड किया गया।

डॉ. पंकज द्विवेदी ने सीएम साय को भेंट की स्वरचित किताब 'द पॉसिबिलिटी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से आज यहां उनके निवास कार्यालय में रायपुर के होराइजन हॉस्पिटल के संचालक डॉ. पंकज द्विवेदी ने सौजन्य मुलाकात की। मुख्यमंत्री को डॉ. पंकज द्विवेदी ने अपनी स्वरचित किताब 'द पॉसिबिलिटी की प्रति भेंट की।

इस पुस्तक की विशेषताओं से मुख्यमंत्री को अवगत कराया। डॉ. पंकज ने बताया कि 'द पॉसिबिलिटी का मुख्य उद्देश्य आत्मविश्वास के माध्यम से नई ऊंचाइयों को छूने और जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने पर केंद्रित है। यह किताब व्यक्तिगत विकास और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के विभिन्न पहलुओं पर रोशनी डालती है। मुख्यमंत्री साय ने डॉक्टर पंकज द्विवेदी को उनकी किताब के लिए हार्दिक

बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि यह सकारात्मकता से भरी किताब निश्चित रूप से पढऩे योग्य है और विशेष रूप से युवाओं के लिए प्रेरणादायक साबित होगी। इस अवसर पर डॉ. क्षितिज द्विवेदी, योगेश मिश्रा और हेमंत शर्मा भी उपस्थित थे।

जिले में राजस्व पखवाड़ा शुरू

राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए गांवों में लगे शिविर

रायगढ़/नवप्रदेश। जन सामान्य के राजस्व से संबंधित प्रकरणों का त्वरित निराकरण के लिए जिले के ग्रामों में 6 से 20 जुलाई तक राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है।

कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने जिले के सभी राजस्व अधिकारियों को राजस्व पखवाड़ा में प्राप्त प्रकरणों के नियमानुसार तत्काल निराकरण के निर्देश दिए है, साथ ही जनसामान्य को आयोजित राजस्व पखवाड़ा का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के मंशानुरूप एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के निर्देशानुसार राजस्व पखवाड़ा के तहत जिले के ग्राम कया, जबगा, कटाईपाली, हमीरपुर, कुर्रा, परसदा, जामपाली, अडबहाल में राजस्व पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पटवारी, लोक सेवा केन्द्र के ऑपरेटर उपस्थित रहे। आयोजित राजस्व शिविर के माध्यम से बी-1, खसरा के नकल एवं किसान किताबों के आवेदनों का यथासंभव शिविर स्थल पर ही निराकरण किया गया।

अर्पण दिव्यांग स्कूल में मना शाला प्रवेशोत्सव

ये बच्चे भगवान के रूप हैंः अंबा

रायपुर/नवप्रदेश। अर्पण दिव्यांग पब्लिक स्कूल बजाज कालोनी, सेक्टर १, राजेन्द्र नगर में शाला प्रवेशोत्सव धूमधाम से मनाया गया। अर्पण कल्याण समिति द्वारा संचालित स्कूल में नवप्रवेशित तथा पुराने विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया। ज्ञात हो कि इस स्कूल में मूक बधिर बच्चों को साइन लेंग्वेज में शिक्षा दी जाती है।

यहां बच्चों से किसी प्रकार शुल्क नहीं लिया जाता है। हॉस्टल की भी व्यवस्था है। बच्चों को भोजन, गणेवश, पुस्तक-किताब आदि मुफ्त में दिए जाते हैं। शाला प्रवेशोत्सव पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. अम्बा सेठी ने बच्चों से कहा कि दिव्यांगता को शारीरिक कमी मानकर सोचने की जरूरत नहीं है। ईश्वर ने जो अच्छी चीज दी है उस ओर ध्यान दिया जाए। डॉ. सेठी ने कहा कि रोज सुबह उठकर अपने आप को धन्यवाद दें। साथ ही वादा करें कि वे अच्छा इंसान बनेंगे।

कार्यक्रम के अतिथि टपरी द चकाफे के संचालक इरफान अहमद ने बच्चों को बेहतर इंसान बनने की प्रेरणा दी। अतिथि कुलविंदर कौर भाटिया लॉयन एमजेएफ ने योग शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि इन बच्चों का हौसला बढ़ाया जाना चाहिए। ये बच्चे दया के मोहताज नहीं है। इनकी सेवा ही प्रभु की सच्ची सेवा है। अतिथि मधु अरोड़ा अध्यक्ष महिला विंग छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कामर्स ने कहा चेम्बर हमेशा इस संस्थान व बच्चों के साथ खड़ा है जो भी जरूरत है उसे चेम्बर महिला विंग पूरा करेगी।

3 महीने में 200 यात्री ट्रेनें रद्द पर एक भी मालगाड़ी के नहीं थमे पहिए

पिछले वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही में 40 मिलियन टन दुलाई

रायपुर/नवप्रदेश। बीते तीन महीने में 200 से अधिक ट्रेनों को रेलवे ने रद्द किया, ताकि पटरियों का कार्य किया जा सके, लेकिन इस बीच मालगाडिय़ों का परिचालन रेलवे ने नहीं रोका।

रेलवे के विकास कार्यों से रद्द हो रही ट्रेनों का फायदा मालगाडिय़ों को काफी हो रहा है। बीते तीन महीने में 200 से अधिक ट्रेनों को रेलवे ने रद्द किया, ताकि पटरियों का कार्य किया जा सके, लेकिन इस बीच मालगाडिय़ों का परिचालन रेलवे ने नहीं रोका। लगातार ट्रेनों के रद्द से जोन के लाखों यात्रियों को दिक्कत हुई। दूसरी ओर इस बीच रेलवे ने मालगाडिय़ों का परिचालन बढ़ाकर नई उपलब्धि हासिल कर ली है।

इस वित्तीय वर्ष के प्रथम 3 माह बिलासपुर मंडल में 30 जून तक 47 मिलियन टन माल ढुलाई किया है। पिछले साल वित्तीय वर्ष के प्रथम तिमाही में 40 मिलियन टन हुआ था। ट्रेनों के रद्द होने के बाद भी मालगाडिय़ों का परिचालन जारी रहा। जानकारी मुताबिक ट्रैक खाली होने से रेलवे ने मालगाडिय़ों की संख्या और बढ़ा दी, ताकि अधिक से अधिक कोयला का ढुलाई हो। जोन में ट्रेन रद्द के दौरान जमकर माल की ढुलाई है।

मालगाडिय़ों की जारी नहीं होती सूचना

रेलवे का कहना है कि, देशभर में पटरियों को अपग्रेड करने का काम तेजी से चल रहा है। इस वजह से रायपुर से गुजरने वाली ट्रेनों को हर महीने रद्द करना पड़ रहा है। जिस रूट पर यात्री ट्रेनों को रद्द किया जाता है उस मार्ग पर मालगाडिय़ों का परिचालन रद्द नहीं किया जाता। रेलवे के अनुसार ट्रेनों की तरह मालगाडिय़ों के रद्द होने की सूचना जारी नहीं की जाती। पटरियों में दोपहर के वक्त काम होता है। उस समय केवल मालगाड़ी नहीं चलाई जाती, लेकिन सुबह और रात के समय पटरियों को मालगाड़ी का परिचालन जारी रहता है। इस वजह से मालगाड़ी को रद्द नहीं किया जाता।

हर दिन गुजर रही 40 से अधिक मालगाड़ी

ट्रेनों के रद्द होने से अब पटरियों में मालगाड़ी की संख्या बढ़ती जा रही है। पटरियों के काम से मालगाड़ी के परिचालन में कोई असर होता नजर नहीं आ रहा है। वर्तमान में 40 से अधिक मालगाड़ी सुबह से रात के समय रायपुर से गुजर रही है, जो ट्रेनों के रद्द होने से पहले 30 बताई जा रही। जिस रूट पर पटरियों का काम चल रहा है, रेलवे उस जगह के लिए मालगाडिय़ों का परिचालन परिवर्तित मार्ग से कर रहा है। रेलवे माल गाडिय़ों को रद्द करने से बच रहा है। रेलवे का कहना है कि ट्रेनों के रद्द होने से मालगाड़ी का परिचालन प्रभावित हो जाता है, लेकिन हकीकत में मालगाड़ी बेधड़क पटरियों में दौड़ रही है। यह स्थिति पूरे जोन में है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर प्रथम तल, अग्रदूत बिल्डिंग, रजबंधा मैदान, रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-3526755, 6262188999, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021